सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 23 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 169, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 291 अंकों की उछाल

अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद के बीच सेंसेक्स 291 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 90 अंक की बढ़त दर्ज की गई। } 10

राष्ट्रपति मुर्मू ने कूनो में चीता मित्रों से की बातचीत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता मित्रों से बातचीत कर दुनिया के सबसे तेज दौड़ने वाले स्थलीय जीव चीते के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। } 10

लखनऊ में लगी आग, 15 की मौत

मोदी-योगी ने जताया दुख

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी की राजधानी लखनऊ में तीन मंजिला एक व्यावसायिक भवन में आग लगने से कम से कम 12 छात्रों की मौत पर गहरा दुख जताया। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता की भी घोषणा की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई मौतों से बहुत दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल लोग जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

फोटो : समीर भटनागर

घायलों का हाल जानने केजीएमयू पहुंचे योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के अलीगंज इलाके में सोमवार को एक व्यावसायिक इमारत में आग लगने की सूचना मिलने पर अलीगढ़ का अपना दौरा बीच में ही छोड़कर राजधानी लौटे और घटनास्थल का दौरा करने के साथ-साथ अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री सोमवार शाम को लखनऊ पहुंचने के बाद अलीगंज गए और प्रभावित इमारत का मुआयना किया और बाद में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) जाकर हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने इस घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई का आश्वासन ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊके अलीगंज इलाके में सोमवार को तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत में आग लगने के कारण झुलसने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई जबकि नौ लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर दुख जाहिर करते हुए मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने का ऐलान किया। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। केजीएमयू के जनसंपर्क अधिकारी केके सिंह ने बताया ...शेष पृष्ठ 10 पर

दो सदस्यीय एसआईटी गठित, सात दिन में सौंपेगी रिपोर्ट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ अग्निकांड प्रकरण पर देर रात उच्च स्तरीय बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दो सदस्यीय विशेष जांच दल गठित किया गया। इस विशेष जांच दल में धर्मार्थ कार्य, पर्यटन/संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात तथा अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन प्रवीण कुमार को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने जांच दल को सात दिन के अंदर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि घटनास्थल के निरीक्षण, केजीएमयू में मृतकों के परिजनों से मिलने व घायलों का हालचाल जानने के बाद मुख्यमंत्री ने देर रात उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। इसमें मुख्यमंत्री ने घटना को लेकर काफी रोष जताते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल बनाया गया। इसके सदस्य 7 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

फायरकर्मी ने पेट शॉप से बिल्ली को सुरक्षित बचाया

संक्षेप

दो आरोपी गिरफ्तार चार अधिकारी सस्पेंड

लखनऊ। अलीगंज के कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड के बाद प्रशासन ने देर रात त्वरित कार्यवाई करते हुए दो आरोपियों वीरेन्द्र शुक्ला व तुशांक कृष्ण जयसवाल को गिरफ्तार कर लिया है जबकि तीसरे आरोपी रामकृष्ण उपाध्याय को पुलिस कस्टडी में लिया गया है। इसके अतिरिक्त अनिल कुमार लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता प्रमोद पांडे, अवर अभियंता, एक्सीएन कलेक्शन गौरव कुमार व केके सिंह एफएसएसओ को सस्पेंड कर दिया गया है।

अपनों को खोने वालों की चीखों से छलकीं सबकी आंखें

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के अलीगंज इलाके में सोमवार को एक व्यावसायिक इमारत में हुए भीषण अग्निकांड के दौरान फंसे लोगों के रोते-बिलखते परिजन के क्रंजन और बेबसी देखकर हर कोई मर्माहत हो उठा।

मौके पर चीखते-पुकारते लोगों को बचा ना पाने और उन्हें मरता देखने की लोगों की बेबसी देखकर हर कोई गमगीन हो गया। घटनास्थल पर दिल दहला देने वाले नजारे दिखे। कई महिलाएं अपने बच्चों से मदद की गुहार

वाली फोन कॉल मिलने के बाद मौके पर पहुंचीं और पुलिसकर्मियों समेत हर किसी से अपने बच्चे की जान बचाने की मिन्नतें करती दिखीं। रोती-बिलखती एक महिला पुलिसकर्मियों से आग से घिरी इमारत के अंदर जाने देने की गुहार लगाते हुए कह रही थी, मुझे अपने बेटे के पास जाने दो। एक स्थानीय निवासी ...शेष पृष्ठ 10 पर

राजनाथ सिंह ने जाना घायलों का हाल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने मौके पर कोचिंग संस्थान की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी ली। साथ ही यह समझा कि आखिरकार ये अग्निकांड कैसे हुआ है? इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा रामचंद्र प्रधान, पूर्व मंत्री

महेंद्र सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह उपस्थित रहें। इससे पूर्व एक्स पर रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम :	40.06 डिसे.
न्यूनतम :	30.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- उत्सव को उपद्रव में बदलना था सपा का काम: सीएम (पृष्ठ-02)
- यूपी में बढ़े पर्यटक, होमस्टे नीति में बड़ा बदलाव (पृष्ठ-02)
- रुपया 34 पैसे टूटकर 94.67 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- आधार ऐप पांच माह में 3.1 करोड़ बार डाउनलोड (पृष्ठ-10)
- यात्रा बुकिंग के दबाव से साइबर हमलों में इजाफा (पृष्ठ-10)

विशेष खबर तकरोही की घनी बस्ती में गैस चूल्हा गोदाम में आग लगने से मासूम बच्चे समेत पांच लोगों की जिंदा जलने से हुई थी मौत

लखनऊ में हुए जानलेवा और भीषण अग्निकांड

17 मई 2025 : चारबाग के मोहन होटल में आग, 30 लोग बचे

02 मई 2022 : लाटूश रोड पर जानकी बाजार इलेक्ट्रानिक्स दुकानों व गोदाम में भीषण आग। आठ घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

01 अप्रैल 2022 : गुईन रोड पर तीन मंजिला काम्प्लेक्स में स्टेशनरी शाप व गोदाम में भीषण आग लगी थी।

12 अप्रैल 2022 : गोमतीनगर, सेवी ग्रैंड होटल में भीषण आग लगी, 100 लोग फंसे।

अग्निकांड में कर्मचारियों और आगंतुकों समेत करीब 100 लोग फंस गए थे। होटल बिना फायर एनओसी के चल रहा था।

07 मार्च 2022 : अमीनाबाद में पेंट की दुकान में भीषण आग।

24 मार्च 2021 : गड़बड़झाला बाजार में प्लास्टिक के सामान की चार दुकानें जलीं।

दो अप्रैल 2021 : ऐशबाग में अवैध आरा मशीन में अग्निकांड के दौरान मजदूर की जिंदा जलकर मौत।

23 जनवरी 2021 : आलमबाग पकरी का पुल के पास घर के बेसमेंट में बने टेंट गोदाम में आग लगने से दो मासूम बच्चों की जिंदा जलकर मौत हुई।

छह मार्च 2021 : बीकेटी में बिंदेश्वरी कोल्ड स्टोरेज में अमोनिया गैस रिसाव से दो मजदूरों की मौत और आधा दर्जन से अधिक घायल हुए।

30 अप्रैल 2019 : देर रात इंदिरानगर के तकरोही में घनी बस्ती में बने टीएन सिंह के मकान में संचालित गैस चूल्हा गोदाम में आग लगी थी। इसमें एक मासूम बच्चे समेत पांच लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई थी।

04 अप्रैल 2018 : हुसैनाबाद की फातिमा कालोनी में रिहायशी इलाके में स्थित एक गैस वेल्डिंग और लोहे की टंकी बनाने वाले कारखाने में गैस रिसाव से करीब सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अलीगढ़ का दौरा छोड़कर मौके पर पहुंचे सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्य की राजधानी के अलीगंज इलाके में सोमवार को एक इमारत में भीषण आग लगने की सूचना मिलने के बाद अपना अलीगढ़ का दौरा बीच में ही छोड़कर लखनऊ लौट आये। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के अलीगंज इलाके में तीन मंजिल की एक इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 15 छात्रों के मारे जाने की पुष्टि कर दी है। राज्य सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक आदित्यनाथ ने लखनऊ अग्निकांड की सूचना मिलने पर सोमवार शाम अपना अलीगढ़ दौरा बीच में ही निरस्त कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि उन्हें लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ही इस हादसे की जानकारी मिली, इसके तत्काल बाद मुख्यमंत्री राजधानी लखनऊ के लिए रवाना हो गये। उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में आयोजित लोकार्पण, शिलान्यास कार्यक्रम में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने जनसमूह से कहा मेरी इच्छा थी कि यहीं रहूं लेकिन अभी-अभी जानकारी मिली है कि लखनऊ में एक दुर्घटना हुई है और कुछ बच्चे अग्निकांड की चपेट में आए हैं। इसमें कुछ बच्चों की दुखद मौत हो गई है। प्रशासन राहत कार्यों में लगा है। मुझे भी इस दुखद घटना के कारण तत्काल वापस लखनऊ ...शेष पृष्ठ 10 पर

उत्सव को उपद्रव में बदलना ही सपा का काम: सीएम

हमारी नीयत साफ है, इसलिए नीति व नियंता भी मार्ग प्रशस्त करते हैं

विशेष संवाददाता (vol)

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा के एजेंडे में विकास नहीं है। समाज को बांटना, सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करना, गुंडागर्दी-माफियागिरी को प्रोत्साहित करना, गरीब कल्याण के कार्य न होने देना, विकास योजनाओं में रोड़े अटकाना और त्योहारों के पहले उत्सव को उपद्रव में बदल देना ही उसका काम रहा है। यूपी में 2017 के पहले के हालात किसी से छिपे नहीं हैं। लेकिन, जनता के आशीर्वाद से डबल इंजन सरकार आज विकास व विरासत की यात्रा को बढ़ा रही है। यूपी अब अच्छी कानून व्यवस्था तथा विकास परियोजनाओं से पहचाना जा रहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को कांच नगरी में 658 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 81 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इनमें टुंडला की 452 करोड़ और शिकोहाबाद की 206 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा नीम करोली की जन्मस्थली पर नागरिकों को विकास परियोजनाओं की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसके पीछे हमारे विधायकों की मेहनत है। शिकोहाबाद के विधायक भी हमारी तरह काम करते तो यह संख्या बढ़ सकती थी।

सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार ह्यएक जिला-एक उत्पाद, एक जिला-एक कुजीन, ह्यएक जिला-एक मेडिकल कॉलेज दे रही है, जबकि सपा एक जिला-एक माफिया देती थी। हर जिले का चिह्नित माफिया जमीन पर कब्जा, गुर्गों के जरिए व्यापारियों से वसूली कर अराजकता पैदा करता था। प्रदेश को तबाह करने वाले माफिया सीना तानकर उपद्रव करते थे, लेकिन अब यूपी माफिया, गुंडा, उपद्रव मुक्त है। नो कर्फ्यू-नो दंगा, यूपी में है सब चंगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह पार्टी रामनवमी का विरोध करती थी। कांवड़ यात्रा व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उत्सवों पर रोक लगाती थी। गरीब को आवास, आयुष्मान, एलपीजी सिलेंडर, शौचालय आदि की कोई सुविधा नहीं देती थी। बिजली भी नहीं थी, क्योंकि सपा व कांग्रेस के लोग अंधेरे में रहकर डकैती डालते थे। ये लोग गरीब को तबाह करते थे।

रक्षा उत्पादन का बड़ा केंद्र बनेगा अलीगढ़

अलीगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास की प्रक्रिया न रुकेगी, न थमेगी, बल्कि निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार इसी संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मोदी जी ने अलीगढ़ के लिए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की स्वीकृति देकर जनपद को नई दिशा दी है। अब अलीगढ़ रक्षा उत्पादन व आपूर्ति का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सीएम योगी ने राष्ट्रनायक राजा महेंद्र प्रताप सिंह तथा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

मुख्यमंत्री सोमवार को अलीगढ़ एवं कोल तथा नगर निगम की 462 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 85 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। इस दौरान सीएम योगी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीएम योगी ने इन विकास योजनाओं के लिए जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद और अलीगढ़ के लोगों को बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अलीगढ़ में विकास परियोजनाओं की समीक्षा करने, नए विकास कार्यों को स्वीकृत करने तथा वर्तमान परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। बाबा खेरेश्वर महादेव, बाबा अखिलेश्वर महादेव और आध्यात्मिक परंपरा से जुड़े सभी पौराणिक स्थलों ने अलीगढ़ को एक अलग पहचान दी है। राष्ट्रनायक राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने वर्ष 1915 में अफगानिस्तान से भारत की निर्वाचित सरकार का गठन कर आजादी का शंखनाद किया था। सीएम योगी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कल्याण सिंह (बाबूजी) का स्मरण करते हुए कहा कि एक सामान्य किसान परिवार में जन्म लेकर उन्होंने स्वतंत्र भारत में अलीगढ़ को नई पहचान दिलाने का कार्य किया। सीएम योगी ने कहा कि कोल और नगर विधानसभा क्षेत्र को विकास परियोजनाओं का बड़ा उपहार मिला है।

अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं, आरोपियों पर तत्काल करें कार्रवाई : योगी

- मथुरा से आए वृद्ध की शिकायत पर सीएम योगी ने डीएम को दिया निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हर फरियादी से एक-एक कर मुलाकात की। उनका प्रार्थना पत्र लिया और समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने सभी शिकायतों के उचित व समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

वहीं अतिक्रमण की शिकायत पर मुख्यमंत्री सख्त हुए और तत्काल इसकी जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दर्शन में मथुरा से एक वृद्ध भी शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि चकरोड पर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसकी शिकायत स्थानीय स्तर पर की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। इस पर मुख्यमंत्री ने सख्त रूख अपनाते हुए जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि वे स्वयं मौके पर जाएं और यथास्थिति देखें। अतिक्रमण होने की स्थिति में इसे तत्काल हटाएं और दोषियों पर कार्रवाई करें। सीएम ने फिर कहा कि अतिक्रमण की शिकायत कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी, प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, विकास प्राधिकरण समेत जिम्मेदार संस्थाएं नियमित रूप से इसकी मॉनिटरिंग भी करती रहें। ह्यजनता दर्शनह्न में शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता, बिजली के तार, पुलिस, राजस्व से जुड़े प्रार्थना पत्र भी आए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रार्थना पत्र लेकर पीड़ितों की बातें सुनीं, फिर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार जनता से जुड़ी हर मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है। आप सभी की समस्याओं का भी समाधान होगा। किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है, सरकार हर परिस्थिति में 25 करोड़ प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। सीएम ने भीषण गर्मी में आए फरियादियों का सबसे पहले हालचाल जाना, फिर उनकी समस्याएं पूछीं।

प्लाईवुड उद्योग के लिए नयी नीति लायेगी सरकार

- निवेशकों से संवाद में उद्योग-अनुकूल नीति और क्लस्टर विकास का आश्वासन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार प्लाईवुड और एग्रोफॉरेस्ट्री उद्योग के विकास के लिए नई नीति तैयार करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इसी दिशा में रविवार को लखनऊ स्थित इन्वेस्ट यूपी कार्यालय में देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 100 प्लाईवुड उद्योग प्रतिनिधियों और संभावित निवेशकों के साथ उच्चस्तरीय निवेश संवाद आयोजित किया गया।

बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) दीपक कुमार ने कहा कि राज्य सरकार प्लाईवुड एवं एग्रोफॉरेस्ट्री उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी और भविष्य उन्मुख पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश जल्द ही इस क्षेत्र के लिए समर्पित नीति तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। इसके लिए पड़ोसी राज्यों की नीतियों का भी अध्ययन किया जाएगा ताकि उद्योग को अधिक अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण के लिए गठित होने वाली समिति में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे उद्योग की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप निर्णय लिए जा सकें।

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरन आनंद ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे प्रतिस्पर्धी निवेश स्थलों में शामिल है। राज्य की 36 से अधिक सेक्टोरल नीतियां, पूंजीगत सब्सिडी, भूमि आधारित प्रोत्साहन और रोजगार सहायता योजनाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार शीघ्र ही भूमि बैंक से चार से पांच औद्योगिक क्लस्टरों की पहचान कर उन्हें क्लस्टर आधारित विकास के लिए आरक्षित करेगी। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने और छह माह के भीतर आवंटन सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया जाएगा।\

बैठक में प्लाईवुड फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने उद्योग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और सुझावों को रखा। उन्होंने ओडीओपी की तर्ज पर ह्लवन इंडस्ट्रियल पार्कह्व मॉडल विकसित करने तथा एग्रो आधारित उद्योगों के लिए अलग नीति बनाने का प्रस्ताव दिया। आईआईडीसी दीपक कुमार ने आश्वासन दिया कि उद्योग जगत द्वारा दिए गए सभी सुझावों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा जाएगा और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत निवेशक प्रतिनिधिमंडल 23 जून को हरदोई के संडीला क्षेत्र का दौरा कर वहां उपलब्ध भूमि, आधारभूत संरचना और औद्योगिक संभावनाओं का आकलन करेगा। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से प्रदेश में नए निवेश, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

सड़क हादसों को रोकने के लिए तय होगी वाहनों की गति सीमा

- आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों और परिवहन विभाग ने मिलकर तैयार किया उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी का ड्राफ्ट
- शहरों के अंदर और ग्रामीण इलाकों में निर्धारित होगी गति सीमा
- ड्राफ्ट में संशोधन के बाद अंतिम मंजूरी के लिए सरकार के पास भेजने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर कई अभियान चला रही है। सड़क हादसों को रोकना योगी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इसी क्रम में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञ और उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग मिलकर ह्यउत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसीह्न पर काम कर रहे हैं। इसके तहत हाईवे और एक्सप्रेसवे की तरह ही शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर भी वैज्ञानिक आधार पर गति सीमा निर्धारित करना है। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की रोकथाम कर लोगों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। पॉलिसी का फाइनल ड्राफ्ट जल्द ही प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

हाल में उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन की अध्यक्षता में स्टेट रोड सेफ्टी टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों द्वारा तैयार उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी के ड्राफ्ट पर विस्तृत चर्चा हुई। नीति का उद्देश्य वैज्ञानिक और एविडेंस-बेस्ड अप्रोच के माध्यम से सड़कों पर सुरक्षित गति सुनिश्चित करना और दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर को कम करना है। इसके तहत केवल राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों की व्यस्त सड़कों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों के आसपास के मार्गों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के लिए भी उपयुक्त गति सीमा तय की जाएगी। इससे अनियंत्रित गति पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिलेगी।

आईआईटी खड़गपुर के विशेषज्ञों और परिवहन विभाग ने इस पॉलिसी के लिए प्रदेशभर में विस्तृत अध्ययन किया है। तैयार किए गए पॉलिसी ड्राफ्ट पर चर्चा के दौरान परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, जिन्हें शामिल करते हुए संशोधन किया जाएगा। इसके बाद परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश स्पीड मैनेजमेंट पॉलिसी को प्रदेश सरकार के पास अंतिम मंजूरी के लिए भेजेगा। मंजूरी मिलने के बाद यह पॉलिसी प्रदेश के विभिन्न विभागों के सहयोग से लागू की जा सकती है।ि

वशेषज्ञों का मानना है कि सड़कों की प्रकृति और यातायात घनत्व के अनुरूप गति सीमा तय होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी। वहीं विभाग सेफ सिस्टम अप्रोच के तहत सुरक्षित सड़कें, सुरक्षित गति, सुरक्षित सड़क यात्री, सुरक्षित वाहन और पोस्ट-क्रैश केयर पर भी ध्यान दे रहा है। साथ ही सुरक्षित गति ऑडिट, प्रवर्तन व्यवस्था, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, वाहन फिटनेस निरीक्षण, जनजागरूकता अभियान के जरिए भी सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कर रहा है।

जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से हाईकोर्ट का इनकार

राम मंदिर चढ़ावा विवाद

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सोमवार को अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे को लेकर उठे हालिया विवाद की जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर क्रम से हटकर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। अवकाशकालीन पीठ के न्यायमूर्ति पंकज भाटिया और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय ने मौखिक रूप से कहा कि मामले में कोई ऐसी आपात स्थिति नहीं है, क्योंकि राज्य सरकार पहले ही इस प्रकरण का संज्ञान ले चुकी है।

यह टिप्पणी उस समय की गई जब याचिकाकर्ता मोहित अशोक ने मामले की तात्कालिकता का हवाला देते हुए अदालत के समक्ष इसका उल्लेख किया और शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। हालांकि, पीठ ने यह कहते हुए अनुरोध ठुकरा दिया कि उसके समक्ष पहले से बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं और इस याचिका को क्रम से हटकर सुनने का कोई औचित्य नहीं है। पीठ ने यह भी मौखिक रूप से कहा कि चूंकि राज्य सरकार इस मामले में पहले ही हस्तक्षेप कर चुकी है, इसलिए तत्काल सुनवाई की कोई विशेष आवश्यकता नहीं है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को खंडपीठ के समक्ष 529 नए मामले सूचीबद्ध थे। मोहित अशोक की यह जनहित याचिका ताजा मामलों की सूची में क्रम संख्या 392 पर दर्ज थी। अब यह याचिका नियमित क्रम में सुनवाई के लिए अब बुधवार को सूचीबद्ध की गई है। उस दिन यह 530 नए मामलों में क्रम संख्या 323 पर है। याचिका में राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए धन के कथित गबन की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गई है। साथ ही पूरे मामले का भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) से ऑडिट कराने का भी अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता ने मंदिर को प्राप्त दान राशि के प्रबंधन में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया है और मंदिर निधि के संचालन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय से हस्तक्षेप की मांग की है।

अखिलेश ने रवि सिंह से की भेंट

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से सोमवार को सोनभद्र के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रवि सिंह यादव ने भेंट कर आशीर्वाद लिया। अखिलेश यादव ने रवि के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यूरोप के देश रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में आयोजित 8वीं वर्ल्ड क्वान की डो चैंपियनशिप जो 20 मई से 24 मई तक हुई, ये रजत पदक जीतकर पूरे भारत, विशेष कर उत्तर प्रदेश और सोनभद्र जिले का नाम रोशन किया है। इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में 37 देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। रवि सिंह उत्तर प्रदेश के पहले क्वान की डो खिलाड़ी बने हैं, जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रवि सिंह ने इससे पूर्व भी ताइक्वांडो में थाईलैंड देश में कांस्य मेडल जीता था और नेपाल देश में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम लगातार रोशन कर चुके हैं।

एकेटीयू के छात्र नई तकनीक से बना रहे प्रोजेक्ट

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) अपने छात्रों को नई उभरती तकनीकी में दक्ष बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। छात्रों को न केवल विशेषज्ञों से मार्गदर्शन मिल रहा है बल्कि ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज में स्थापित प्रदेश की पहली इंफोसिस मेकर्स लैब एवं लैब ऑन व्हील में संबद्ध संस्थानों के बीटेक के छात्रों के लिए चार सप्ताह का विशेष इंटर्नशिप सोमवार से शुरू हो गया। इस इंटर्नशिप में भाग लेने के लिए पूरे प्रदेश से 9 हजार से ज्यादा छात्रों ने आवेदन किया था। जिसमें से मूल्यांकन के बाद 85 छात्रों को प्रशिक्षण के लिए चयनित किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन छात्रों को इंफोसिस के विशेषज्ञों ने मेकर्स लैब एवं बस में अत्याधुनिक कम्प्यूटर्स पर छात्रों को समस्या आधारित प्रोजेक्ट के बारे में बताया। छात्रों को चार सप्ताह के दौरान ऑटोनॉमस व्हीकिल, रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन, थ्री डी डिजाइन एंड डिजिटल मैनुफैक्चरिंग, अर्डिनो प्रोग्रामिंग एंड आईओटी, ऑटोनॉमस रोबोटिक्स एंड एआई प्रोग्रामिंग सहित अन्य नई तकनीकी के बारे में प्रैक्टिकल कराया जाएगा। ताकि छात्र नई तकनीकी के जरिये प्रोजेक्ट तैयार कर सकें। प्रशिक्षण ले रहे ज्यादातर छात्र अंतिम वर्ष के हैं। ऐसे में इस इंटर्नशिप का फायदा छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट में भी मिलेगा। यह इंटर्नशिप 22 जून से 18 जुलाई तक चलेगा। इंटर्नशिप का संयोजन डीन एकेडमिक्स कैस डॉ. अनुज कुमार शर्मा कर रहे हैं।

बीटेक में प्रवेश के लिए 90 हजार से अधिक ने कराया पंजीकरण

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चल रही पंजीकरण प्रक्रिया में 22 तक करीब 90 हजार से अधिक, अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। यूपीटीएसी के समन्वयक प्रो. ओपी सिंह के अनुसार अब तक 80 हजार से अधिक ने अपार आईडी वेरिफाई करा लिया है। वहीं 64 हजार ने पेमेंट किया है। पंजीकरण तिथि बढ़ने पर भी विचार चल रहा है।

यूपी में बढ़े पर्यटक, होम स्टे नीति में बड़ा बदलाव

- अब 8 कमरे तक होंगे पंजीकृत बीएंडबी और होम स्टे इकाइयों के लिए ऑटो रिन्यूअल की सुविधा शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही पर्यटन गतिविधियों और पर्यटकों की संख्या को देखते हुए योगी सरकार ने बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होम स्टे नीति-2025 में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। नई व्यवस्था के तहत होम स्टे और बीएंडबी इकाइयों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को पहले से और आसान बनाया गया है। साथ ही पंजीकृत इकाइयों को ऑनलाइन स्वतः नवीनीकरण (ऑटो रिन्यूअल) की सुविधा भी प्रदान की गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संशोधित नीति के अनुसार शहरी क्षेत्रों में संचालित होम स्टे इकाइयों में अब न्यूनतम एक और अधिकतम आठ कमरे (16 बेड) पंजीकृत कराए जा सकेंगे। पूर्व में अधिकतम 6 कमरों को ही किराये पर दिए जाने की व्यवस्था थी। यह भी साफ किया गया है कि शहरी इलाकों में होम स्टे ऐसी रिहायशी प्रॉपर्टी में चलने चाहिए जो या तो आवेदक की अपनी हो या फिर विकास प्राधिकरण से लीज पर ली गई जमीन पर बनी हो।

प्रॉपर्टी के मालिक या उनके परिवार के सदस्यों का वहीं रहना जरूरी है। बीएंडबी श्रेणी के अंतर्गत आवासीय अथवा लीज पर लिए गए भवनों में अधिकतम 8 कमरे पंजीकृत किए जा सकेंगे। ऐसी इकाइयों में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों को आवास के साथ नाश्ता और भोजन की सुविधा कराई जाएगी। इकाई में केयरटेकर का निवास अनिवार्य होगा और लीज पर लिए गए भवन की लीज न्यूनतम तीन वर्ष होनी चाहिए। 16 बेड वाली डॉरमेट्री भी इस श्रेणी में पात्र मानी जाएगी। उन्होंने बताया कि आठ कमरों से अधिक क्षमता वाले आवासीय भवनों, होटल, मोटल और गेस्ट हाउस जैसी इकाइयों को योजना के अंतर्गत पंजीकृत नहीं किया जाएगा।

यूपीएससी-पीसीएस कोचिंग के लिए अतिथि प्रवक्ता व मेंटरों के मांगे आवेदन

- अंतिम तिथि 06 जुलाई तय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगंज में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) एवं उप्र लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए अतिथि प्रवक्ता (गेस्ट फैकल्टी) एवं मेंटरों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 6 जुलाई तक आवेदन ई-मेल adarshkendra@gmail.com पर भेज सकते हैं। आवेदन अलीगंज स्थित प्रशिक्षण केंद्र कार्यालय में भी जमा कर सकते हैं।

समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर सामान्य अध्ययन के अन्तर्गत इतिहास, भूगोल, भारतीय राजव्यवस्था, भारतीय अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय संबंध, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, एथिक्स, समसामयिकी, सामान्य हिन्दी, उत्तर प्रदेश विशेष तथा सी-सैट सहित विभिन्न विषयों के अध्यापन के लिए अनुभवी विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार किया जाएगा। अतिथि प्रवक्ता पद के लिए ऐसे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास निजी कोचिंग संस्थानों में कम से कम तीन वर्ष का अध्यापन अनुभव हो तथा उन्होंने संबंधित विषय में परास्नातक उपाधि प्राप्त की हो। नेट, जेआरएफ अथवा पीएचडी कर रहे अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

इसके अलावा विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक तथा यूपीएससी या यूपीपीएससी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र होंगे। चयनित अतिथि प्रवक्ताओं को 90 मिनट के प्रत्येक व्याख्यान के लिए दो हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग ने प्रशिक्षण केन्द्र में अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए मेंटरों के चयन की भी व्यवस्था की है।

आरक्षण दिवस पर कांग्रेसी करेंगे भागीदारी न्याय सम्मेलन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एससी एवं ओबीसी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छत्रपति शाहूजी महाराज जयंती आरक्षण दिवस के अवसर पर भागीदारी न्याय सम्मेलन के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर आरक्षण दिवस 26 जून की पूर्व संध्या पर 25 जून को लखनऊ में भागीदारी न्याय महासम्मेलन के रूप में मनाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, मनोज यादव, तनुज पुनिया, शालिनी सिंह, जितेंद्र पटेल, अनूप वर्मा सहित महत्वपूर्ण नेता उपस्थित रहे। आरक्षण दिवस पर एससी और ओबीसी डिपार्टमेंट संयुक्त रूप से पदयात्रा और कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारी में जुटे ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि आज जब आरएसएस बीजेपी सत्ता पाकर जनता के हक अधिकार कुचलने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं तब शाहूजी महाराज का शासन एक प्रेरणा देने वाला है कि नागरिक को सामाजिक-आर्थिक रूप से मजबूत करना शासन का प्रथम और अंतिम उद्देश्य होना चाहिए बजाय सत्ता भोगने के। मोदी के शासन में बिना कोई उत्पाद का अविष्कार किए सिर्फ सरकार की कृपा से ही अडानी-अम्बानी प्रतिदिन हजारों करोड़ रुपये कमा रहे हैं जबकि देश के युवा आज छोटी-छोटी नौकरियों के लिए बीजेपी सरकार से उम्मीद छोड़ दिया है, सड़कों पर लाठियां खा रहा है।

\ कार्यक्रम में अनिल जयहिंद, राष्ट्रीय चेयरमैन, राजेंद्र पाल गौतम, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एससी विभाग, अविनाश पांडे , अजय राय, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी, आराधना मिश्रा मोना, नेता विधानमंडल दल कांग्रेस, वीरेंद्र चौधरी विधायक, राकेश राठौर सांसद -सीतापुर, अजय कुमार लल्लू आदि मौजूद रहेंगे।

शिक्षा सुधारों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप्र में शिक्षा सुधारों को नई पहचान दिलाने के लिए योगी सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध प्रतिष्ठित अवार्ड फॉर इनोवेशन एंड गुड प्रैक्टिसेज इन एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन के लिए प्रदेश में चयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए प्रदेश से 4 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) और 6 खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) का चयन किया जाएगा। चयन उन अधिकारियों का होगा जिन्होंने शिक्षा प्रशासन में नवाचार, सुशासन, अधिगम सुधार, प्रभावी प्रबंधन और जनभागीदारी के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य किए हैं। अपर राज्य परियोजना निदेशक प्रेम रंजन सिंह की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार सभी जनपदों से ऐसे अधिकारियों का विवरण मांगा गया है, जिनके प्रयासों से विद्यार्थियों के सीखने के स्तर, विद्यालय प्रबंधन, सामुदायिक सहभागिता तथा शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक बदलाव आया हो। यह पुरस्कार शिक्षा प्रशासन में उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के साथ-साथ नवाचार आधारित कार्यप्रणालियों को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा। चयनित अधिकारी राष्ट्रीय मंच पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे और राज्य में लागू शिक्षा सुधारों की सफलता को प्रस्तुत करेंगे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में निपुण भारत मिशन, मिशन प्रेरणा, बाल वाटिका, विद्यालय कायाकल्प, स्मार्ट कक्षाएं, डिजिटल शिक्षण संसाधन और शिक्षक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं। इन योजनाओं को सफल बनाने में जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह पहल न केवल उत्कृष्ट अधिकारियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाएगी।

जीवन मूल्यों के संरक्षण में संतों का योगदान अतुलनीय : धामी

- हरिद्वार में आयोजित धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में संस्कृति, विरासत और जनजागरण पर दिया विशेष बल

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार। हरि सेवा आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ और संत सम्मेलन के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संत परंपरा भारतीय संस्कृति की आधारशिला रही है। संतों ने सदियों से समाज को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देने के साथ-साथ नैतिकता, मानवता और राष्ट्रहित के मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक कथाएं और आध्यात्मिक आयोजन केवल श्रद्धा और आस्था के कार्यक्रम नहीं होते, बल्कि ये समाज में सकारात्मक सोच और आदर्श जीवनशैली को विकसित करने का माध्यम भी हैं। ऐसे आयोजनों से लोगों में सेवा, त्याग, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना मजबूत होती है।

उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन ज्ञान परंपरा और संत-महापुरुषों के आदर्शों से निर्मित हुई है। इतिहास के विभिन्न चरणों में संतों ने समाज को एकजुट करने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और राष्ट्रहित की चेतना को सुदृढ़ करने का कार्य किया है। उनके विचार आज भी समाज को प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देशभर में मंदिरों, तीर्थस्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं विकास के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से धार्मिक स्थलों की सुविधाओं में वृद्धि हुई है और भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं का अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जुड़ाव भी बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार देवभूमि की धार्मिक प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में तीर्थाटन को सुविधाजनक बनाने, धार्मिक स्थलों के विकास तथा सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही उत्तराखंड को आध्यात्मिक पर्यटन और सांस्कृतिक अध्ययन के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय दर्शन, इतिहास और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण एवं प्रसार के लिए शैक्षणिक संस्थानों तथा शोध गतिविधियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को देश की गौरवशाली बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना है।

उन्होंने हरि सेवा आश्रम द्वारा शिक्षा, सामाजिक सेवा, नैतिक संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान समाज में सेवा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, विभिन्न अखाड़ों के संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

संक्षेप

आम तोड़ने के विवाद में मारपीट, दी तहरीर

प्रतापगढ़। आम तोड़ने के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मुस्तफाबाद में सोमवार को आम तोड़ने के विवाद को लेकर दो पक्षो मे मारपीट हो गयी। जिसमे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव के राजकुमार का आरोप है कि उनके बाग में आम तोड़ रहे बच्चों को मना किया तो उनके नाराज परिजन लाठी डंडा लेकर पहुंच गये और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जमकर मारपीटी। गंभीर चोट लगने से राजकुमार पुत्र सूर्यबली घायल हो गया। इलाज के लिए परिजन उसे सांगीपुर सीएचसी ले आये। वहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

इलाज कराने गया वृद्ध लापता, परिजनों में हड़कंप

प्रतापगढ़। इलाज कराने गया वृद्ध के अचानक अस्पताल से लापता हो जाने से परिजनो मे हड़कंप मचा हुआ है। परेशान बेटे ने प्रयागराज के एयरपोर्ट थाने में पिता के साथ अप्रिय घटना होने की आशंका को लेकर तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के सराय संग्राम सिंह निवासी विरेन्द्र कुमार पुत्र शंकर लाल के पिता का मनोरोगी होने के चलते प्रयागराज मे इलाज चल रहा था। तबीयत बिगड़ने पर बेटा उन्हें लेकर पन्द्रह जून को यूनाइटेड अस्पताल रावतपुर ले गया था। बेटे के मुताबिक ओपीडी का पर्चा बनवाते समय अचानक उसका पिता कहीं लापता हो गया। इधर शंकर लाल के लापता होने की जानकारी घर पहुंची तब परिजन रोने बिलखने लगे। पीड़ित परिजनों ने लालगंज पुलिस को भी सूचित कर वृद्ध के सुरक्षित घर लौटने को लेकर गुहार की है। लालगंज प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि प्रकरण में प्रयागराज पुलिस से सम्पर्क किया गया है।

जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील एसएसपी

सिद्धार्थनगर। शासन की मंशा एवं पुलिस महानिदेशक के निर्देशों के अनुरूप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन/जनसुनवाई कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 03 भूमि विवाद तथा 09 अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने सभी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को त्वरित न्याय एवं प्रभावी पुलिस सेवा उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है। जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान कर पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया जा रहा है। एसएसपी की सक्रिय कार्यशैली एवं जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण की लोगों ने सराहना की।

औद्योगिक विकास को मिलेगी नयी गति

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

श्रावस्ती। जनपद में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने तथा व्यापारिक गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से डीएम अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर सीडीओ शाहिद अहमद एवं एडीएम (वि./रा.) ललित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में श्रावस्ती और बहराइच के उद्योग एवं व्यापार संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों जनपदों के व्यापारिक प्रतिनिधियों ने उद्योगों के पंजीकरण, संचालन, प्रबंधन तथा सरकारी नियमों के प्रभावी अनुपालन से संबंधित अनुभव साझा किए। साथ ही उद्यमियों को आने वाली समस्याओं और उनके व्यावहारिक समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान विद्युत आपूर्ति, सड़क, परिवहन तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रशासन और व्यापारिक संगठनों के बीच सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया गया। उद्योगों के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करने तथा निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देने के लिए श्रावस्ती और बहराइच के व्यापारियों के बीच क्रेता-विक्रेता मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे दोनों जनपदों के उद्यमियों को नए बाजार और व्यावसायिक अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके अतिरिक्त एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) से जुड़े उत्पादों के लिए साझा प्रसंस्करण इकाइयों के विकास तथा बहराइच के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में जोड़ने पर भी सहमति बनी। डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि श्रावस्ती और बहराइच के बीच औद्योगिक सहयोग क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने, नए उद्योग स्थापित करने और रोजगार के अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश सरकार की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नीति को मजबूत करेगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि औद्योगिक विकास से जुड़े मुद्दों की नियमित समीक्षा और समन्वय के लिए त्रैमासिक संयुक्त कार्य समिति की बैठकें आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर विनोद कुमार अग्रवाल, दीपक प्रकाश सोनी, अमरनाथ अग्रवाल, सुमित कुमार खन्ना, आशीष कंसल, दीनानाथ गुप्ता, राजेश रस्तोगी, मिथिलेश शुक्ल, राम शंकर गुप्ता सहित अनेक व्यापारी प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

मोहर्रम को लेकर पुलिस अलर्ट, विभिन्न थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त और चेकिंग

जिला संवाददाता (vol)

सिद्धार्थनगर। आगामी मोहर्रम पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति व्यवस्था, सुरक्षा एवं सतर्कता बनाए रखने के लिए सिद्धार्थनगर पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक पैदल गश्त और चेकिंग अभियान चलाया।

एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी एवं समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों के चिन्हित हॉटस्पॉट और संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की गई। थाना सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के निर्देशन में क्रियाशील प्र0नि0 थाना बांसी मृत्युंजय पाठक बांसी कोतवाली, थानाध्यक्ष अभय जोगिया उदयपुर, थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा खेसरहा तथा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह शिवनगर डिड़ई थाना सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने मय फोर्स मुस्तैदी दिखाते हुए पैदल गश्त करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाकर कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने का संदेश दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद है।

सिद्धार्थनगर में हत्या के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। जिले के थाना भवानीगंज पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित एक अभियुक्त और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर न्यायालय भेज दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना भवानीगंज में दर्ज मुकदमा संख्या 77/2026 से संबंधित कार्रवाई की। पुलिस ने हसमत अली उर्फ शब्बू तथा आमिना खातून को गिरफ्तार किया और दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया। पुलिस ने सभी आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर रविवार को आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। कार्रवाई में थाना भवानीगंज की पुलिस टीम के कई अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

बिहार पीसीएस परीक्षा में लालगंज के मेधावी ने सफलता का लहराया परचम, खुशी

प्रतापगढ़। बिहार पीसीएस परीक्षा परिणाम मे लालगंज के मेधावी ने सफलता का परचम लहराया है। जानकारी होने पर सोमवार को परिजनो मे खुशी छा गयी। नगर मे स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के समीप रहने वाले सुधीर कुमार मिश्र के पुत्र इं0 अभिनव मिश्र ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में डीएसपी पद पर सफलता ली है। सफलता पर परिजनो तथा शुभेच्छुओं ने अभिनव के घर पहुंचकर मुंह मीठा कराते हुए माल्यार्पण कर सम्मान किया। अभिनव के पिता सुधीर कुमार मिश्र प्राथमिक विद्यालय सगरा सुन्दरपुर द्वितीय में प्रधानाध्यापक हैं। मां कविता गृहणी हैं। वहीं अभिनव के पैतृक गांव लक्ष्मणपुर ब्लाक के चन्दापुर में भी सफलता को लेकर ग्रामीणों मे खुशी का माहौल देखा गया। इस मौके पर अजीत शुक्ला, अभिषेक पाण्डेय, सोमनाथ मिश्र, सुधाकर शुक्ल, पंकज मिश्र, अंजनी कुमार मिश्रा, चंद्रप्रकाश मिश्र, सूर्यप्रकाश मिश्र, अभिषेक सिंह, मनोज तिवारी आदि रहे।

धूमधाम से हुई महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के शिवबोझ गांव मे सोमवार को नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर मे विधिविधान से देवाधिदेव महादेव की प्राण प्रतिष्ठा हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मे भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का गगनभेदी जयघोष किया। वही प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार की शाम शिव बारात एवं शोभा यात्रा में भी श्रद्धालु शामिल हुए दिखे। शोभा यात्रा गांव से बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। धार्मिक आयोजन को लेकर भण्डारे मे भी श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्रधानाध्यापक रामराज पाण्डेय व सह संयोजक राजेश पाण्डेय ने संस्कृत विद्वान डॉ0 वाचस्पति शुक्ल का श्रद्धालुओं की ओर से सम्मान भी किया। इस मौके पर भाजपा नेता डॉ0 राकेश सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सचिन पाण्डेय, अनन्त प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, रामचंद्र शुक्ल, श्रीकांत शुक्ल, अनिल महेश, श्याम शंकर पुष्पाकर आदि रहे।

सड़क हादसे में एसडीएम समेत तीन घायल

बलिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के काशीपुर रिंग बंधा पर सोमवार सुबह बैरिया के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) की सरकारी गाड़ी और पिकअप की आमने-सामने टक्कर में एसडीएम धर्मेंद्र कुमार, उनके चालक श्रीभगवान और सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बलिया जिला मुख्यालय से बैरिया जा रहे थे। काशीपुर रिंग बंधा के पास सामने से आ रही पिकअप से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गयी। उन्होंने बताया कि यह टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने क्षतिग्रस्त पिकअप को कब्जे में ले लिया है। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

निर्माणाधीन पुल की बीम गिरने से दो मजदूर घायल

हरदोई। जिले के बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में निर्माणाधीन पुल की बीम गिर जाने से दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूचना पर जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। हाइड्रा से भारी-भरकम बीम रखी जा रही थी, तभी अचानक उसका एक हिस्सा भरभराकर नीचे आ गिरा। नीचे काम कर रहे शाहजहांपुर के सिधौली निवासी राहुल और हरदोई के भदासी निवासी राजेश्वर इसकी चपेट में आ गए। झा ने बताया कि एक मजदूर के हाथ और एक के सिर में गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों और साथी मजदूरों ने मलबे से दोनों को निकाला और तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों का उपचार किया जा रहा है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत कार्यों का जायजा लिया। शुरुआती जांच में निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की आशंका जताई जा रही है।

संभव अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा और बैठक आयोजित

- अधिकारियों को लक्ष्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिये

जिला संवाददाता (vol)

श्रावस्ती। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संभव अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा एवं संवेदीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य अभियान की प्रगति की समीक्षा करना तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान के उद्देश्यों के प्रति संवेदनशील बनाना रहा।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जनपद के सभी चिकित्सा अधीक्षक, बीपीएम, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सभी विभागों की साझा जिम्मेदारी है।

बैठक के दौरान यूनिसेफ की ओर से अनुराग सिंह ने संभव अभियान के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं क्रियान्वयन रणनीति पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को अभियान के प्रति संवेदनशील बनाते हुए जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर बल दिया। वहीं प्रोग्रेसिव टीम के नीरज ने अभियान के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया।

बैठक के अंत में सभी अधिकारियों ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को सफल बनाने तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने का संकल्प लिया।

चौपाल में ब्लॉक स्तरीय अफसरों की नामौजूदगी से ग्रामीणों में नाराजगी

प्रतापगढ़। रात्रिकालीन चौपाल मे अफसरो की नामौजूदगी पर ग्रामीणो में नाराजगी देखी गयी। विकासखण्ड सांगीपुर के संविलियन विद्यालय राजमतीपुर में रविवार को रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में अपनी समस्याओ को लेकर ग्रामीण जुटे हुए थे। ग्रामीणो को उम्मीद थी कि वह सीधे अफसरो के सामने अपनी समस्या रख कर निदान करा सकेंगे। लेकिन चौपाल में ब्लाक स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों के न आने से ग्रामीणों में मायूसी दिखी। वहीं चौपाल मे मौजूद सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी ने पुलिस से जुडी समस्याओं पर सुनवाई की तथा ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सीएचसी सांगीपुर अधीक्षक डा0 धर्मेन्द्र शुक्ला ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां दी। चौपाल में ब्लाक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति को लेकर प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह ने मुख्यमंत्री से शिकायत की बात कही है।

बेटे की मौत को लेकर पिता ने दी हत्या की तहरीर

प्रतापगढ़। दो माह पूर्व बेटे की हुई मौत को लेकर पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर गांव निवासी राजेश सरोज पुत्र हुबलाल ने रविवार की शाम पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस अप्रैल को कुछ लोग उसके चौबीस वर्षीय पुत्र अमन सरोज को बारात मे चलने के बहाने बुलाकर ले गये और देवरी बाजार के समीप हत्या कर दी। पुलिस ने जब दो माह बाद शिकायत करने को लेकर पूछतांछ की तो पीड़ित पिता ने स्वयं का मानसिक स्वास्थ्य ठीक न होने का कारण बताया। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

बाढ़ आपदा से निपटने को प्रशासन सतर्क

- अधिकारियों-कर्मचारियों का विशेष प्रशिक्षण संपन्न

श्रावस्ती। आगामी बाढ़ सत्र को देखते हुए जनपद प्रशासन ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत करने के उद्देश्य से जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में बाढ़ आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ललित कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन तंत्र को पूर्णतः सक्षम और प्रशिक्षित बनाया जा रहा है। उन्होंने सभी बाढ़ चौकी प्रभारियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए तथा निर्देश दिया कि प्रत्येक बाढ़ चौकी क्षेत्र में राहत चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव एवं सतर्कता संबंधी जानकारी दी जाए।

अपर जिलाधिकारी ललित कुमार ने कहा कि प्रशासन बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और प्रशिक्षण के बाद अधिकारी-कर्मचारी आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक दक्षता से कार्य कर सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान यूनिसेफ के घनश्याम मिश्र ने हीटवेव प्रबंधन तथा अकांक्षा ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जानकारी दी। एसडीआरएफ टीम ने बचाव एवं राहत कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, जबकि मैक्स हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार जागृति सिंह, विजय गुप्ता, अम्बरीश सिंह, नायब तहसीलदार शुभम तिवारी, मो. अफरोज, बाल किशुन, देवी प्रसाद, सेजल पाठक, अर्पित कश्यप सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बाढ़ से निपटने की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं।

युवक के गंभीर रूप से झुलसने के मामले में पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

बागपत। जिले के बिनौली थाना क्षेत्र के बिजवाड़ा गांव में एक युवक के संदिग्ध परिस्थिति में आग से गंभीर रूप से झुलसने के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी एवं उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जनकारी दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि बिजवाड़ा गांव का रहने वाला राजीव (30) शनिवार की रात अपने घर में गंभीर रूप से झुलसी हालत में मिला था। परिजन उसे पहले बिनौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर मेरठ के निजी अस्पताल में भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, राजीव के पिता सतबीर कश्यप की शिकायत पर उसकी पत्नी नीशू और गांव के ही निवासी विक्रांत के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि नीशू और विक्रांत के बीच प्रेम संबंध थे, जिसका राजीव विरोध करता था। आरोप है कि शनिवार देर रात नीशू ने विक्रांत को घर बुलाया और दोनों ने मिलकर कमरे में सो रहे राजीव पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। बताया गया कि घटना के बाद विक्रांत छत के रास्ते फरार हो गया। यह भी आरोप है कि घटना के बाद आरोपियों ने राजीव के बच जाने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि घायल राजीव ने अपने बयान में पत्नी और उसके कथित प्रेमी पर आग लगाकर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। शिकायत और प्रारंभिक जांच के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को नीशू और विक्रांत को गिरफ्तार कर लिया और दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। मामले की आगे जांच जारी है।

अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा न मिलने से नाराज किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रतापगढ़। बाईपास के लिए अधिगृहीत भूमि के मुआवजा से वंचित किसानो में सोमवार को प्रशासनिक लापरवाही को लेकर आक्रोश पनप उठा। लालगंज तहसील के बेलहा गांव मे नाराज किसानो ने सोमवार को जमकर विरोध प्रदर्शन भी किया। वही एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा का कहना है कि प्रभावित किसानो के प्रार्थना पत्रो की पड़ताल कर मुआवजे के बाबत शीघ्र उचित कार्रवाई की जाएगी। लालगंज के बेलहा गांव से राष्ट्रीय राजमार्ग-31 को लेकर बाईपास के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई है। इसको लेकर बेलहा गांव के किसानों की लगभग छः बीघे किसानो की जमीन बाईपास के लिए अधिगृहीत हुई है। नाराज किसानों का कहना है कि अधिग्रहण को लेकर पहले उन्हें कोई नोटिस नही दी गयी। वही किसानो का दर्द यह है कि उनकी जमीन का अधिग्रहण करने पर कोई मुआवजा भी अभी तक नही दिया गया है। इस मामले को लेकर किसानों ने डीएम के समाधान दिवस मे भी शिकायत दर्ज करवायी थी। किसानो का कहना है कि अधिगृहीत जमीन मे उनके हिस्से और कब्जे का उल्लेख सरकारी अभिलेखों एवं प्रकाशित गजट में भी प्रदर्शित है। इसके बावजूद अधिग्रहण प्रक्रिया को एकतरफा किये जाने को लेकर किसानो मे नाराजगी पनप उठी है। विरोध प्रदर्शन के दौरान गांव के रामदीन यादव व खजुरी निवासी टकैन, भानुमती, सुभाष यादव आदि का कहना है कि शिकायत करने के बावजूद भी मुआवजा नही दिया जा रहा है। वही किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह ने चेताया है कि प्रभावित किसानो को मुआवजा का भुगतान किये बगैर निर्माण कार्य को लेकर उनका संगठन अनवरत धरना प्रदर्शन शुरू करेगा।

इंडो-नेपाल बॉर्डर पर 13 लाख रुपये की चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

श्रावस्ती। थाना सिरसिया पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने इंडो-नेपाल सीमा पर कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 किलो 270 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 13 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी कब्जे में ले ली है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर चलाए जा रहे मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर भरत पासवान के पर्यवेक्षण में थाना सिरसिया और एसएसबी की टीम इंडो-नेपाल बॉर्डर पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एसएसबी से मिली सूचना के आधार पर टीम गजरी नाला जंगल क्षेत्र स्थित बीपी नंबर 631 के पास पहुंची, जहां नेपाल की ओर से मोटरसाइकिल से आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 5 किलो 270 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मेहताब पुत्र निजामुद्दीन निवासी मछरीहवा, थाना भिनगा, जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना सिरसिया में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

निवेश व व्यापारिक समस्याओं के समाधान पर जोर

- जिला स्तरीय उद्योग बन्धु व व्यापार बन्धु की समीक्षा बैठक आयोजित

जिला संवाददाता (vol)

सिद्धार्थनगर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पिछली कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने एमओयू हस्ताक्षरित निवेशकों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने तथा अधिक निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने रोजगार सृजन योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सहित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर बल दिया। साथ ही निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में दुग्ध, पशुपालन, एमएसएमई, उद्यान, पर्यटन, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनाओं तथा एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने परियोजनाओं की सब्सिडी समय पर लाभार्थियों के खातों में भेजने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा अशोक मार्ग दुकान आवंटन की धनराशि एक सप्ताह में वापस कराने तथा सोहांस मार्ग पर संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में डीडीओ राजमणि वर्मा, उपायुक्त उद्योग, लीड बैंक अधिकारी आर.के. सिन्हा, उपायुक्त राज्यकर सिद्धार्थ सौरभ, डिप्टी आरएमओ राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया पर बढ़ती नफरत के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

बांसी, सिद्धार्थनगर। आजाद अधिकार सेना की जिला इकाई ने सोशल मीडिया पर बढ़ती हेट स्पीच, सांप्रदायिक एवं जातीय वैमनस्य फैलाने वाली सामग्री के विरुद्ध प्रभावी राष्ट्रीय नीति और निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी बांसी शशांक शेखर राय को सौंपा। जिलाध्यक्ष उपेन्द्र चतुवेर्दी ने ज्ञापन देते हुए पार्टी के ₹आस हेट वॉचर₹ अभियान का उल्लेख किया और नागरिकों से संविधान, सामाजिक सद्भाव एवं भाईचारे के समर्थन में आगे आने की अपील की।

छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

संभल। जिले के बबराला थाना क्षेत्र में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी तक पहुंचने में श्वान दस्ते में शामिल मैरी की अहम भूमिका रही। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपी संदीप (34) के पैर में लगी। मुठभेड़ में आरक्षी भोलू भी घायल हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत ने बताया कि 19 जून को बबराला के एक गांव में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया था। बबराला थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी और आरोपी को पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गई थी। रविवार को सूचना मिली कि आरोपी संदीप भागने की फिराक में है। रावत ने बताया कि पुलिस ने बबराला-रजपुरा रोड पर नगरिया काजी गांव के पास नाकेबंदी कर उसे घेर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने खुद को घिरा हुआ देख पुलिस पर गोली चला दी जिसमें सिपाही भोलू घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली संदीप के पैर में लगी। उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

संक्षेप

जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से मुकदमा दर्ज

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम चिलमिलियन खेड़ा में सोमवार को जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। एक पक्ष की ओर से सोना देवी ने पड़ोसियों पर मारपीट और जबरन कब्जे का प्रयास करने का आरोप लगाया, जबकि दूसरे पक्ष से उमाशंकर ने चबूतरा निर्माण के दौरान मारपीट और धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मारपीट और धमकी समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राहुल सिंह गौर ने बताया कि दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अवैध शराब समेत महिला गिरफ्तार

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिक्टौर में अवैध कच्ची देशी शराब बना कर बेच रही महिलाओ को पुलिस गिरफ्तार कर बिधिक कार्यवाही करते हुये मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जहाँ से जेल भेज दिया गया। पुलिस को काफी दिनो से सिक्टौर ग्राम सभा में कच्ची शराब बना कर भेजने की शिकायत मिल रही थी सोमवार को भोर में थानाध्यक्ष सूरज सिंह के दिशानिर्देश पर उपनि ० रबिराजन उपनि० ज्ञानचन्द पटेल महिला उपनि ० अंजना कुसवाहा अपने अन्य आरक्षी को साथ लेकर मुखबीर के सहयोग से कच्ची शराब बनाते समय घेराबन्दी कर दो महिला सहित एक बाल अपचारी किशोरी को 20 ली० कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण के साथ अपने कब्जे मे लेकर पूछताछ मे महिलाओ ने अपना नाम सबिता (30) पत्नी सुरेश निवासी सिक्टौर , सरिता (45) पत्नी देबुल निवासी सिक्टौर के साथ एक बाल अपचारी किशोरी को भी अपने कब्जे में लेकर बिधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया।

युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के लुधियानी गांव में 25 बर्षीय युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया। ग्राम लुधियानी में रहने वाले युवक राजू उर्फ कन्हैया पुत्र कप्तान सिंह 25 का शव घर के अंदर कमरे में खून से लथपथ मिला। शव कमरे में जमीन पर पड़ा था। छत के पंखे के कुंडे से गमछा लटका हुआ था शव के पास ही गैस का छोटा सिलेंडर पड़ा था। सिर के पीछे की तरफ से काफी खून निकल कर शव के नीचे पड़ा था। जो काला हो रहा था। युवक का मोबाइल फोन कमरे में दिवाल में बनी खोह में रखा हुआ मिला। सूचना पर बकेवर थाना के कस्बा इंचार्ज कौशल कुमार व वराउख चैकी इंचार्ज दीपक भाटी मय फोर्स मौके पर पहुँचे। सीओ भरथना रामदवन मौर्य भी घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक युवक के मातापिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। युवक अकेला ही घर मे रहता था। उसका भाई व बहन दिल्ली में रहते हैं। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने बताया कि कमरे की स्तिथि के अनुसार मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का ही लग रहा हैं युवक ने सुबह आठ बजे के बाद कमरे में पंखे के कुंडे से गमछे को बांधकर फंदा लगाकर आत्महत्या की है।

बड़े भाई-भाभी और मासूम की ली जान

पारिवारिक विवाद बना खौफनाक वारदात की वजह, आरोपी हिरासत में

बांसगांव, गोरखपुर। बांसगांव थाना क्षेत्र में रविवार देर रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक ही परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। आरोप है कि 16 वर्षीय छोटे भाई आदित्य गुप्ता ने अपने बड़े भाई, भाभी और उनके मासूम बच्चे की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस तिहरे हत्याकांड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतकों की पहचान अमित गुप्ता, उनकी पत्नी रंजना गुप्ता और 3 वर्षीय पुत्र रेयान गुप्ता के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना रविवार देर रात करीब 3 बजे की है, जब तीनों एक ही कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान आरोपी छोटे भाई आदित्य गुप्ता ने धारदार हथियार से हमला कर तीनों की हत्या कर दी।

घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ, एसपी दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी से पूछताछ कर घटना के पीछे के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

इस दर्दनाक घटना के बाद इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। स्थानीय लोग इस जघन्य वारदात से स्तब्ध हैं और परिवार के प्रति संवेदना जता रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषी को कानून के अनुसार दंडित किया जाएगा।

एसपी दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद का प्रतीत हो रहा है। मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर बांसगांव थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को हिरासत में ले लिया है और उसके पास से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल भी बरामद कर लिया गया है।

विरोध का जवाब विकास से दे रहीं चेयरमैन : राजेश त्रिपाठी

गोरखपुर। नगर पंचायत बड़हलगंज के वार्ड नम्बर 05, श्याम नगर में शासन के 15वाँ वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग से प्राप्त करीब 35 लाख रूपए की लगत से निर्मित 03 सड़कें जनता को समर्पित की गयी।

सड़को के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुये चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि नगर पंचायत बड़हलगंज में चल रहे अनवरत विकास कार्यों की श्रृंखला से विपक्षी बौखला गए हैं और अनर्गल प्रलाप में लग गए है। विरोधियों के प्रलाप का सटीक जवाब चेयरमैन प्रीति उमर अपने विकास कार्यों से दे रही है। चिल्लूपार में विकास कार्यों की श्रृंखला के लिये हम अपने मुखिया प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट करते है। बता दे कि नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 05, श्याम नगर में प्रदेश सरकार के 15वां वित्त आयोग द्वारा प्राप्त 9.4 लाख की धनराशि द्वारा राम जानकी मार्ग से गामा के घर तक ढक्कनदार नाली एवं सीसी रोड का निर्माण का कार्य कराया गया, इसी तरह राज्य वित्त आयोग 2025/2026 द्वारा प्राप्त धनराशि वर्ष के माध्यम से 14.10 लाख की लागत द्वारा टिकोरी के मकान से प्रेम के मकान तक और 9.46लाख की धनराशि से अमर मिश्रा के घर से काली माता मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य कराया गया। गांव में तीन

सड़कों की श्रृंखला के लोकार्पण से ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभासद राजीव मिश्रा, दीपक शर्मा, अमूल्य चतुवेर्दी, राकेश राय, दीपक गौड़, वीरेंद्र वीरू गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, महामंत्री राजकुमार निगम, बृजेश उमर, राजवेद तिवारी, मानस त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनय तिवारी, सुरेश उर्फ गुड्डू मिश्रा, संतोष कसौधन, संजय कसेरा, सुरेश उमर, सत्यम जायसवाल, अजीत राव, अरविंद सिंह, ओम प्रकाश यादव, रमेश शाही, पुरुषोत्तम जायसवाल, लिपिक सुनील कुमार, रविन्द्र कुमार, हरिकेश यादव, प्रकाशवीर आदि मौजूद थे।

बिजली व्यवस्था बेहतर हो, पांच करोड़ स्वीकृत : मुख्य अभियंता

इटावा। जनपद की बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए बिजनेस प्लान 2026-27 के तहत करीब पांच करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। यह जानकारी बिजली विभाग के मुख्य अभियंता कानपुर द्वितीय केसी आजाद ने सोमवार को विकास भवन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के बिजनेस प्लान के करीब 85 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि शेष कार्यों को भी जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। वे तीन दिवसीय दौरे पर जनपद में आए हुए हैं और बिजली व्यवस्था की समीक्षा कर रहे हैं। मुख्य अभियंता ने कहा कि जनपद में अब तक 29 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से 28,136 मीटर पोस्टपेड प्रणाली में परिवर्तित किए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटरों की बिलिंग में गड़बड़ी की शिकायतों के संबंध में उन्होंने कहा कि विभाग ने एक हजार चेक मीटर लगाकर उनकी रीडिंग का मिलान कराया था, लेकिन जांच में किसी प्रकार का अंतर नहीं पाया गया। उन्होंने बिजली कर्मचारियों की सुरक्षा को विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लाइनमैनों और श्रमिकों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। यदि किसी ठेकेदार के कार्यस्थल पर कोई कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के काम करता मिला तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्य अभियंता ने बताया कि वह तीन दिवसीय दौरे पर जिले में आए हैं। इस दौरान विद्युत परियोजनाओं, उपभोक्ता सेवाओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे विभागीय अधिकारियों से संपर्क करें, जिससे उसका त्वरित समाधान कराया जा सके। अधीक्षण अभियंता ऋषभ देव, अधिशासी अभियंता प्रथम हनुमान प्रसाद मिश्रा, अधिशासी अभियंता द्वितीय धर्मेंद्र सोनी सहित एसडीओ प्रथम नवनीत कुमार, एसडीओ द्वितीय मनोज कुमार, एसडीओ तृतीय दिलीप कुमार, जसवंतनगर एसडीओ आनंद पाल, विभाग के एसडीओ और जेई रामलीला शिवम शर्मा, जेई मैनपुरी फाटक विनोद यादव, जेई सुंदरपुर जयदीप मौर्य मौजूद रहे।

किताबों से ब्रेक, टैलेंट को मिला मंच, 20 दिवसीय समर कैंप का रंगारंग समापन

इटावा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जैन धर्मशाला लालपुरा में रति कला अकादमी, गाड़ीपुरा द्वारा आयोजित 20 दिवसीय समर कैंप का समापन विविध प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजू जैन ने कहा कि स्टेज पर जब नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी, तो उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा ने सभी का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि मात्र 20 दिनों में बच्चों द्वारा सीखी गई कला और उनका आत्मविश्वास सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि ब्रह्मकुमारी बीके नीलम ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे बच्चों में स्नेह, एकाग्रता, अनुशासन एवं बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलता है। निर्णायक की भूमिका निभाने वाली विजडम अकादमी की निधि कश्यप ने कहा कि बच्चों में कला के प्रति बढ़ती रुचि भविष्य में उनकी रचनात्मकता और अध्ययन में भी सहायक सिद्ध होगी। ग्वालियर से आई ड्राइंग एवं क्राफ्ट शिक्षिका खुशबू अग्रवाल ने बताया कि पिछले 20 दिनों में बच्चों की सीखने की ललक, उत्साह और रचनात्मकता देखने योग्य रही। डांस, क्राफ्ट और स्टोरी टाइम जैसी गतिविधियों ने कैंप को यादगार बना दिया। रति कला अकादमी की डायरेक्टर रति अग्रवाल ने सभी अतिथियों का बैज एवं पटका पहनाकर स्वागत किया।

मंडलायुक्त ने की 10 करोड़ से अधिक 120 विकास परियोजनाओं की गहन समीक्षा

गोरखपुर। मंडलायुक्त सभागार में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल के चारों जनपद–गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज और कुशीनगर–में चल रही बड़ी परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता, बजट उपयोग और समयसीमा की बिंदुवार समीक्षा की गई। देवरिया, महराजगंज और कुशीनगर के अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और अपने-अपने जनपदों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की। प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मंडल में कुल 120 प्रमुख परियोजनाएं संचालित हैं। इनमें 44 सड़क निर्माण से जुड़ी परियोजनाएं हैं, जबकि 76 भवन निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों से संबंधित हैं। सड़क परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग (निर्माण खंड-3) की 21, निर्माण खंड-2 की 9, प्रांतीय खंड की 10, राष्ट्रीय राजमार्ग (ठल्ल) की 1 और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठल्लअक) की 3 परियोजनाएं शामिल हैं। मंडलायुक्त ने इन परियोजनाओं की प्रगति पर असंतोष जताते हुए जहां कार्य धीमा पाया गया, वहां जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए।

भवन निर्माण एवं अन्य 76 परियोजनाओं में चिकित्सा, शिक्षा, प्रशासनिक भवन, आवासीय परिसर, सामुदायिक सुविधाएं और अन्य जनहित से जुड़े कार्य शामिल हैं।

मंडलायुक्त ने कहा कि इन परियोजनाओं का सीधा संबंध आम जनता की सुविधाओं से है, इसलिए इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि जिन परियोजनाओं में भूमि विवाद, तकनीकी अड़चन या बजट संबंधी समस्या आ रही है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विभाग नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करे और कार्यों की वास्तविक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करे। साथ ही कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और गुणवत्ता की थर्ड पार्टी जांच कराने पर भी जोर दिया गया।

मां की डांट से क्षुब्ध युवक ने गंग नहर में लगायी छलांग, पुलिस ने बचायी जान

जसवंतनगर, इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के गांव नगला विशुन निवासी 24 वर्षीय एक युवक काल्पनिक नाम राजू ने मां की डांट से क्षुब्ध होकर आत्मघाती कदम उठा लिया। युवक ने शराब के नशे में थाना बलरई के समीप स्थित देशी शराब के ठेके के सामने भोगनीपुर गंग नहर में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कृपाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उस समय युवक नहर के तेज बहाव में बह रहा था और डूबने लगा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष कृपाल सिंह ने कांस्टेबल विकास, राहुल और आंशू के साथ बिना अपनी जान की परवाह किए नहर में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह घर में मां की डांट से आहत था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। इसके बाद पुलिस ने युवक की काउंसलिंग कर उसे समझाया और परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस की तत्परता और साहसिक कार्रवाई से एक युवक की जान बच गई, जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

नरेंद्र यादव जिला संगठन समन्वयक नियुक्त

इटावा। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने नरेन्द्र यादव को उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिला संगठन समन्वयक के दायित्व पर नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर नरेन्द्र यादव ने शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि संगठन की विचारधारा, जनसेवा और युवाओं के हितों के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वह पूरी ईमानदारी, मेहनत और समर्पण के साथ खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे तथा अल्मोड़ा जिले में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। नरेन्द्र यादव ने पुनः भारतीय युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

डूबे युवकों का शव एसडीआरएफ टीम ने ढूंढ निकाला

उदी, इटावा। थानां बढ़पुरा के ग्राम सुनवारा के समीप रविवार को यमुना नदी में डूबे दो बालकों में एसडीआरएफ टीम ने दूसरे 15 वर्षीय बालक अमित के शव को बरामद कर लिया गया। करन के शव को रविवार शाम को ही बरामद कर लिया गया था। सुनवारा ग्राम निवासी मुकेश का 13 वर्षीय पुत्र करन अपने फुफेरे भाई अमित पुत्र रामवीर निवासी करहल मैनपुरी के साथ यमुना नदी में नहाने गया था। नहाने के दौरान गहरे पानी के कारण दोनों नदी में डूब गए थे। सूचना पर थानां पुलिस के अलावा एसडीएम सदर एवं तहसीलदार आदि ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया था। देर शाम को एस डी आर एफ टीम के आने के बाद पुनः किये रेस्क्यू में रविवार शाम को घटना स्थल से पांच सौ मीटर की दूरी पर करन के शव को बरामद किया गया था तो वहीं सोमवार को घटना स्थल से लगभग छह सौ मीटर की दूरी पर स्थित पुल के समीप से अमित के शव को बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया।

तमंचा व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार, बाइक सीज

जसवंतनगर, इटावा। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन तथा सीओ आयुषी सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके कब्जे से मिली मोटरसाइकिल के अभिलेख न मिलने पर उसे सीज कर दिया गया। रविवार रात थानाध्यक्ष कमल भाटी के निर्देशन में पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भैसान मोड़-छिमारा रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान नगर की ओर से आ रहे एक संदिग्ध बाइक सवार को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर और दो जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बृजेन्द्र उर्फ बल्ले पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम नवलपुरा, थाना सैफई बताया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि आरोपी के कब्जे से बरामद हीरो एक्सट्रीम 160 सीसी बाइक के अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिस पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा के तहत वाहन को सीज कर दिया गया। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

शनि देव मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा कुंदनपुर के मजरा हिंदूनगर (भाटन खेड़ा) में सोमवार को नवस्थापित शनि देव मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम श्रद्धा एवं वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। ग्राम निवासी शैलेंद्र त्रिवेदी एवं उनकी पत्नी गीता त्रिवेदी ने अपने स्वर्गीय पिता खुन्नूलाल त्रिवेदी तथा माता स्वर्गीय राजवती त्रिवेदी की स्मृति में शनि देव मंदिर की स्थापना कराई। कार्यक्रम में चक्रतीर्थ नैमिष धाम से पधारे आचार्य विपिन मिश्र के नेतृत्व में आचार्य विशाल मिश्र एवं आचार्य आशीष तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शनि देव की मूर्ति का दुग्ध, गंगाजल, पुष्प, पत्र एवं फलों से अभिषेक कर प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम के देवी-देवताओं का आवाहन करते हुए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शोभायात्रा के बाद मंदिर परिसर में हवन-पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। समाजसेवी अनुराग त्रिवेदी, राजेंद्र पांडेय, सुजीत मिश्रा, विजया मिश्रा, निशा, उषा, खुशी त्रिवेदी, अनिल मिश्रा, निखिल बाजपेई, सोनू बाजपेई, गौतम मिश्रा, सुशील त्रिवेदी, राजा बाबू, पूर्व प्रधान छुन्ना त्रिवेदी, विजय तिवारी, लकी त्रिवेदी, कृष्णा, अजय बाजपेई सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र का वातावरण धार्मिक एवं भक्तिमय बना रहा।

युवक ने पेड़ पर लटककर जान दी

बकेवर, इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम बंशियापुर में पत्नी से हुए विवाद के चलते चार माह से मायके चले जाने के बाद 25 बर्षीय पति द्वारा सोमवार की सुबह गाँव के बाहर एक नाले पर आम के पेड़ पर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त की। घटना की सूचना के बाद बकेवर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। वहीं मृतक के पास से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने में जुटी हुई है।

ग्राम बंशियापुर निवासी छविराम सिंह पुत्र वीर सिंह ने बताया कि उसके छोटे भाई सुदेश सिंह उर्फ कृष्णा की पत्नी लक्ष्मी से चार माह पूर्व घरेलू विवाद के चलते अपने मायके मध्यप्रदेश के ऊमरी ढाई वर्षीय पुत्र रुद्रप्रताप के साथ चली गयी थी तब से वह वापस नहीं लौटी और मोबाइल पर बाद विवाद वढता ही रहा इसके बाद सोमवार की सुबह सुदेश उर्फ कृष्णा ने सुबह करीब 5.30 बजे अपने ही खेतों पर नाले के पास खड़े आम के पेड पर काले दुपट्टा से फांसी का फन्दा बनाकर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जब गाँव के लोग सुबह खेतों पर पहुंचे तो कृष्णा को पेड़ पर फांसी के फन्दे पर लटका देखा तो घर पर सूचना दी तो मृतक की मां बहिन सहित पिता व भाईयों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। घटना की सूचना बकेवर थाना पुलिस को दी जिस पर उपनिरीक्षक कौशल कुमार व शोभित प्रजापति मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और फारेन्सिक टीम को बुलाकर शव से साक्ष्य जुटाये इसके बाद शव को पेड़ से उतरवाया और विधिक कार्यवाही में जुट गयी। वहीं मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसे पुलिस ने अपने पास रख लिया। वहीं घटना की सूचना पर पिता वीर सिंह व बड़े भाई छविराम सहित बहिन पूजा व मां राजकुमारी का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने बताया मृतक युवक का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है मौत के कारण का सही पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही पता लग सकेगी।

मेडिकल कॉलेज विवाद के बीच हाईवे जाम राहगीरों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ क्षेत्र स्थित एक मेडिकल कॉलेज में छात्रों और प्रबंधन के बीच चल रहे विवाद के दौरान सोमवार को बड़ी संख्या में छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की सूचना मिल रही है। प्रदर्शन के दौरान लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित होने की बात सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। यात्रियों को काफी देर तक परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में बस, निजी वाहन और मालवाहक वाहन फंसे रहे। गर्मी के बीच बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष दिक्कतें झेलनी पड़ीं। बताया जा रहा है कि छात्रों का विरोध कॉलेज के एक अधिकारी को लेकर चल रहे विवाद से जुड़ा है। हालांकि, आरोपों और घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस एवं प्रशासन की ओर से स्थिति सामान्य कराने के प्रयास किए जाने की जानकारी मिली है।

पिपरौली में नही निकला 5वीं मोहर्रम का जुलूस

पिपरौली, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के पिपरौली में रविवार रात को एक अभूतपूर्व स्थिति देखने को मिली, जब यहां के इतिहास में संभवतः पहली बार पांचवीं मोहर्रम का पारंपरिक जुलूस नहीं निकाला जा सका। प्रशासन के कड़े नियमों और ताजियेदारों के बीच उपजे गतिरोध के कारण देर रात तक असमंजस की स्थिति बनी रही।

स्थानीय पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी लगातार लोगों से जुलूस निकालने की अपील करते रहे, लेकिन ताजियेदारों और स्थानीय लोगों ने अपनी मांगों को लेकर जुलूस निकालने से साफ मना कर दिया। नाम न छापने की शर्त पर कुछ स्थानीय ताजियेदारों ने बताया कि पिपरौली में ताजियों के लिए करीब 23 चौक बनाए गए हैं। इस बार स्थानीय प्रशासन ने जुलूस में डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। ताजियेदारों का

आरोप है कि प्रशासन साउंड बॉक्स हटाकर सामान्य हॉर्न तक लगाने की इजाजत नहीं दे रहा है, जिससे अंधेरे में बिना उचित व्यवस्था के जुलूस निकालना बेहद मुश्किल है। ताजियेदारों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन का यही रवैया रहा, तो आगामी सातवीं और नौवीं का भी जुलूस नहीं निकल पाएगा। दूसरी तरफ, प्रशासन सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए नियमों को लेकर बेहद सख्त है। पिपरौली में यह गतिरोध मुख्य रूप से पुलिस और जनता के बीच नियमों की व्याख्या को लेकर बना हुआ है।

इस संवेदनशील मामले को सुलझाने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को गीडा थाने पर एक आपातकालीन पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों व ताजियेदारों के बीच घंटों चर्चा हुई। समाचार लिखे जाने तक किसी ठोस निर्णय की जानकारी सामने नहीं आ सकी है। फिलहाल पुलिस बल क्षेत्र में मुस्तैद है और स्थिति नियंत्रण में है। अब देखना यह होगा कि आगामी सातवीं के जुलूस से पहले क्या पीस कमेटी की कोशिशों से प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच कोई सहमति बन पाती है, या नियमों को लेकर यह गतिरोध यूँ ही बरकरार रहेगा। इस पूरे प्रकरण को लेकर गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि पांचवीं का जुलूस निकालने के लिए स्थानीय लोगों और ताजियेदारों से वार्ता की गई थी। लेकिन सभी ने स्वेच्छा से जुलूस न निकालने का निर्णय लिया और कहा कि वे अब सीधे सातवीं को जुलूस निकालेंगे। शासन के साफ निर्देश हैं कि डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा और जुलूस तय मानकों व नियमों के अनुसार ही निकाला जाएगा।

संक्षेप

लखीमपुर खीरी में चार पुलिसकर्मी निलंबित

लखीमपुर खीरी। पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। कार्रवाई की जद में आए पुलिसकर्मियों में थाना पलिया के उपनिरीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, थाना खीरी के आरक्षी इन्द्रपाल सिंह, महिला थाना खीरी की महिला आरक्षी अर्चना यादव तथा सैनिक/कवच सेल के प्रभारी निरीक्षक असलम अली शामिल हैं। आरोप है कि उपनिरीक्षक अरविंद कुमार वर्मा और आरक्षी इन्द्रपाल सिंह अवकाश समाप्त होने के बाद बिना सूचना के ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। वहीं महिला आरक्षी अर्चना यादव द्वारा पुलिस वर्दी में सोशल मीडिया पर रील अपलोड कर विभागीय सोशल मीडिया ही जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी दी गई है।

ब्लैक पैंथर व टीएनपी पचपेड़ा ने दर्ज की जीत

तिकुनियां-खीरी। कस्बे में चल रही तिकुनिया प्रीमियम लीग नाइट टूनार्मेंट के दूसरे दिन दो अलग अलग मैचों में ब्लैक पैंथर व टीएनपी पचपेड़ा ने जीत दर्ज की। महाराजा अग्रसेन खेल मैदान पर चल रहे नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में दूसरे दिन पहला मैच ब्लैक पैंथर व हिमांशु इलेवन के बीच हुआ। पहले बैटिंग करने उतरी ब्लैक पैंथर की टीम ने राहुल 27 और अंकित पांडे 28 रनों की बदौलत नौ विकेट खोकर 100 का स्कोर खड़ा किया। हिमांशु इलेवन की तरफ से सुनील ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हिमांशु इलेवन की पूरी टीम 79 रन पर ढ़ेर हो गई। ब्लैक पैंथर के लिए आमिर ने तीन विकेट लिए। इस मैच में मैन आफ द मैच आमिर को चुना गया। दूसरे मैच में जफर इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बालिंग का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टीएनपी पचपेड़ा की टीम ने प्रदीप 16 व सुरेंद्र 11 के सहयोग से आठ विकेट खोकर 63 रन बनाए। जफर इलेवन के मोनू ने चार विकेट लिए। जबाब में उतरी जफर इलेवन की टीम के प्रदीप व जुनैद ने 17-17 रनों की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जिता न सके। जफर इलेवन 2 रन से मैच हार गई। पचपेड़ा के बॉलर सूजा व अरुण ने 3-3 विकेट लिए। इस मैच में अरुण को मैन आफ द मैच चुना गया। इस दौरान पुरषोत्तम गर्ग, आशीष अग्रवाल, ब्रजलाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, पदम अग्रवाल, डॉ वीर सिंह, दर्शन गोयल, अतीकुर्रहमान, कुलदीप शर्मा,मनोज निषाद, अमित गुप्ता, अमन सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में चोरी का प्रयास

सीतापुर। विकास खण्ड बेहटा के उच्च प्राथमिक विद्यालय औंरीशाहपुर में अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखी बीएसएनएल की सामग्री चोरी करने का प्रयास किया परन्तु किन्हीं कारणों से उसे ले नहीं जा सके ।इसकी जानकारी रविवार को उच्च प्राथमिक प्रधानाध्यापक वफाउल्ला खान को तब हुई जब विद्यालय खोलकर साफ सफाई कराने पहुंचे । गेट से अंदर घुसते ही उन्होंने देखा कि उस कमरे का ताला टूटा पड़ा था जिसमें विद्यालय में लगाने के लिए आई बीएसएनएल सामग्री पुरे कमरे से लेकर बाहर तक बिखरी पड़ी थी । घटना की जानकारी होने के उपरांत प्रधानाध्यापक ने पूरे प्रकरण की लिखित तहरीर थाने पर देकर कार्यवाही की माँग की ।

योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्राथमिकता:राही

जिला संवाददाता(vol)

- क्षेत्र पंचायत बैठक में छह करोड़ के विकास प्रस्ताव मंजूर

सीतापुर। विकास खंड हरगांव के सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री एवं हरगांव विधायक सुरेश राही ने की। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए लगभग छह करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा भी की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और सभी योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों और संचालित परियोजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की। राज्यमंत्री ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रामदेवी, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, खंड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी संजीव जायसवाल, एबीएसए रमाकांत मौर्य समेत क्षेत्र पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी विवेकमणि त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से करीब छह करोड़ रुपये के प्रस्ताव पारित किए गए हैं। बैठक का समापन विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संकल्प के साथ हुआ।

20 सूत्रीय मांगों को लेकर सभासद का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

सीतापुर। लहरपुर नगर पालिका परिषद में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब वार्ड सभासद आफताब अहमद ने पालिका के मुख्य गेट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। सभासद ने नगर की बदहाल व्यवस्था और विकास कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाते हुए 20 सूत्रीय मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। उन्होंने साफ कहा कि जब तक प्रशासन लिखित आश्वासन नहीं देगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने पर बैठे सभासद ने आरोप लगाया कि नगर के कई वार्डों में मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह ध्वस्त हैं।

जगह-जगह खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें, दूषित पानी देने वाले हैंडपंप, टूटी सड़कें और जर्जर नालियां लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई हैं। उन्होंने नियमित सफाई व्यवस्था लागू करने, अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती, हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी करने की मांग उठाई। इसके अलावा काशीराम कॉलोनी की नीची सड़कों को ऊंचा कराने, अधूरे पाइपलाइन कार्य पूरे कराने, कब्रिस्तान, मंदिर और मस्जिदों के आसपास रोशनी की व्यवस्था तथा नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक करने की मांग भी प्रमुख रही।

धरने को भीम संगठन के कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलने से पालिका प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। आंदोलन को लेकर स्थानीय अधिकारियों की गतिविधियां तेज हो गई हैं।

ऑटो शोरूम में लगी आग, लाखों का सामान राख

सीतापुर। सकरन क्षेत्र स्थित उमरा में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अमरदीप इलेक्ट्रिक ऑटो सेल्स के शोरूम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया और लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। शोरूम के प्रोपराइटर अमित कुमार बौद्ध ने बताया कि आग की चपेट में आकर तीन बैटरियां, चार चार्जर और एक इलेक्ट्रिक स्कूटी पूरी तरह जल गई। आग इतनी तेज थी कि शोरूम के कांच के दरवाजे और खिड़कियां भी चटक कर टूट गईं। फर्श पर राख और जले हुए सामान के टुकड़े बिखर गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर में शोरूम से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कारोबारी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

मोहम्मदी में पांचवी आलम का जुलूस निकला

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के मोहल्ला सरैया में पांचवी मोहर्रम पर आलम और ताजिया का जुलूस बड़ी अकीदत के साथ निकल गया है। सोमवार को पांचवी मोहर्रम पर धार्मिक सूफी और उलेमा के नेतृत्व में आलम का झंडा लेकर निर्धारित रास्तों पर कर्बला में शहीदों और हजरत इमाम की याद में गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया है सुन्नी समुदाय कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद इलियास की निगरानी में नोहा पढ़कर मातम करते हुए लोगों ने इमाम को याद किया है। वही इमामबाड़ों में मजलिस का सिलसिला जारी है। दूसरी ओर शिया समुदाय के लोगों ने भी आलम का जुलूस निकालकर इमामबाड़े में मजलिस की है।

समाजसेवी शिवम मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

मोहम्मदी खीरी। नगर के समाजसेवी श्री शिवम राठौर को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में रङ्क१ं३ी२ रङ्क्ं' फीरींूं वल्ल५ी१२३८ द्वारा समाज सेवा एवं जनहित के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट (ल्ङ्कल्लङ्क१८ उङ्क३ङ्क१ं३ी झ्र ल्ङ्कल्लङ्क१२ उं४२) की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया ।यह सम्मान समाज के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण, सकारात्मक सोच तथा जनकल्याण हेतु किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया।

- कार्यक्रम में भारत सहित 6 देशों के लोग हुए शामिल

श्री राठौर ने बताया मां जानकी सेवा संस्थान के बैनर तले वर्तमान में मां जानकी रसोई,जानकी एम्बुलेंस,जानकी मजहब छोड़िए जान बचाइए ब्लड ग्रुप,गोमती मुक्तिधाम निर्माण कार्य एवं सौंदर्यकरण,बेटियों को स्वावलंबी बनाने का प्रयास सहित जीव जंतुओं की सेवा का कार्य निरंतर क्षेत्र में जारी है। जिसके चलते बुजुर्गों एवं छोटे भाइयों के प्यार एवं ईश्वर की कृपा से या सफलता प्राप्त हुई। श्री राठौर वर्षों से सामाजिक सरोकारों और पत्रकारिता के माध्यम से जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहे हैं तथा समाज हित में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं ।उनकी इस उपलब्धि ने न केवल मोहम्मदी बल्कि पूरे जनपद का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम में आरके सिंह पदम श्री फार्मर श्री माता वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी जम्मू,न्यायाधीश राजेश टंडन उत्तराखंड,बिंग कमांडर प्रफुल्ल बक्शी इंडियन एयर फोर्स, आशीष गोयल हेल्थ डायरेक्टर,सांसद प्रदीप गांधी, डॉ सीमा सलोनी,चेयरमैन डॉक्टर के योगेश सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रतिभाशाली सुंगधी ने अपनी मेहनत, लगन और खेल प्रतिभा के दम पर मुकाम किया हासिल

- सुगंधी लखनऊ मंडल से चयनित होने वाली एकमात्र बनी खिलाड़ी

सीतापुर। प्रतिभाशाली बेटी सुगंधी ने अपनी मेहनत, लगन और खेल प्रतिभा के दम पर ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिस पर पूरा जनपद गर्व महसूस कर रहा है।

श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सुगंधी का चयन खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित आवासीय क्रीड़ा छात्रावास के लिए हुआ है। वह लखनऊ मंडल से चयनित होने वाली एकमात्र बालिका बैडमिंटन खिलाड़ी बनी हैं। सुगंधी को जनपद अयोध्या स्थित आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में कक्षा 11 में प्रवेश मिला है। इस उपलब्धि के साथ वह सीतापुर जिले की पहली बालिका बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई हैं, जिसने यह गौरव हासिल किया है। रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने सुगंधी को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने हरसंभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया। सुगंधी ने अपने विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी एवं शारीरिक शिक्षक डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी के मार्गदर्शन में यह सफलता प्राप्त की। चयन प्रक्रिया बेहद कठिन रही। पहले उसने जनपद स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की, फिर मंडलीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रयागराज में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उसने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। राज्य स्तर पर चयन के बाद सुगंधी को 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने का अवसर मिला। प्रशिक्षण शिविर के अंतिम चरण में हुई परीक्षा में उसने प्रदेश के विभिन्न मंडलों से आई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। सुगंधी पहले भी कई प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन कर चुकी हैं। विद्यालयीय प्रतियोगिताओं से लेकर राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं तक उसका प्रदर्शन लगातार शानदार रहा है। सुगंधी की इस सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने इसे सीतापुर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आयुष चैधरी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) खालिद अंजुम, विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता मानकों से समझौता नहीं : डीएम

लखीमपुर खीरी। नगर पालिका लखीमपुर के मोहल्ला थरवरनगंज में निमार्णाधीन नाले पर हुई घटना के बाद सोमवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार के साथ नाले की प्रगति, गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। बताया गया कि रविवार को शटरिंग बांधने के दौरान नाले की एक ओर की मिट्टी धंस गई थी, जिससे कुछ श्रमिक चोटिल हो गए थे। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ओयल भेजकर उपचार कराया गया। मौके पर डीएम ने निर्माण एजेंसी और नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यस्थल पर सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। इस मामले पर ईओ से विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। डीएम ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने, नियमित निगरानी रखने तथा कार्य के प्रत्येक चरण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनके निरीक्षण के बाद अधिकारियों में निर्माण कार्य को लेकर अतिरिक्त सतर्कता दिखाई दी।

ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, वीओएल। फरधान थाना क्षेत्र के गांव सैदापुर निवासी एक युवक की ई-रिक्शा पलटने से मौत हो गई,जबकि उसमें सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम सैदापुर निवासी राकेश कुमार (18) पुत्र प्रहलाद अपने ई-रिक्शा से सवारी लेकर गोला की ओर आ रहा था। हाईवे पर कुनौठिया के पास अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा के नीचे दबने से राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में सतीश (45) पुत्र तेजपाल तथा गौरी (10) पुत्री सूरजपाल, निवासी ग्राम देवकली थाना फरधान, को भी हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया। सीएचसी में उपचार के दौरान राकेश कुमार की मौत हो गई, जबकि सतीश और गौरी का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

यूरिया खाद की समस्या को लेकर किसानों ने दिया ज्ञापन

लखीमपुर खीरी। खीरी जिले में किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं लें रही है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है, दूसरी ओर

सिंचाई के लिए डीजल की उपलब्धता और गन्ना भुगतान में देरी भी किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी जिला मुख्यालय लखीमपुर पहुंचे। किसानों ने डीएम कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भारी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट परिसर में लगभग तीन घंटे तक जमे रहे। किसने की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस फोर्स मंगवाली। चिलचिलाती धूप में पुलिसकर्मी एवं किसान खड़े रहे।

तहसील परिसर से टिल्लू पंप चोरी

गोला गोकर्णनाथ, वीओएल। तहसील परिसर स्थित सेंट्रल बार एसोसिएशन से अज्ञात चोर टिल्लू पंप चोरी कर ले गए। घटना के बाद अधिवक्ताओं में रोष है और तहसील परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री संदीप कुमार अवस्थी ने बताया कि बार एसोसिएशन परिसर में लगा टिल्लू पंप अज्ञात चोर रात के समय काटकर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर अधिवक्ताओं ने मौके का निरीक्षण किया और पुलिस को सूचना दी। महामंत्री ने चोरी की तहरीर देकर पुलिस से मामले का जल्द खुलासा करने तथा चोरी गए टिल्लू पंप की बरामदगी की मांग की है। उनका कहना है कि तहसील परिसर में सुरक्षा के लिए होमगार्ड तैनात रहते हैं, इसके बावजूद चोरी की घटना होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिवक्ताओं ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर तहसील परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किए जाने की मांग की है।

बजाज ग्रुप की पांच मिलों के बीच होगा क्रिकेट संग्राम

गोला गोकर्णनाथ, वीओएल। बजाज ग्रुप की विभिन्न चीनी मिलों के कर्मचारियों के बीच आयोजित अंतर मिल क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ 23 जून से स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में होगा। पांच दिवसीय प्रतियोगिता 27 जून तक चलेगी, जिसमें बजाज ग्रुप की पांच चीनी मिलों की टीमें खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रतिदिन तीन मैच आयोजित होंगे। उद्घाटन मुकाबला 23 जून को गोला चीनी मिल और मकसूदापुर चीनी मिल की टीमों के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 27 जून को होगा, जिसमें विजेता टीम का फैसला होगा। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य कर्मचारियों में खेल भावना, आपसी समन्वय और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों में भी उत्साह का माहौल है।

जंगल में मिला चौकीदार का शव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतगंज निवासी एक खेत चौकीदार का शव सोमवार सुबह जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। शव पर चोटों के निशान और पैरों पर रस्सी बंधे होने जैसे निशान मिलने से परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। दौलतगंज निवासी 35 वर्षीय मोहित कुमार गांव के पास कालिदाह क्षेत्र में सुभाष वर्मा के गन्ने के खेत की रखवाली करते थे। परिजनों के अनुसार वह रविवार सुबह करीब छह बजे खेत पर गए थे, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। इसके बाद परिवार और ग्रामीणों ने रातभर उनकी तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह करीब छह बजे ग्रामीणों ने जंगल में मोहित का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों का आरोप है कि मोहित के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। पैरों पर रस्सी बंधे होने जैसे निशान भी दिखाई दिए, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटें थीं। इन परिस्थितियों को देखते हुए परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है।

काशीराम कॉलोनी पहुंचकर पालिकाध्यक्ष ने परखी व्यवस्थाएं

गोला गोकर्णनाथ, वीओएल। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अधिकारियों के साथ काशीराम आवास कॉलोनी का स्थलीय निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नालियों में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों को दो दिन के भीतर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने खराब पड़े हैंडपंपों को तत्काल ठीक कराने, कॉलोनी की प्रकाश व्यवस्था सुधारने तथा क्षतिग्रस्त पाइपों को बदलवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कांशीराम शहरी गरीब आवासीय योजना के तहत रह रहे लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है।

विजय शुक्ला श्रिंकूश ने कहा कि कॉलोनी में स्वच्छ पेयजल, नियमित सफाई, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, नालियों की मरम्मत तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी के लिए वह स्वयं प्रत्येक माह दो से तीन बार कॉलोनी का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, अवर अभियंता आदर्श मिश्रा, अवर अभियंता अनिल कुमार यादव, सफाई नायक अमित कुमार सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

11 हजार लाइन का तार टूटकर तालाब में गिरा, हजारों मछलियों की मौत

पिपरिया धनी (खीरी), वीओएल। रेहरिया क्षेत्र के ग्राम ग्रंट साहबगंज के मजरा शिवपुरी में सोमवार को 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का तार टूटकर एक तालाब में गिर गया। करंट फैलने से तालाब में बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हो गई। घटना से तालाब स्वामी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

तालाब स्वामी विमलेश कुमार ने बताया कि उनका लगभग छह एकड़ क्षेत्रफल का तालाब है। विद्युत लाइन का तार टूटकर तालाब में गिरने से देखते ही देखते बड़ी संख्या में मछलियां मर गईं। घटना की सूचना तत्काल बिजली विभाग और राजस्व विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नुकसान का जायजा लिया। अधिकारियों ने पीड़ित को शासन स्तर से नियमानुसार हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

रेहरिया विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता (जेई) सत्येंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नियमानुसार जांच कर पीड़ित को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

जनता की सेवा कर पिताजी के सपने साकार कर रहा हूं: शशांक

महोली/सीतापुर। स्व. कौशल किशोर त्रिवेदी की त्रतीय पुण्यतिथि पर उनके पैतृक आवास ब्रह्मावली में भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी ने अपने पिता स्व. कौशल किशोर त्रिवेदी की त्रतीय पुण्यतिथि पर हवन पूजन किया। बता दे कि स्वर्गीय कौशल किशोरी त्रिवेदी का का जन्म 26 दिसम्बर 1946 को हुआ था। प्रारंभिक शिक्षा कृषक इंटर कॉलेज महोली से प्रारंभ हुई। इंटर की शिक्षा तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज से पूरी की।

बीएससी कृषि की डिग्री पंतनगर से व एमएससी कृषि की डिग्री चंद्रशेखर आजाद कृषि महाविद्यालय कानपुर से प्राप्त की। इसके बाद 1971 में उन्होंने दिल्ली से बैंक में सेवा शुरू की। इसके बाद वह मुजफ्फरनगर व गाजीपुर में सेवाएं देते हुए 1978 में लखनऊ आये। हालांकि इस बीच इनका प्रमोशन गैर जनपद के लिए हुआ लेकिन उन्होंने क्षेत्र में रहकर ही क्षेत्र वासियों से जुड़े रहने के लिए लखनऊ में ही सेवाएं देने का निश्चय किया। सेवा काल के दौरान वह बैंक एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव भी रहे। सामाजिक कार्य करते हुए वह रोटरी व लायंस क्लब व रोटरी क्लब लखनऊ के अध्यक्ष रहे। विधायक शशांक त्रिवेदी ने उनकी स्मृतियों को याद करते हुए बताया कि यह पिताजी का ही आशीर्वाद है कि वह आज जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूज्य पिताजी लखनऊ में रहते हुए भी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान कराते थे। विधायक ने कहा कि पिताजी की खेलों में विशेष रूचि थी। छात्र जीवन में उन्होंने बास्केटबॉल, क्रिकेट व टेबल टेनिस की कई प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। पिताजी का बचपन से ही बागवानी व पशुओं से प्रेम रहा। भारत के पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा के पुत्र से उनकी घनिष्ठता रही, वह अकसर राष्ट्रपति भवन में भोज पर जाते थे। उनकी त्रतीय पुण्यतिथि पर मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह,

विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी, विधायक मिश्रिख राम कृष्ण भार्गव, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष नीरज वर्मा, पूर्व अध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा ने चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान धीरेंद्र सिंह चैहान, संजीव सिंह, दिनेश गुप्ता टीटू ,विश्राम सागर राठौर, मिथिलेश यादव ,जगदीश प्रसाद विपिन बाजपेई, मनोज मिश्रा, संजय सिंह, अजय भार्गव सहित हुआ गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

संक्षेप

चांदा टीकर की प्रज्ञा ने उत्तीर्ण की बिहार पीसीएस परीक्षा

लालगंज, रायबरेली। क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली एक और बेटी सामने आई है। लालगंज क्षेत्र के चांदा टीकर ग्राम एरिया निवासी भाजपा नेता नागेंद्र सिंह की सुपुत्री प्रज्ञा सिंह ने बिहार पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता का नाम ऊंचा किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। प्रज्ञा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। पिता नागेंद्र सिंह, माता माधुरी सिंह और भाई अजय सिंह ने बेटी की मेहनत और लगन की सराहना की।

मारपीट केस में पांच आरोपियों को मिली अंतरिम जमानत

सुलतानपुर। कोतवाली नगर क्षेत्र के अमहट चौराहे पर एक अज्ञात व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट कर दहशत फैलाने के मामले में गिरफ्तार पांच आरोपियों जाकिर इमाम, जाफर खान, अजमल मेहदी, हुसैन आगा एवं अमरूल हसन को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत से अंतरिम जमानत मिल गई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया अदालत ने आरोपियों को तीन जुलाई तक अंतरिम राहत प्रदान करते हुए नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई की तिथि नियत की है। अभियोजन के अनुसार बीती 18 जून को अमहट चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुमार को सूचना मिली थी कि अमहट चौराहे पर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के साथ गंभीर मारपीट की है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में 7-8 लोग एक व्यक्ति पर हमला करते दिखाई दिए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों में भय व्याप्त हो गया। जांच में अमीरुल उर्फ अमरूल हसन, अजमल मेहदी, जाफर खान, हुसैन आगा तथा अन्य लोगों के नाम प्रकाश में आए थे।

एक ही रात में दो घरों में चोरी

दोस्तपुर, सुलतानपुर। दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोशैसिंहपुर ग्रामसभा में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। एक ही रात में हुई दो घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में चिंता और चर्चा का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने मकानों की खिड़कियों में लगी ग्रिल उखाड़कर घरों के अंदर प्रवेश किया। पहली वारदात सूर्य नारायण तिवारी के घर में हुई, जहां चोरों ने अलमारी और लॉकर खंगालते हुए करीब पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर ली। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। वहीं दूसरी घटना झपोली यादव के घर में हुई, जहां चोर दो थान सोने के गहने लेकर फरार हो गए। लगातार दो घरों में चोरी की घटना से ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। सूचना मिलने पर दोस्तपुर थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

बच्चों और महिलाओं का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता : अदिति सिंह

रात्रि चौपाल में विधायक ने जनता से किया संवाद

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने मोदी सरकार के नेतृत्व में केंद्र की निरंतर सेवा के सफल 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विकास खंड राही की ग्राम पंचायत मोनई में ह्यरात्रि चैपालह्व का आयोजन किया। चौपाल के दौरान विधायक ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा लगाए गए विशेष शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, पोषण ट्रैकर पर दर्ज आंकड़ों और टेक-होम-राशन वितरण की समीक्षा की। इस अवसर पर अदिति सिंह ने क्षेत्र की माताओं-बहनों से सीधा संवाद कर विभागीय योजनाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा, बच्चों और महिलाओं का स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता है। कुपोषण मुक्त भारत के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाना है। संवाद के बाद उन्होंने बच्चों को पुष्टाहार किट वितरित कीं, जिसमें दलिया, चना, मूंगफली और फोर्टिफाइड खाद्य सामग्री शामिल थी।

चौपाल में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, लखपति दीदी योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से भी बात की। अदिति सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को सर्वोपरि रखा गया है। डबल इंजन की सरकार में रायबरेली सदर विधानसभा में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। विकास की यह गति आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, सीडीपीओ राही, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, ग्राम प्रधान मोनई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। चौपाल में ग्रामीणों ने स्थानीय समस्याएं भी रखीं, जिनके त्वरित निस्तारण के लिए विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

स्वशासी मेडिकल कॉलेज में ई-टीईपी तकनीक से हर्निया का सफल ऑपरेशन

सुलतानपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सुलतानपुर के चिकित्सकों ने आधुनिक चिकित्सा तकनीक का सफल उपयोग करते हुए एक मरीज के राइट इनगुइनल हर्निया का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस उपलब्धि से जिले में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को नई मजबूती मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार मरीज लंबे समय से दाहिनी ओर हर्निया की समस्या से पीड़ित था और लगातार दर्द के कारण काफी परेशान था। जांच के बाद वरिष्ठ सर्जन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुप्रीत वर्मा ने ऑपरेशन की सलाह दी। इसके बाद डॉ. सुप्रीत वर्मा, डॉ. आकाश और उनकी टीम ने आधुनिक ई-टीईपी (एक्सटेंडेड टोटली एक्स्ट्रापेरिटोनियल) तकनीक से लैप्रोस्कोपिक सर्जरी कर ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है और वह पूरी तरह सुरक्षित है। इस सफल सर्जरी में सीनियर रेजिडेंट डॉ. यशांक एवं डॉ. राजेश, जूनियर रेजिडेंट डॉ. अमित, इंटर्न डॉ. दीपक, सिस्टर सहालिया तथा ओटी असिस्टेंट राहुल और प्रतिभा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मरीज और उसके परिजनों ने पूरी चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा तथा पूर्व प्राचार्य एवं फामाकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने कहा कि संस्थान में इस प्रकार की जटिल सर्जरियों का सफल संचालन स्थानीय लोगों के लिए बड़ी राहत है। अब मरीजों को बेहतर उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा और उन्हें जिले में ही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

ध्यान और योग को दिनचर्या में करें शामिल : डॉ.बीना तिवारी

रायबरेली। कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में आज ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और कमर्चारियों ने योग प्रशिक्षक पूजा सिंह के कुशल निर्देशन में योग अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक पूजा सिंह ने सभी शिक्षकों को योग और उनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने कहा कि ध्यान और योग को सभी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में योग और ध्यान करके शरीर में अतिरिक्त ऊर्जा का संचरण किया जा सकता है साथ ही मन और शरीर दोनों स्वस्थ रहता है। योग प्रशिक्षक पूजा सिंह ने सभी अध्यापकों और कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, ब्रज आसन, कपाल भारती जैसे तमाम आसनों के बारे में बताया और योगाभ्यास किया। यह जानकारी एसजेएस पब्लिक स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने दी।

युवक ने मारपीट और वाहन क्षतिग्रस्त किये जाने का लगाया आरोप

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और वाहन क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया है। भवानीपुर गांव के पूरे लोहारन निवासी पवन पुत्र सूरजपाल ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह 15 जून की शाम करीब पांच बजे अपनी ससुराल पाल्हीपुर गांव गया था। आरोप है कि वहां पहुंचते ही पुरानी रंजिश को लेकर महेश, रवि, मंजू और वीरू ने उसे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं ।पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसकी दोपहिया वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए ।घटना के बाद घायल युवक ने कोतवाली पहुंचकर नामजद तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया को कहना है कि तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की।

सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब युवक अपने बड़े भाई को छोड़कर वापस घर लौट रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदर्श सोनी (19 वर्ष) पुत्र सत्येंद्र सोनी निवासी ग्राम हिलहा अपने बड़े भाई को हलोर छोड़ने गए थे। वापस लौटते समय सुबह करीब 11 बजे जमुरावा गांव स्थित शिव मंदिर के पास सामने से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आदर्श गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनकी मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद अज्ञात बाइक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी। परिजन तत्काल घायल युवक को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महराजगंज लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में जांच के उपरांत हालत नाजुक पाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे एम्स रायबरेली भेज दिया, जहां उसका इलाज जारी है।

गंगा एक्सप्रेस-वे हादसे में फंसे चालक-क्लीनर को बचाने वाले पीआरवी कर्मियों को किया सम्मानित

रायबरेली। थाना लालगंज क्षेत्र के अंतर्गत गंगा एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो घायलों की जान बचाने वाले पीआरवी 7981 के पुलिसकर्मियों को डायल-112 मुख्यालय द्वारा सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गंगा एक्सप्रेस-वे पर एक अज्ञात ट्रक ने एक पिकअप वाहन को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन का चालक और क्लीनर वाहन के केबिन में फंस गए थे। हादसे की सूचना मिलते ही चार पहिया पीआरवी 7981 पर तैनात पुलिसकर्मी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर पीआरवी कर्मियों ने बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिसकर्मियों ने पीआरवी वाहन की मदद से पिकअप के क्षतिग्रस्त केबिन को खींचकर उसमें फंसे चालक और क्लीनर को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पीआरवी कर्मियों की तत्परता के कारण घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। साथ ही दुर्घटना के कारण बाधित हुए यातायात को भी पुलिसकर्मियों ने व्यवस्थित कर सुचारू कराया। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय थाना पुलिस को भी दी गई। पीआरवी 7981 के कर्मचारियों द्वारा किए गए इस मानवीय और साहसिक कार्य को डायल-112 मुख्यालय ने सराहते हुए ह्यह्यपीआरवी आफ द डेह्यह्य घोषित किया। इस उपलब्धि पर पीआरवी कर्मियों उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह कमांडर व होमगार्ड मनीष कुमार सिंह पायलट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप

- –ग्रामसभा बरउवा के ग्रामीणों ने डीएम और मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर की जांच की मांग

सतांव, रायबरेली। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामसभा बरउवा के ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते शनिवार को शासन के निर्देश पर आवास के संबंध में खुली बैठक हुई थी, लेकिन ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान पति ने चुनिंदा लोगों को ही सूचना दी और बाकी मजरे के लोगों को खुली बैठक के सम्बन्ध मे कोई जानकारी व मुनादी नही कराई गई।

शिकायती पत्र में बताया गया है कि शासन को गुमराह करने के लिए केवल एक जगह मुनादी कराकर वीडियो बना लिया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा प्रधान पति के आवास पर ही बैठक कर ली गई, जबकि नियमानुसार बैठक पंचायत भवन में होनी चाहिए थी। जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई और उन्होंने बीडीओ से शिकायत की, तो आनन-फानन में पंचायत भवन में दूसरी बैठक बुलाई गई, लेकिन उस बैठक में ग्राम प्रधान खुद मौजूद नहीं थीं। ग्रामीणों का दावा है कि इसका वीडियो भी उनके पास उपलब्ध है। गांव की रहने की वाली रेनू पत्नी श्याम सुन्दर, सीमा पत्नी स्व. रामविलास , रेखा पत्नी अनिल कुमार, मीना पत्नी संतलाल, अनीता पत्नी गरीब, सुशीला पत्नी कल्लू, अर्चना पत्नी लाला आदि ने डीएम से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई हो। साथ ही छूटे हुए पात्र लोगों के नाम आवास सूची में जोड़े जाएं और अपात्र लोगों के नाम हटाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है वास्तविक गरीब और जरूरतमंद लोग आज भी टूटी-फूटी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं, जबकि रसूखदारों के नाम सूची में शामिल कर लिए गए हैं।

किसानों की समस्याओं पर गरजे किसान नेता

- 12 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन

सुलतानपुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को किसान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह को सौंपा ।धरने को संबोधित करते हुए संगठन के नेताओं ने कहा कि किसानों को आज भी अनेक बुनियादी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। ज्ञापन में फार्मर रजिस्ट्री में हो रही त्रुटियों को दूर करने, खतौनी में खातेदारों का अंश निर्धारण कराने, लो वोल्टेज और खराब ट्रांसफार्मरों की समस्या का समाधान करने तथा यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके अलावा किसानों को उन्नत बीज और गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक उपलब्ध कराने, उपनिबंधक कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने तथा पशुओं में फैल रही संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग भी की गई। संगठन ने गौशालाओं एवं चारागाह की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा शारदा सहायक खंड-16 एवं 49 की माइनरों एवं अल्पिकाओं की सफाई कराने पर भी जोर दिया।

किसान नेताओं ने राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा किसानों के कथित उत्पीड़न को रोकने तथा कृषि यंत्रों एवं कृषि ऋण उपलब्ध कराने में बैंकों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी धरना-प्रदर्शन में जिला महामंत्री कर्मराज दुबे, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सैयद बेगम, जिला महासचिव पूजा दुबे, मंडल उपाध्यक्ष रमेश चंद्र, भदैया ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार यादव, रिजवान अहमद, फहीम हाशमी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन ने सौंपा 45 सूत्रीय ज्ञापन

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की ओर से सोमवार को बरौंसा पुलिस चौकी के बगल पंचायत आयोजित कर किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। पंचायत के बाद संगठन पदाधिकारियों ने 45 सूत्रीय मांगपत्र तहसीलदार मयंक मिश्रा को सौंपा, और उसके निस्तारण की मांग की ।पंचायत में किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं के समाधान समेत विभिन्न मुद्दे उठाया। मांगपत्र में राजस्व, खाद्य एवं रसद, पुलिस, विकास, शिक्षा, वन, पशुधन, कृषि, बिजली सहित कई विभागों से संबंधित मांगें शामिल थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष हृदयराम वर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाए। इसी संगठन ने एमएसपी के लिए उच्चतम न्यायालय में पीआईएल दाखिल किया है। तहसील अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने आरोप लगाया कि कई विभागों में शिकायतों के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इस दौरान जिला अध्यक्ष योगेंद्र श्रीवास्तव, अशोक सिंह,कृष्णा वर्मा रामपुर बरौंसा,राम शिरोमणि कनौजिया सहित सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

पैसों के विवाद में बेटे ने पिता की लाठी-डंडों से पीटकर की हत्या

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के टिकरान गांव में पैसों को लेकर हुए विवाद में एक नशे के आदी युवक ने अपने ही पिता की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस आरोपी बेटे को ढूंढ रही है। घटना सोमवार सुबह 10 बजे की बताई जाती है। पुलिस के अनुसार, टिकरान गांव निवासी देवता प्रसाद पासी पुत्र पंची पासी उम्र लगभग 56 वर्ष का अपने बेटे दिलीप से पैसों को लेकर विवाद हो गया था। घर वालों काआरोप है कि नशे में धुत दिलीप ने इसी दौरान लाठी-डंडे से पिता पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल देवता प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली लालगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी बेटे दिलीप की तलाश की जा रही है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मौके पर सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने मामले की लिखा पड़ी की है। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। वहीं मृतक के भाई राम प्रसाद ने शिकायती पत्र देकर पोस्टमार्टम के साथ-साथ जांच किए जाने की मांग की है।

गंगा सेवी एवं साहित्य सेवी सम्मान से सम्मानित हुए सौरभ मिश्र विनम्र

सुलतानपुर। सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' को उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित दिव्य गंगा सेवा मिशन द्वारा गंगा सेवी सम्मान एवं साहित्य सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. सौरभ मिश्र मूल रूप से गाना मिश्र के पुरवा, कटका के निवासी हैं। उन्होंने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, यातायात जागरूकता, रक्तदान, पक्षी संरक्षण सहित अनेक जनहित कार्यों के माध्यम से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। इसके साथ ही वे निरंतर कवि सम्मेलनों एवं साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर हिंदी साहित्य के प्रचार-प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह सम्मान दिव्य गंगा सेवा मिशन के राष्ट्रीय संयोजक केशव पांडेय एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश दुबे द्वारा उन्हें प्रदान किया गया। संस्था ने उनके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवाओं के प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सम्मान प्राप्त होने पर डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि कटका क्लब सामाजिक संस्था के प्रत्येक सदस्य एवं उन सभी सहयोगियों का है, जो निस्वार्थ भाव से समाजहित के कार्यों में निरंतर सहयोग करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण और साहित्य के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। डॉ. सौरभ मिश्र को मिले इस राष्ट्रीय सम्मान पर क्षेत्र के सामाजिक, साहित्यिक एवं राजनीतिक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

हत्या का केस दर्ज करने की उठायी मांग

मोतिगरपुर, सुल्तानपुर। स्थानीय कस्बे में भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर विरोध-प्रदर्शन हो रहा है. इसी को लेकर युवा एंव बुजुर्ग सैकड़ो की संख्या में सड़कों पर उतरे और कैंडल मार्च निकाला. युवाओं ने 'भरत तिवारी अमर रहें' के नारे लगाए और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की. इसी के साथ एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग उठाई। कैंडल मार्च कंपोजिट विद्यालय मोतिगरपुर से शुरू होकर चौक से कादीपुर रोड, दोस्तपुर रोड, दियरा रोड होते हुए पुनः कंपोजिट विद्यालय के सामने समापन किया गया ।भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के बेलौटी गांव में बुधवार 17 जून को भरत तिवारी नाम के युवक का एनकाउंटर कर दिया गया ।अब यह मामला लगातार तूल पकड़ रहा है. इस मामले को लेकर लोगों में आक्रोश बना हुआ है. जहां एक ओर पुलिस इस कार्रवाई को मुठभेड़ बता रही है, वहीं दूसरी ओर परिजन और स्थानीय लोग इसे फर्जी एनकाउंटर बोल रहे हैं. इसी को लेकर शहर में युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला और आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक्शन की मांग उठाई। मोतिगरपुर के अरुण मिश्र के नेतृत्व में विशाल कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च में शामिल युवा हाथों में मोमबत्तियां लेकर चल रहे थे और भरत तिवारी अमर रहें' के नारे लगा रहे थे। न्याय की मांग वाले पोस्टर लेकर बड़ी संख्या में युवाओं ने मार्च में हिस्सा लिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि भरत तिवारी की मौत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस मामले में शामिल आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए. युवाओं ने यह भी कहा कि भरत तिवारी व्यवस्था की कथित ज्यादती का शिकार हुए हैं। कार्यक्रम में प्रधान पुजारी मिश्र, राजकुमार तिवारी, अनिल पाठक, मुकुंद मिश्र, सौरभ मिश्र विराट, पवन सिंह, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल मिश्र, सुनील तिवारी, राकेश पाण्डेय, इद्रीश अली, राम सागर दूबे, भगवत

एम्स में दर्द चिकित्सा ओपीडी का शुभारंभ

रायबरेली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली के एनेस्थीसियोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर विभाग द्वारा आज समर्पित दर्द चिकित्सा ओपीडी का शुभारंभ किया गया। यह पहल तीव्र एवं दीर्घकालिक दर्द से पीड़ित रोगियों को विशेषज्ञ, समग्र एवं आधुनिक दर्द प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस दर्द चिकित्सा ओपीडी का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन, के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रगति गर्ग (डीन परीक्षा), डॉ. अर्चना वर्मा (डीन अनुसंधान), कर्नल अखिलेश सिंह (उप निदेशक प्रशासन), डॉ. कुमार धर्मेन्द्र सिंह, उप चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. जमील अब्दुल अलीम (विभागाध्यक्ष, एनेस्थीसियोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर), डॉ गिरीश कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, एनेस्थीसियोलॉजी सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। दर्द विश्वभर में विकलांगता एवं जीवन की गुणवत्ता में कमी का एक प्रमुख कारण है। कमर दर्द, गर्दन दर्द, कैंसर जनित दर्द, नसों का दर्द, जोड़ों एवं मांसपेशियों का दर्द तथा ऑपरेशन के बाद लंबे समय तक बने रहने वाले दर्द जैसी समस्याओं से अनेक रोगी प्रभावित होते हैं। इस ओपीडी में दीर्घकालिक कमर एवं गर्दन दर्द का मूल्यांकन एवं उपचार, कैंसर जनित दर्द प्रबंधन, न्यूरोपैथिक दर्द का उपचार, जोड़ों एवं मांसपेशियों के दर्द का प्रबंधन, पेलिएटिव केयर में दर्द नियंत्रण, पोस्ट-सर्जिकल एवं पोस्ट-ट्रॉमेटिक दर्द का उपचार, जटिल एवं दीर्घकालिक दर्द रोगियों का समग्र मूल्यांकन आदि सेवाएं उपलब्ध होंगी

इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) अमिता जैन ने कहा कि समर्पित दर्द चिकित्सा सेवाओं की स्थापना से रोगियों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। उन्होंने इस पहल को संस्थान में रोगी-केंद्रित एवं सुपरस्पेशियलिटी सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

एनेस्थीसियोलॉजी विभाग से एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. गिरीश कुमार सिंह, एमडी डीएम (दर्द चिकित्सा) ने बताया कि दीर्घकालिक दर्द को आज एक स्वतंत्र रोग के रूप में मान्यता प्राप्त है तथा इसके लिए विशेष मूल्यांकन एवं उपचार की आवश्यकता होती है। यह नई ओपीडी रोगियों को वैज्ञानिक, साक्ष्य-आधारित एवं करुणामय दर्द प्रबंधन सेवाएं प्रदान करेगी। दर्द चिकित्सा ओपीडी में नियमित रोगी सेवाएं 23 जून 2026 से प्रारंभ होंगी। यह ओपीडी सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, शुक्रवार एवं बुधवार को संचालित की जाएगी।

यह विशेष ओपीडी रायबरेली एवं आसपास के जनपदों के रोगियों को आधुनिक, सुरक्षित एवं प्रभावी दर्द प्रबंधन सेवाएं उपलब्ध कराएगी। इससे दीर्घकालिक दर्द से पीड़ित रोगियों को विशेषज्ञ परामर्श, उन्नत इंटरवेंशनल प्रक्रियाएं तथा समग्र उपचार एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

संक्षेप

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

भटनी(देवरिया)।स्थानीय थाना क्षेत्र के घाँटी बाजार में सडक दुर्घटना मे बाईक सवार गम्भीर रुप में घायल हो ।सोमवार को सुबह मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार के दौरान दर्दनाक मृत्यु हो गयी ।मृत्यु के बाद ननिहाल व गाँव में मातम छा गया ।मृतक 24वर्षीय चंदन प्रसाद पुत्र ददन प्रसाद मूल रुप से भाटपाररानी थाना क्षेत्र के ग्राम बर ईपार का निवासी था ।जो अपने ननिहाल घाँटी बाजार में अपने नाना बाँकेलाल प्रसाद के घर रहता था ।जो तीन भाईयो में सबसे छोटा था ।पिछले 12जून को सायंकाल सडक दुर्घटना में गम्भीर रुप मे घायल हो गया था ।पहले सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी वहाँ से मेडिकल कालेज देवरिया और वहां से मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार चल रहा था ।सोमवार की सुबह मेडिकल कालेज में ही दम तोड दिया ।पोस्टमार्टम के बाद शव पैतृक गाँव आते ही ग्रामीणों की भीड आ गयी । परिजन रोने बिलखने लगे भाईयो का रो रोकर बुरा हाल है ।

विकास कार्यों की समीक्षा में कृषि मंत्री ने दिए आवश्यक निर्देश

- विद्युत, सिंचाई और कृषि विभाग समयबद्ध ढंग से करें कार्य

देवरिया। गांधी सभागार, विकास भवन, में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए कि जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए कृषि, पशुपालन, उद्यान, नलकूप, विद्युत एवं सिंचाई विभाग अपने-अपने विभागीय कार्यों का समयबद्ध एवं सुचारु संचालन सुनिश्चित करें ।कम वर्षा में होने वाली फसलों को बढ़ावा देने हेतु कृषकों को जागरूक किया जाए तथा विभागीय माध्यम से समय से बीज उपलब्ध कराए जाएं। शत-प्रतिशत नलकूपों को क्रियाशील कराया जाए।रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए इसकी जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित कराई जाए। विद्युत संबंधी खराबियों का तत्काल निस्तारण कराया जाए।विकास खंड गौरीबाजार में विद्युत संबंधी अधिक शिकायतें प्राप्त होने पर अधीक्षण अभियंता को तत्काल समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए।

नहरों में टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। निराश्रित गो-आश्रय स्थलों पर पशुओं को गर्मी से बचाने के समुचित उपाय किए जाएं तथा भूसा, हरा चारा एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पशुपालकों को भी गर्मी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जाए ।नवनिर्मित सड़कों के किनारे वृक्षारोपण कराया जाए तथा अधूरे कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराया जाए।

जिला पंचायत राज अधिकारी, देवरिया को निर्देशित किया गया कि अमृत सरोवरों एवं गांवों के अन्य तालाबों/पोखरों की साफ-सफाई कराई जाए तथा गांव का गंदा पानी तालाबों में जाने से रोका जाए, जिससे पशुओं को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके।

35 वर्ष से चले आ रहे भूमि विवाद का एसडीएम डॉ. बघेल ने कराया निस्तारण

कसया, कुशीनगर। जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश पर उप जिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल ने 35 वर्षों से चले आ रहे भूमि विवाद का निस्तारण करा दिया ।सोमवार को एसडीएम डॉ बघेल राजस्व टीम के साथ ग्राम रमवलिया थाना व तहसील कसया पहुंचे और बड़े बुजुर्गों की उपस्थिति में उभय पक्ष के अति विवादित प्रकरण को निस्तारित करवा दिया। बता दें कि भूमि विवाद के निस्तारण को लेकर श्याम जी पांडे 1991 में सिविल कोर्ट फिर हाई कोर्ट फिर तहसील जिले का चक्कर 35 सालों से लगारहे थे। यह विवाद गाटा नंबर 186 रकबा 990 वर्ग मीटर भूमिधरी जमीन जो की आबादी के मध्य है को लेकर चल रहा था। यह विवाद श्याम जी पांडेय पुत्र स्वर्गीय गुलाब पांडे अशोक पांडेय तथा कन्हैया पांडेय, चंद्रभूषण पांडेय, रवि प्रकाश पांडेय, योगेंद्र पांडेय, जयप्रकाश पांडेय के मध्य चल रहा था ।डीएम कुशीनगर के जनता दर्शन में श्याम जी पांडेय ने प्रार्थना पत्र देकर प्रकरण के समाधान की अपील की थी। जिसपर जिलाधिकारी ने प्रकरण को मौके पर पर जाकर निस्तारित कराने के निर्देश दिए थे ।इस सम्बन्ध में एसडीएम कसया ने बताया कि यह प्रकरण अति विवादित था। जिसका समाधान करा दिया गया। इस दौरान राजस्व निक्षक मारकंडे, लेखपाल गौरव प्रताप, कसया पुलिस बल तथा ग्राम वासी मौजूद थे।

हाईवे पर तेज रफ्तार कार ट्रक से भिड़ी, दो की मौत, पांच घायल

कुशीनगर। कसया थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर पकवाइनार चौराहे के सामने एक ट्रक के पीछे एक तेज रफ्तार कार भीड़ गई। जिससे उसमें बैठे दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पांच अन्य घायल हो गए ।मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को अपराह्न तीन बजे करीब प्रॉपर्टी डिलिंग कंपनी से जुड़े लोग अपने ग्राहकों को जमीन दिखा कर गोरखपुर की ओर टाटा नेक्सॉन कार से कसया की ओर आ रहे थे। कार जैसे ही पकवाइनार चौराहे के सामने पहुंची की आगे चल रही एक ट्रक से भीड़ गई। जोरदार टक्कर की वजह से कार के परखच्चे उड़ गए। जिससे जबकि प्रदीप कुमार पुत्र जोगेन्द्र निवासी कटया थाना कटया बिहार, विजय पुत्र विश्वनाथ शर्मा निवासी बहादुरपुर थाना तरयासुजान जनपद कुशीनगर, आदित्य शर्मा पुत्र गुड्डु शर्मा निवासी सुखारी छपरा थाना कसया जनपद कुशीनगर, दिव्यांश शर्मा पुत्र विजय शर्मा निवासी बहादुरपुर थाना तरयासुजान जनपद कुशीनगर, आमोद कुमार पुत्र हीरालाल राम निवासी करमैंनी थाना कुचायकोट जनपद गोपालगंज बिहार घायल हो गए। जबकि दो की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों के सहयोग से घायलों को जरिए एम्बुलेंस सरकारी हॉस्पिटल कसया पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने रविन्द्र यादव निवासी जंगल गोडरिया, जनपद कुशीनगर और एक अन्य को मृत घोषित कर दिया। जिसकी खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो पाई थी। जबकि पांच को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

करंट लगने से बालक की मौत, सदमे में अस्पताल जा रहे पिता घायल

कुशीनगर। जिले के कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम सखवनिया बुजुर्ग टोला शिवराजपुर में सोमवार को एक हृदयविदारक हादसे में सात वर्षीय बालक की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं बेटे की मौत की सूचना पाकर अस्पताल जा रहे पिता भी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल ने घटना की जानकारी ली और नियमानुसार सहयोग का भरोसा दिया ।जानकारी के ग्राम निवासी छः वर्षीय यश कुमार पुत्र कृष्णा प्रसाद घर में लगे तूफान फैन की सफाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक बिजली आपूर्ति बहाल हो गई और बालक करंट की चपेट में आ गया। परिजनों ने उसे गंभीर अवस्था में तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, पुत्र के करंट लगने और अस्पताल ले जाए जाने की सूचना मिलने पर उसके पिता कृष्णा प्रसाद बाइक से जिला अस्पताल के लिए रवाना हुए। रास्ते में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई, जिससे उनके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई और पैर टूट गया। उनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बालक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की सूचना उपजिलाधिकारी कसया तथा स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। एक ही परिवार पर एक साथ आई इस दोहरी विपत्ति से गांव के लोग स्तब्ध हैं। ग्रामीणों ने विद्युत उपकरणों की सफाई या मरम्मत के दौरान मुख्य बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रखने तथा विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

हाथ में तमंचा, मरीजों से धक्का-मुक्की, किलकारी हॉस्पिटल के डॉ. कमलेश वर्मा का वीडियो वायरल

किलकारी हॉस्पिटल में इलाज कम, बवाल ज्यादा? अल्ट्रासाउंड विवाद से खुला पुराने कारनामों का पिटारा

जिला संवाददाता

कुशीनगर। अपने चिकित्सकीय दायित्वों से इतर व्यवहार कर मरीजों एंव उनके परिजनों के साथ मारपीट व विवादों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले किलकारी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. कमलेश वर्मा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। चर्चा की वजह हर बार की तरह सोशल मीडिया पर तेजी

- किलकारी हॉस्पिटल फिर विवादों के भंवर में

से वायरल हो रहा एक वीडियो है, जिसमें अस्पताल परिसर में हंगामे जैसे माहौल के बीच डॉ कमलेश वर्मा हाथ में तमंचा लेकर कुछ लोगो के साथ धक्का-मुक्की और तीखी बहस करते हुए नजर आ रहे है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है ।चिकित्सकों को ₹धरती का भगवान₹ मानने वाले लोग भी इस घटना पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि वीडियो की सत्यता और उसमें दिखाई दे रहे लोगों की पहचान की आधिकारिक पुष्टि अभी जांच का विषय है।

वीडियो के बाद सामने आई लिखित शिकायत

वायरल वीडियो के बीच अधिवक्ता संकल्प चतुवेर्दी द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत ने मामले को और गंभीर बना दिया है। शिकायत के अनुसार, पेट की पथरी की जांच के लिए कराए गए अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट पर सवाल उठाने के बाद विवाद शुरू हुआ।

तहरीर मे संकल्प चतुवेर्दी ने कहा है कि जब वह अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट पर संबंधित डॉक्टर का नाम और हस्ताक्षर न होने का कारण पूछा तो डॉ. कमलेश वर्मा भड़क उठे। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए अपने हाथ में तमंचा लेकर दौड़ा दिया और धमकी दी

कि ₹तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे, मेरा सम्बन्ध बड़े-बडे अधिकारियों से है ।₹शिकायतकर्ता का दावा है कि यदि मौके पर मौजूद स्थानीय लोग बीच-बचाव न करते तो कोई बड़ी घटनी घट सकती थी।

बाद में लोगों ने कथित तौर पर डॉक्टर के हाथ से तमंचा भी छीन लिया और पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर कोतवाली पहुंचा।

शिकायत में गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं, जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जानी है।

पुराने विवादों की लंबी फेहरिस्त

स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि किलकारी हॉस्पिटल और उसके संचालक डॉ. कमलेश वर्मा का विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले भी अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों के साथ हॉकी से मारपीट का मामला सुर्खियों में रहा था। उस घटना के वीडियो और चचाओं ने पूरे जिले में हलचल मचा दी थी ।क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि लगभग हर वर्ष किसी न किसी मरीज, तीमारदार या परिजन के साथ विवाद, अभद्र व्यवहार, मारपीट या तीखी नोकझोंक को लेकर डॉ. वर्मा चर्चा में बने रहते हैं। यही वजह है कि ताजा शिकायत सामने आने के बाद लोगों के बीच फिर यह सवाल उठने लगा है कि आखिर स्वास्थ्य सेवा के नाम पर चल रहे संस्थानों में मरीजों और उनके परिजनों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों हो रहा है? वीडियो ने पुराने मामलों की याद भी ताजा कर दी है।

अब सवाल यह है कि आखिर एक चिकित्सक, जिसकी पहचान सेवा और संवेदनशीलता से होनी चाहिए, उसका नाम बार-बार विवादों से क्यों जुड़ रहा है?

स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की भूमिका पर नजर

वायरल वीडियो और शिकायत पत्र के बाद मामला पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं।

यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला केवल एक अस्पताल का नहीं, बल्कि चिकित्सा पेशे की गरिमा और मरीजों की सुरक्षा से भी जुड़ा सवाल बन जाएगा।

नीतू चौरसिया ने एमएसी गणित में 88,60प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

भटनी(देवरिया)।स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम गोपलही निवासी अनिल चौरसिया की सुपुत्र नीतू चौरसिया ने दी द उ गोरखपुर विश्वविद्यालय के एम ए सी गणित विषय मे 88,60% अंक पाकर जिला व क्षेत्र का सम्मान बढायी है ।इनकी सफलता पर प्रधानाचार्य डाँ रविन्द्र राय भाजपा नेता प्रवीण कुमार राय प्रमोद तिवारी अनिल दुबे यादवलाल कुशवाहा राकेश कुमार सिंह मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया ।नितू चौरसिया ने इसका श्रेय पिता पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चौरसिया व विश्वविद्यालय के गुरुजनों को दिया है ।

न्यायालय आपके द्वार योजना के तहत पुराने राजस्व वादों का मौके पर निस्तारण

देवरिया। न्यायालय आपके द्वार योजना के अंतर्गत धारा 24, धारा 116 एवं धारा 34 के तहत लंबित एवं पुराने वादों का मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज उप जिलाधिकारी सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव द्वारा रामपुर बुजुर्ग, चेरो, तकिया टोला, भीमपुर एवं कपूरी ग्रामों का भ्रमण कर पुराने वादों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा संबंधित प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। उप जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित पक्षकारों से संवाद कर राजस्व विवादों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि न्यायालय आपके द्वार योजना का उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना तथा पुराने लंबित वादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है।

कांग्रेस अध्यक्षअजय राय ने अमेरिका हमले में मारे गये शिवानंद चौरसिया के परिवार से की मुलाकात

जिला संवाददाता

देवरिया । हुर्मुज क्षेत्र में हुए अमेरिकी हमले में जान गंवाने वाले देवरिया के सुरौली गांव निवासी भारतीय नाविक दिवंगत शिवानंद चौरसिया के परिवार को न्याय दिलाने की मांग अब और तेज हो गई है। सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय शहर के सुभाष चौक पर चल रहे न्याय सत्याग्रह में शामिल होकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। उसके बाद शिवानंद चौरसिया के पैतृक आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि शिवानंद चौरसिया की मृत्यु केवल एक परिवार की व्यक्तिगत क्षति नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए पीड़ादायक घटना है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ चट्टान की तरह खड़ी है और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

सुभाष चौक पर आयोजित न्याय सत्याग्रह को संबोधित करते हुए अजय राय ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यदि विदेशों में कार्यरत भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कूटनीतिक पहल की गई होती, तो ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सकता था। उन्होंने इसे केंद्र सरकार की कूटनीतिक विफलता बताते हुए कहा कि यह केवल तीन भारतीय नागरिकों की मृत्यु का प्रश्न नहीं, बल्कि खाड़ी देशों में कार्यरत करोड़ों भारतीयों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा गंभीर विषय है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार दिवंगत शिवानंद चौरसिया के परिवार के साथ न्याय करने के बजाय उन्हें आश्वासनों के जाल में उलझा रही है। अजय राय ने जिला प्रशासन और सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि तब तक परिवार की न्यायोचित मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में सहायता राशि संग्रह अभियान चलाएगी और आंदोलन को व्यापक जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा ।अजय राय ने कहा कि प्रशासन और सरकार को पीड़ित परिवार की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिवंगत शिवानंद चौरसिया के परिवार की सभी मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं और उन्हें तत्काल स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन को निर्धारित समय दिया जाए, लेकिन यदि समयसीमा के भीतर न्याय नहीं मिला तो संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे ।न्याय सत्याग्रह के चौथे दिन दिवंगत शिवानंद चौरसिया के परिवार के सदस्य भी आंदोलन में शामिल हुए। उनके भाई रामप्रवेश चौरसिया एवं अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने प्रारंभिक दौर में कई आश्वासन दिए थे, लेकिन बाद में अपने वादों से पीछे हट गया। परिवार का कहना है कि सम्मानजनक मुआवजा और एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने के संबंध में सकारात्मक संकेत मिलने के बावजूद अब प्रशासन बातचीत तक करने को तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार को लगातार गुमराह किया गया और उनकी जायज मांगों की उपेक्षा की जा रही है ।दिवंगत शिवानन्द चौरसिया के छोटे भाई रामप्रवेश चौरसिया ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कराने की इच्छा भी व्यक्त की। इस पर अजय राय ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी परिवार की आवाज को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का कार्य करेगी ।न्याय सत्याग्रह की प्रमुख मांगों में दिवंगत शिवानंद चौरसिया को शहीद का दर्जा प्रदान करना, परिवार के एक आश्रित सदस्य को सरकारी नौकरी देना, उनके बच्चों की शिक्षा का संपूर्ण व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन करना तथा परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करना शामिल है ।इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह,पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, पूर्व विधायक सदल प्रसाद, निर्वतमान उपाध्यक्ष केशव चन्द यादव,आलोक प्रसाद, शहला अहरारी,पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश',धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, विजय सिंह, राजेश तिवारी,मुकुंद भास्कर मणि, निर्मला पासवान, अरविन्द शाही,भरत मणि त्रिपाठी,जुलेखा खातून, जयप्रकाश धनगर, अब्दुल जब्बार, डॉ. धर्मेंद्र पाण्डेय,राम अशीष साहनी,वरुण राय, चन्दन वर्मा, संजीव कुमार मिश्रा,दीनदयाल प्रसाद, हरिहर त्रिपाठी, मार्कण्डेय मिश्रा,विजय शंकर मिश्रा,धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय,मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, आलोक त्रिपाठी राजन,शहनाज जफर, रीता देवी, निर्मला वर्मा, विनोद दुबे, गोविन्द मिश्रा, हर्षित सिंह, मिर्जा खुर्शीद, अशोक कुशवाहा,मुजफ्फर हुसैन मंसूरी,सुनील द्विवेदी, मुलायम यादव, विनोद त्रिपाठी, धनंजय यादव, डॉ.एस.के.पाठक, सत्य प्रकाश मणि, चंद्रीका निषाद,सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, राजकुमार यादव, कपिल मुनि त्रिपाठी, प्रिंस पाण्डेय,रजत सिंह,सुफी सलीम, प्रांजल त्रिपाठी, सतीश साहनी, विवेक मिश्रा,शम्स आरफीन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण

देवरिया।जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सील की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों तथा ईवीएम-वीवीपैट के रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ एवं मानक के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, उप जिलाधिकारी रत्नेश तिवारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से विजय पटेल, जिलाध्यक्ष सपा व्यास यादव, समाजवादी पार्टी से विकास यादव, रमेश यादव एवं रामप्रीत यादव, आम आदमी पार्टी से वरुण सिंह बघेल, अपना दल से राकेश बहादुर सिंह पटेल एवं कौशल सिंह तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से जयप्रकाश यादव तथा निर्वाचन कार्यालय से विजय पांडेय एवं निर्मल कुमार उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यशाला की बैठक सम्पन्न

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी की आगामी जिला कार्यशाला एवं प्रशिक्षण वर्ग को सफलतापूर्वक आयोजित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला स्तरीय तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यशाला की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा विभिन्न दायित्वों पर विस्तार से चर्चा करते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं ।बैठक के मुख्य अतिथि जिला कार्यशाला प्रभारी विनोद कुमार यादव ने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग संगठन की कार्यप्रणाली को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति तथा जनसेवा के विभिन्न आयामों की जानकारी प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें ।विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक मजबूती का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की योजनाओं और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से प्रशिक्षण वर्ग को अनुशासित, व्यवस्थित एवं सफल बनाने का आह्वान किया ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि जिला कार्यशाला में अधिक से अधिक कार्यकताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए सभी मंडलों एवं मोर्चों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

मॉल की लिफ्ट में 35 मिनट तक फंसे रहे 13 लोग, घबराहट से किशोरी बेहोश

बरेली ।जिला मुख्यालय के सिविल लाइंस स्थित सिटी सेंटर एलए मॉल की लिफ्ट रविवार रात करीब 10 बजे बिजली गुल होने से अटक गई, जिससे 13 लोग करीब 35 मिनट तक फंसे रहे और एक किशोरी बेहोश हो गई।

पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने बताया कि भीषण गर्मी और उमस में 13 लोग करीब 35 मिनट तक अंदर फंसे रहे। इस दौरान घबराहट के कारण बिहारीपुर निवासी शालिनी (17) बेहोश हो गई। लिफ्ट में तीन बच्चों और चार महिलाओं समेत 13 लोग सवार थे। मूवी फ्लोर और सेकंड फ्लोर से होते हुए लिफ्ट फर्स्ट फ्लोर पर पहुंचने वाली थी, तभी बिजली चली गई। अंदर फंसे लोगों ने पहले मदद के लिए आवाज लगाई। उन्होंने सुरक्षा प्रभारी को 8-10 बार कॉल किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। शालिनी के बेहोश होते ही अंदर मौजूद युवकों ने लिफ्ट का गेट तोड़ना शुरू किया। बाहर से फर्स्ट फ्लोर पर मौजूद लोगों और मॉल कर्मियों ने भी मदद की। करीब 30-35 मिनट बाद गेट तोड़कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों के बयान दर्ज किए हैं और कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (प्रथम) आशुतोष शिवम के अनुसार, सूचना पर चौकी चौराहा पुलिस भेजी गई थी, लेकिन तब तक लोग बाहर आ चुके थे। मॉल प्रबंधन ने पुलिस को बताया कि बिजली जाने के बाद जनरेटर चालू होने से पहले ही अंदर किसी ने गेट पर लात मार दी, जिससे सेंसर ने काम करना बंद कर दिया। रविवार को बड़ी संख्या में लोग सिनेमा देखने और घूमने मॉल पहुंचे थ

बरेली सेंट्रल जेल से फरार हुआ कैदी, सात कर्मचारी निलंबित

बरेली ।जिले के इज्जतनगर स्थित केंद्रीय कारागार से सोमवार दोपहर उम्रकैद की सजा काट रहा एक कैदी फरार हो गया। इस मामले में सात कर्मचारियों को कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। कारागार के सूत्रों ने बताया कि अमरोहा का रहने वाला दिनेश नामक कैदी उम्रकैद की सजा के तहत पिछले छह वर्षों से बरेली केंद्रीय कारागार में बंद था। दिनेश को खेत में काम कराने के लिये जेल की मुख्य चहारदीवारी से बाहर ले जाया गया था और इसी दौरान वह जेलकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया ।सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य समेत कई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जिम्मेदार कर्मचारियों की भूमिका की जांच के निर्देश दिये ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई हैं और उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस सर्विलांस, स्थानीय नेटवर्क और अन्य तकनीकी माध्यमों की मदद से फरार कैदी की तलाश में जुटी है और आसपास के जिलों की पुलिस को भी सतर्क कर दिया गया है।

बरेली केंद्रीय कारागार के सूत्रों ने बताया कि जेल के वरिष्ठ अधीक्षक अविनाश ने प्रथम दृष्टया लापरवाही मानते हुए जेल वार्डन विशंभर सिंह, अर्जुन प्रसाद, गेंदनलाल, मुकेश कुमार और मोहित कुमार को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विजय कुमार और यशपाल के खिलाफ भी निलंबन की कार्वाई की गई है। जेल प्रशासन ने पूरे मामले की विभागीय जांच शुरू कर दी है।

भीषण हादसों के सबक ?

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अग्नि दुर्घटना का ऐसा मंजर लोगों ने देखा जिसकी हृदय विदारक तस्वीरें कोई भी व्यक्ति जीवन में भुला नहीं पायेगा। इस अग्नि दुर्घटना से भविष्य को रोशन करने के लिए पढ़ाई कर रहे छात्रों के घरों का चिराग बुझ गया। प्रशासनिक अक्षमता और सब कुछ चलता है जैसी हमारी तदर्थवादी और लापरवाह मानसिकता ने ऐसा जख्म दिया, जो लंबे समय तक दर्द देगा। कोचिंग संस्थानों में, होटलों में और अस्पतालों में जहां बड़ी संख्या में व्यक्ति की मौजूदगी होती है, वहां अग्नि दुर्घटना रोकने के लिए विशेष इंतजाम होते हैं, साथ ही इस बात का भी ख्याल किया जाता है कि अगर दुर्घटना हो जाये, तो मौजूद लोगों के जीवन को बचाने का इंतजाम हो। इसीलिए साधारण यात्री बस हो या पैसेंजर ट्रेन के डिब्बे, इंमरजेंसी गेट लगाये जाते हैं। दुर्घटना के समय इनका कितना सार्थक उपयोग होता है, यह अलग विषय है, लेकिन बस, ट्रेन से लेकर होटल, अस्पताल, कोचिंग, स्कूल आदि में वैकल्पिक या कहें इमरजेंसी एक्जिट दिया जाता है ताकि अग्नि दुर्घटना, भूकंप या दूसरे तरह की आपात स्थिति आने पर लोगों के जीवन पर आने वाले संकट को टाला जा सके। गर्मियों में अग्नि दुर्घटना होना कोई

आश्चर्य की बात नहीं है। कोई भी केबल जल सकती है, विद्युत चालित यंत्र में आग लग सकती है, एसी, फ्रिज आदि के कम्प्रेसर फट सकते हैं, बड़ी बिल्डिंगों में किचेन से, गैस से, चाय-कॉफी बनाते समय अग्नि दुर्घटना हो सकती है। जब तापमान 40 डिग्री सेंटीग्रेट को पार कर जाता है, तो शहरों के कंक्रीट के जंगल दहकने लगते हैं। ऊपर से वाहनों की रेलमपेल और ठंड के लिए लगाया जाने वाले एसी भी दहकती आग में घी डालते हैं। इस तरह की भीषण गर्मी में छोटी सी चिंगारी भी दावानल बन जाती है। लखनऊ में अलीगंज स्थित कोचिंग सेंटर में यही हुआ। भीषण गर्मी में सब कुछ पहले से दहक रहा था, भीषण गर्मी से बचने के लिए एसी लगे थे, एसी में शॉर्ट सर्किट से आग और धुंआ पूरी बिल्डिंग में फैल गया। बवाव के लिए कोई वैकल्पिक या आपातकालीन रास्ता नहीं बनाया गया था जिससे देखते ही देखते पूरी बिल्डिंग लाक्षागृह बन गयी। कुछ ही मिनट में 15 लोगों की झुलसने, दम घुटने से मौत हो गयी और 9 गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों की उम्र 20-24 के बीच बतायी जा रही है। इससे स्पष्ट है इसमें ज्यादातर या सभी छात्र ही होंगे। इस दुर्घटना की अभी कोई जांच रिपोर्ट नहीं आयी है। ऐसे में कुछ भी भरोसे के साथ नहीं कहा जा सकता है, लेकिन जो अनुमान लगाये जा सकते हैं वो यही कि बिना पर्याप्त सुरक्षा मानक के कोचिंग चल रही थी, कोचिंग में आपातकालीन निकास की व्यवस्था नहीं थीं, इसके निर्माण से लेकर फायर एनओसी आदि में लापरवाही या भ्रष्टाचार किया गया होगा आदि आदि। लेकिन यही सब बातें तो ज्यादातर दुर्घटना में सामने आती हैं। दुर्घटना के बाद बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों की जांच-एनओसी आदि का अभियान चलाया जाता है, जब तक दुर्घटना सुर्खियों में रहती है, तब तक जांच-पड़ताल, कमेटी-रिपोर्ट आदि सरकारी संस्कार चलते हैं और फिर सब कुछ भुला दिया जाता है... अगली दुर्घटना तक। लखनऊ में और देश में पहले भी इस तरह की बड़ी दुर्घटनाएं हुई हैं। पीजीआई, केजीएमयू से लेकर होटल, स्कूल और कोचिंग में भीषण अग्निकांड हुए हैं, लेकिन किसी से सबक नहीं सीखा गया। इस दुर्घटना में भी शायद यही परंपरागत प्रशासनिक रवैया अपनाया जाये और कोई सबक न सीखा जाये। अब अगर यही सब होता है तो किसी कार्रवाई का कोई फायदा नहीं। सरकार वास्तव में गंभीर है, तो कठोरता से अग्नि सुरक्षा के मानक लागू करे और लापरवाही बरतने पर इतनी बड़ी कार्रवाई हो कि दोबारा गलती दोहराने की कोई हिम्मत न करे।

विचार

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश– यही दो नीति है। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

– वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

– मेंगून.

नीट री-एग्जाम में सुरक्षा के नाम पर तामझाम

लोकमित्र

> परीक्षा कराना, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से कराना, यह सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसके लिए देश में बिना पैनिक हुए माहौल बनाना भी सरकार की जिम्मेदारी है। री.एग्जाम करा देना परीक्षार्थियों या उनके घरवालों पर किसी तरह का एहसान नहीं है, इस बात का एनटीए और सरकार दोनो को मंथन करना चाहिए।

इक्कीस जून को आयोजित नीट (यूजी) री.एग्जाम केवल एक परीक्षाभर नहीं थी बल्कि भारतीय परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता और प्रशासनिक क्षमता की भी परीक्षा थी। परीक्षा में 22 लाख से ज्यादा विद्यार्थी शामिल हुए और देश में पहली बार नीट के क्वेश्चन पेपर एयरफोर्स के एमआई-17 हेलीकॉप्टर द्वारा पहुंचाये गये। परीक्षा के एक दिन पहले 551 शहरों में बने 6,669 एग्जाम सेंटर्स पर मॉक ड्रिल की गई। परीक्षा की व्यवस्था संभालने के लिए 2 लाख से ज्यादा कर्मचारी लगाये गये। साथ ही हर जगह आब्जर्वर भी मौजूद रहे। एनटीए ने दावा किया कि लीक रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये। ऐसा होता भी क्यों न, पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने, फर्जी अभ्यार्थियों के परीक्षा में बैठने, बायोमेट्रिक धोखाधड़ी और संगठित नकल के मामलों ने परीक्षा संचालकों को सुरक्षा के प्रति अत्यधिक सतर्क बनाना ही था। लेकिन यह महज चाकचौबंद सुरक्षा ही नहीं थी बल्कि सुरक्षा के नाम पर एक तरह की हास्यास्पद स्थिति भी थी। कहीं परीक्षार्थियों की नोज पिन पर टेप लगाया गया, कहीं हाथों में बंधे धार्मिक कलावे कटवाये गये, कहीं बुर्का पहनकर आने वाली परीक्षार्थियों के प्रवेश पर विवाद खड़ा हुआ, तो कहीं कुछ मिनटों की देरी के कारण विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया गया। सवाल है क्या वास्तव में यह सारी कवायद सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर जरूरी थी या फिर हमारी परीक्षा कराने वाली एजेंसी और प्रशासन सुरक्षा व संवेदनशीलता के बीच जरूरी संतुलन बनाने में विफल रहे?

नीट निःसंदेह आज भारत की सबसे बड़ी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं से एक है। लाखों विद्यार्थी एक ही दिन इस परीक्षा में बैठते हैं और परिणाम उनके भविष्य को तय करता है। जिस तरह से हाल के सालों में कई राष्ट्रीय परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं और नकल से जुड़े मामलों ने व्यवस्था को चोट पहुंचायी है, उसके कारण कहना नहीं होगा कि नीट री.एग्जाम के समय प्रशासन और परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी सुरक्षा के नाम पर कुछ ज्यादा ही पैनिक हो गई। इसमें कोई दो राय नहीं है कि परीक्षाएं हमेशा चाक-चौबंद माहौल में होनी चाहिए, इनमें किसी तरह की गड़बड़ी लाखों लोगों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर देती

हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर पैनिक क्रिएट किया जाये। इससे व्यवस्था बनाने संबंधित ताकत नहीं दहशत और हताशा दिखती है। 'शून्य जोखिम' की नीति परीक्षाओं में होनी ही चाहिए। दुनिया में ज्यादातर देशों में जो महत्वपूर्ण परीक्षाएं होती हैं, निःसंदेह वे शून्य जोखिम के फ्रेम में ही होती है। हाल में जिस तरह मोबाइल फोन, ब्लू टूथ डिवाइस, स्मार्ट घड़ियां, माइक्रो ईयर पीस और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिये नकल के कई मामले सामने आ चुके हैं, उसको देखते हुए इस तरह की सुरक्षा भी स्वाभाविक थी, लेकिन इसके लिए दिखी हड़बड़ी हमारी कई स्तरों पर पोल खोलती है। किसी भी किस्म से परीक्षा में नकल न हो सके, इसके लिए परीक्षार्थियों की गहन जांच तो जरूरी है। लेकिन जांच के साथ मानवीय गरिमा और सामान्य विवेक को भी बनाये रखना जरूरी है कि छात्रों को किसी तरह की असुविधा न हो, उन्हें किसी तरह की असहजता न महसूस करायी जाए और सामान्य विवेक की सीमा भी न पार की जाए। क्योंकि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी और प्रशासन का यह काम ही है कि परीक्षाएं साफ-सुथरी और सुरक्षित सम्पन्न हों। लेकिन गुजरे इतवार (21 जून 2026) को जिस तरह सुरक्षा के नाम पर हर तरफ हड़बड़ी देखी गई, वह दुर्भाग्यपूर्ण थी।

सुरक्षा के नाम पर हमारे यहां किसी भी तरह की असुविधा को स्वीकार्य मान लिया जाता है। इससे लगता है सुरक्षा व्यवस्था जिनको बनाना था, वह ऐसा करके कोई एहसान कर रहे थे। हम यह क्यों नहीं सोचते, जिनको सुरक्षा व्यवस्था बनानी थी, उनकी व्यवस्था में कोई कमी रह गई, जिस कारण कई तरह की अव्यवस्थाएं पैदा हुईं? देश में एक दर्जन से ज्यादा छात्रों को महज कुछ मिनटों की देरी से परीक्षा केंद्र पहुंचने पर परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया। जबकि इस देरी में उनकी लापरवाही कम, लेट के लिए पैदा हुई परिस्थितियां ज्यादा जिम्मेदार थीं। कई छात्रों को

सामयिक

हजारों किलोमीटर दूर का एग्जाम सेंटर मिला था। मसलन भुवनेश्वर की एक छात्रा को देहरादून का केंद्र मिला था, हालांकि जिसे बाद में एनटीए द्वारा सही किया गया। लेकिन जिस तरह से नीट परीक्षा के लिए 18 लोकेशन पर क्वेश्चन पेपर पहुंचाने के लिए 200 उड़ाने संचालित की गईं, वह भी अपने आपमें कोई उपलब्धि नहीं, एक तरह से निराशा की ही बात है कि क्या अब परीक्षाओं को सुचारु रूप से चलाने के लिए सेना का साथ लिया जायेगा? क्या अब सेना सरहदों की सुरक्षा के अलावा इस तरह की प्रशासनिक व्यवस्था भी खुद देखेगी? जिस तरह से वायु सेना ने एक हफ्ते तक इस मिशन के लिए अपनी सेवाएं दी, वह भविष्य के लिए कोई आदर्श मॉडल नहीं है। पुलिस प्रशासन और सरकार को यह जिम्मेदारी खुद ही लेनी होगी और देश को विश्वास भी दिलाना होगा, नहीं तो कल को यह काम भी सेना की जिम्मेदारी बना दी जायेगी। करीब 7 हजार एग्जाम आब्जर्वर, 2 लाख से ज्यादा कर्मचारियों की परीक्षा व्यवस्था को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए तैनाती और करीब 5 हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे व अत्याधुनिक बायोमेट्रिफिकेशन, ये सारे तामझाम की जरूरत इसलिए पड़ी कि सामान्य प्रशासन और परीक्षा व्यवस्था बेहद करप्ट हो चुकी है, जिसकी कीमत इतने बड़े तामझाम के जरिये चुकायी गई।

एग्जाम सेंटर्स पर अभ्यार्थियों की पहचान के लिए आधार बेस्ड बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, हाई सेंसिटिव मेटल डिटेक्टर से जांच, एक्स्ट्रा बायोमेट्रिक मशीनों और ट्रेंड कर्मियों की तैनाती, ये सब व्यवस्था इसलिए करनी पड़ीं, क्योंकि धीरे-धीरे करके परीक्षा आयोजित कराने वाला तंत्र लापरवाही की इतनी बड़ी मिसाल बन गया कि देश हताशा में डूब गया था कि शायद परीक्षाएं निष्पक्ष और सुरक्षित ढंग से हो ही नहीं सकती। इस सबकी कीमत न सिर्फ परीक्षार्थियों को बल्कि उनके मां-बाप और पूरे देश को भुगतनी पड़ी। 2 बजे से परीक्षा के लिए 11 बजे केंद्र में पहुंचने की आवश्यकता, डेढ़ बजे के बाद एंट्री न होने का फरमान, एडमिट कार्ड और फोटो आईडी और दो फोटो साथ रखने की जिम्मेदारी, इस सबकी जिस बदहवासी में व्यवस्था की गई, उसमें ट्रैफिक और मौसम की अडंगाकारी भूमिका के लिए कोई स्पेस नहीं रखा गया। यही कारण है कि दर्जनभर से ज्यादा छात्र परीक्षा में बैठने से वंचित रह गये। जबकि देर पहुंचने का कारण वो नहीं बल्कि ऐसी प्रशासनिक और प्राकृतिक स्थितियां थीं, जिन पर उनका कोई बस नहीं चला।

सवाल है क्या परीक्षा एजेंसी या स्थानीय प्रशासन ने इसका संज्ञान लिया? अगर नहीं लिया तो कुछ मिनटों की देरी से सेंटर पहुंचने वाले कुछ छात्रों को आखिर क्यों नहीं परीक्षा में बैठने दिया गया? जबकि वो और उनके मां-बाप रो-गिड़गिड़ा रहे थे। लेकिन पहले संवेदनहीन होने और फिर अत्यधिक दबाव होने के कारण जरूरत से ज्यादा संवदेनशील होने का खामियाजा भी उन मासूम छात्रों को भुगतना पड़ा, जिनकी इसमें कोई भूमिका नहीं थी। कहने का मतलब यह है कि नीट री.एग्जाम तो सम्पन्न हो गये, लेकिन चाकचौबंद इंतजाम के नाम पर इस पूरी व्यवस्था को जिस तरह से परीक्षार्थियों और उनके घरवालों के लिए प्रतिकूल बनाया गया, वह हास्यास्पद है। अगर ऐसी हड़बड़ी की व्यवस्था के चलते एग्जाम पूरी तरह से सुरक्षित सम्पन्न भी हो जाएं, तो भी यह बहुत बड़ी कीमत है। क्योंकि इसका मतलब यह है कि सामान्यतः ईमानदार माहौल और प्रशासन की निगरानी में कोई अखिल भारतीय परीक्षा सम्पन्न ही नहीं हो सकती।

सोशल मीडिया

लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से जिन्होंने अपनी जान गंवाई, उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि, जिन परिवारों ने अपनों को उनके प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। अखिलेश यादव.

लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में आज दोपहर बाद हुई अग्नि कांड में अनेक लोगों की मौत तथा और भी कई लोगों के घायल हो जाने की घटना अति दुखद है। मायावती.

लखनऊ में दुर्भाग्यपूर्ण अग्नि दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत हृदय विदारक है। मेरी गहन संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ है, ईश्वर घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य करें। केशवप्रसाद मौर्य.

आस्था के विविध रूप

अंतर्दृष्टि

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है।

सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

हारने पर रोटी के लाले पड़ेंगे

व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें तथा उसमें वह व्यक्ति जरूर शामिल कर देवें, जो आपका प्रतिद्वंदी हो, इससे जिन्दाबाद, मुर्दाबाद का जयघोष उसके ही नाम बुलेगा।

पूरन सरमा

प्रलय की आहट है ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ता संकट

पर्यावरण

वीना गौतम

बीते तीन दशकों से वैज्ञानिक चीख चीखकर पूरी दुनिया को बता रहे हैं कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। दिखावटी चिंता तो पूरी दुनिया के राजनेता भी दिखा रहे हैं। लंबी लंबी बैठकें कर रहे हैं, बड़े बड़े लक्ष्य निर्धारित कर रहे हैं, चुन-चुन करके बहुमूल्य कथनों के जैसी बातें कर रहे हैं। लेकिन हकीकत में दुनिया के बढ़ते हुए तापमान को रोकने के लिए ऐसा कुछ नहीं कर रहे कि बढ़ता हुआ तापमान थमे और दुनिया राहत की सांस ले। वैज्ञानिकों के पास पिछली लगभग पौने तीन सदियों का तापमान है और तापमान की घटती बढ़ती समझ है।

साल 1850 से लेकर साल 2024 के बीच धरती के तापमान में रिकॉर्ड 1.66 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है और वैज्ञानिकों ने जो बढ़ते हुए तापमान की हद निर्धारित कर रखी थी, उस हद 1.5 डिग्री की सीमा को ग्लोबल वार्मिंग तोड़ चुकी है और यह कारनामा पिछले 12 महीनों में हुआ है। यह अकारण नहीं है कि साल 2024 की जनवरी इतनी गर्म रही है कि पिछले ढाई सौ सालों में ऐसी गर्म जनवरी की कल्पना भी नहीं की गई। दुनिया सचमुच के प्रलय के टिक टिक बम के ऊपर बैठी हुई है और दुनियाभर के शासकों खासकर खुद को दुनिया की अकेली महाशक्ति बताने वाले शासकों के सिर में जूं तक नहीं रेंग रही। यूरोपियन एजेंसी ने गुजरी 8 फरवरी 2024 को 12 माह की ग्लोबल वार्मिंग रिपोर्ट को पेश करते हुए एक बार फिर से नेताओं की विश्व बिरादरी को आगाह किया है कि ग्लोबल वार्मिंग को जितना जल्दी संभव हो रोकें वरना तमाम गर्व करने वाली सभ्यताएं लापरवाही की गर्त में खो जाएंगी। यूरोपियन एजेंसी ने ग्लोबल वार्मिंग का जो गहन अध्ययन किया है, उससे स्पष्ट हुआ है कि दुनिया में पहली बार एक साल का औसत तापमान 1.50 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया है और यह किसी विशेष महीने की बात नहीं है बल्कि 2023 के सभी महीनों का औसत तापमान 1.50 डिग्री से ज्यादा रहा है। साल 2000 में धरती का तापमान 0.9 डिग्री बढ़ गया था और यह 1850 से शुरू होकर साल 2000 के बीच की लंबी अवधि में हुआ था यानी धरती के तापमान में औसत से 0.9 डिग्री तापमान बढ़ने के लिए 170 साल लगे थे। लेकिन 0.61 डिग्री तापमान बढ़ने में महज तीन साल लगे हैं। साल 2000 में जहां धरती का बढ़ा हुआ तापमान 0.9 डिग्री था, वह 2020 में बढ़कर 1.51 डिग्री हो गया और अब महज तीन साल के भीतर 0.73 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहले जो आफत सदियों का सफर तय करके हमारे तक पहुंच रही थी, अब वह महज एक किलोमीटर की दूरी से दस्तक दे रही है।

वैज्ञानिकों की चेतावनियों को लगातार सिर्फ राजनेताओं ने ही नहीं बल्कि आम लोगों ने भी हल्के में लिया है। लेकिन इस चेतावनी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह किसी एक देश या एक समुदाय की बात नहीं है, समूची मानवता के लिए चेतावनी है। यूरोपियन यूनियन की कॉपर निक्स क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी के मुताबिक फरवरी 2023 से जनवरी 2024 तक दुनिया का औसत वैश्विक तापमान अब तक के इतिहास का सबसे ज्यादा रिकॉर्डेड तापमान है। पिछले 12 महीनों में दुनिया के तापमान में 0.64 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। यह हैरान करने वाली बढ़ोत्तरी है। पूर्व औद्योगिक काल यानी 1850 से 1900 के बीच 1.52 डिग्री तामपान ज्यादा बढ़ना मानव इतिहास का सबसे बड़ा खतरा है। वैज्ञानिकों ने एक बार फिर से पूरी दुनिया को चेतावनी दी है कि जितना जल्दी और जितना अधिक संभव हो, तेल, गैस, कोयला जैसे जीवाश्म ईंधनों के इस्तेमाल को रोका जाए और दुनिया में ज्यादा से ज्यादा वन क्षेत्र बढ़ाने की कोशिश की जाए। दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग की यह भयावह त्रासदी एक दिन में नहीं आयी। 1940 से लगातार धरती का तापमान अलार्मिंग स्टेज में है। लगातार धरती गर्मा रही है। 1940 में जहां पूर्व औद्योगिक काल के मुकाबले दुनिया का तापमान 0.2 डिग्री बढ़ गया था, वहीं साल 1960 में यह 0.3 डिग्री तक बढ़ गया। महज 20 सालों में 0.1 डिग्री की बढ़ोत्तरी आंख खोल देने वाली थी। लेकिन हमारी आंखें तो अगले 20 सालों में यानी 1960 से 1980 के बीच में जब 0.4 डिग्री तापमान और बढ़ गया यानी पूर्व औद्योगिक काल के पैमाने से 0.7 डिग्री की बढ़ोत्तरी हो गई, तो भी दुनिया ने या तो कुछ किया नहीं या कुछ करने की स्थिति में नहीं रही।

आप की बात

महिलाओं के लिए वरदान

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.

सड़कों में बढ़ते गड्ढे

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों।

मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.

संक्षेप

230 बुजुर्गों को सहायक उपकरण वितरण

फतेहपुर। भिटौरा ब्लॉक के अंतर्गत लोहारी गांव में एलेम्को के द्वारा 12 वर्ष मोदी के कार्यकाल की उपलब्धि के उपलक्ष्य में 230 बुजुर्गों को छड़ी, कान की मशीन, व्हीलचेयर आदि सामान उपलब्ध कराया गया जो की लोहारी कैंप में क्षेत्र के रामपुर महेवा रामशाला दयालपुर अलावलपुर देवरा नार आदि के बुजुर्गों ने उपस्थित होकर अपने बेटे के रूप में आशीर्वाद प्रदान किया इस कैंप में मुख्य अतिथि रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी भैया मौजूद रहे रिंकू लोहारी ने बताया कि मोदी योगी की सरकार में सभी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक का ख्याल रखा जाता है इस कैंप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री तथा विधायक धुन्नी भैया को अपने बीच में प्रकार सभी बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया धुन्नी भैया के साथ संतोष नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव शंकर अग्निहोत्री मंडल उपाध्यक्ष पीयूष अग्निहोत्री सेक्टर प्रमुख शीतला तिवारी पूर्व प्रधान धीर सिंह बिन्नू सिंह आदित्य पांडे नीरज अग्निहोत्री के अलावा एलेम्को विभाग के डॉक्टर सुकेत वर्मा अशोक प्रताप सिंह प्रमोद कुमार उपस्थित रहे जिला पंचायत सदस्य युवा भाजपा नेता अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी ने बताया कि जनपद फतेहपुर में बिठौरा ब्लॉक में सबसे ज्यादा संख्या के बुजुर्ग लाभान्वित हुए हैं तथा सीर मवई तथा सहनीपुर गांव के बुजुर्गों का परीक्षण हो चुका है तथा 600 बुजुर्गों को लाभ दिलाया जाएगा तथा जब तक फतेहपुर के प्रत्येक वरिष्ठ जनों को लाभ नहीं मिलता यह अभियान चलता रहेगा।

बारात में फायरिंग, एक की मौत, पांच घायल

फतेहपुर। फतेहपुर के थाना गाजीपुर अंतर्गत ग्राम लम्हैटा में रात को एक बारात में फायरिंग की घटना में 1 व्यक्ति की मौत और 5 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रात्रि में 112 को सूचना मिलने पर थाना गाजीपुर और 112 की टीम मौके पर पहुंचीं और घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घायलों में से एक की पहचान धीरज केवट, उम्र लगभग 50 वर्ष, के रूप में हुई जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। अन्य चार घायलों की स्थिति गंभीर नहीं बताई जा रही है; प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज हेतु कानपुर रेफर किया गया।मौके पर निरीक्षण करने पर पता चला कि बारात में लड़का और लड़की दोनों पक्ष के मेहमान मौजूद थे। प्रारंभिक गृहस्थ सूत्रों के अनुसार पास के ही गांव के सुमित तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी 45 ने अपने साथ लाइसेंसी सिंगल बैरल बंदूक लाई हुई थी। आसपास के लोगों ने बताया कि वह गन को ड्रोन की ओर पॉइंट कर रहा था; रोकने पर जब वह गन नीचे रख रहा था तो एक गोली फायर हो गई। उसी एक गोली से कुल 5 लोग घायल हो गए। मृतक धीरज मूलतः ग्राम औगासी, थाना मरका, जनपद बांदा के रहने वाले बताए जा रहे हैं; परिजनों को सूचना दे दी गई है और मृतक का शव मोर्चरी रखा गया है। घटना के संबंध में प्राथमिकी तहरीर मिलने पर पंजीकरण कराकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर स्थिति नियंत्रण में है और शांति व्यवस्था कायम है। घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने भी निरीक्षण किया।

किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने किया प्रदर्शन

ललितपुर। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में फसल बीमा, गल्ला मंडी की व्यवस्थाओं तथा खरीफ सीजन के लिए बीज उपलब्ध कराने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। ज्ञापन में कहा गया कि खरीफ फसल वर्ष 2025 का बीमा लाभ अभी तक जिले के सभी पात्र किसानों को प्राप्त नहीं हो सका है। बड़ी संख्या में किसान आज भी बीमा दावे की राशि मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

यूनियन ने प्रशासन से ऐसे किसानों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की। किसान नेताओं ने गल्ला मंडी ललितपुर में किसानों के अनाज पर की जाने वाली कथित अवैध झराई (कटौती) को तत्काल बंद कराने की मांग भी उठाई। उनका कहना था कि इस व्यवस्था से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और उनका शोषण होता है। ज्ञापन में मंडी परिसर के नीलामी चबूतरे पर व्यापारियों द्वारा रखे गए माल को हटवाने की मांग भी की गई।

यूनियन का कहना है कि नीलामी चबूतरा किसानों की सुविधा के लिए बनाया गया है।

बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ दो गिरफ्तार, तीसरा फरार

जिला संवाददाता

बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र में तमंचे के बल पर राहगीरों को निशाना बनाने वाले बदमाशों का पुलिस से सामना हो गया। देर रात हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से लूट की नकदी, अवैध तमंचे, कारतूस और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

20 जून की शाम गड़ोला निवासी संदीप चाट-चाउमीन बेचकर घर लौट रहे थे। नरौली गांव के पास बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें तमंचा दिखाकर रोक लिया और नकदी समेत जरूरी दस्तावेज लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी थी। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि मरझा-पड़ेरी मार्ग पर कुछ संदिग्ध युवक किसी बड़ी वारदात की फिराक में बैठे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी।

पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो बदमाशों को दबोच लिया, जबकि तीसरा साथी मौके से भाग निकला। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राम उर्फ भास्कर और रवि प्रकाश निवासी नरौली के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने संदीप से लूट की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस का दावा है कि दोनों आरोपी फिर से लूट की घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन हजार रुपये नकद, दो अवैध तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक मोटरसाइकिल, लूटे गए आधार और पैन कार्ड बरामद किए हैं।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य आरोपी राम उर्फ भास्कर पर पहले से हत्या और लूट जैसे संगीन अपराध दर्ज हैं। अब पुलिस यह खंगाल रही है कि दोनों बदमाशों ने जिले में और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है। फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

मेडिकल कॉलेज के कुछ चिकित्सक कर रहे निजी प्रैक्टिस जांच की मांग

जिला संवाददाता

बांदा। बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एएस नोमानी ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओं की ओर मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा है। बताया कि स्थानीय मेडिकल कालेज के कुछ डाक्टरों द्वारा मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को उपचार के लिए अपने निजी क्लीनिकों पर बुलाते हैं। वहां मरीजों से विभिन्न जांचों, दवाओं, ऑपरेशन एवं अन्य चिकित्सा सेवाओं के नाम पर भारी धनराशि वसूली जा रही है।

- **प्राचार्य व सीएमओ बने मूकदर्शक, आयुक्त व डीएम से निरीक्षण की मांग**
- **मरीजों को विशेष मेडिकल स्टोरों से ही दवाएं खरीदने के लिए प्रेरित किया जाता है**

कुछ मामलों में मरीजों को विशेष मेडिकल स्टोरों से ही दवाएं खरीदने के लिए प्रेरित किया जाता है, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है, यहां के डा. संजय ने मेडिकल कॉलेज गेट के ठीक सामने एक मेडिकल स्टोर में ऑपरेशन थिएटर खोले हुए हैं, जहां मरीजों का ऑपरेशन करते हैं। ऑपरेशन करने के बाद व मोटी रकम वसूलने के बाद तत्काल उस मरीज को मेडिकल कॉलेज में एडमिट करा देते हैं। रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में तैनात डा. जितेंद्र सिंह यादव व अन्य कुछ डॉक्टर ऐसे हैं, जो पूरी सैलरी भी लेते हैं और हफ्ते में सिर्फ एक बार कागज मेंटेन करने आते हैं। इसकी भी सीसीटीवी कैमरे से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए तत्काल पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

मेडिकल कालेज प्राचार्य, सीएमओ ढुलमुल रवैया अपनाए हैं। उन्होंने आयुक्त व जिलाधिकारी से मांग की है कि रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में लगाए गए आरोपों की स्वयं व सीबीआई से या उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

जिन डॉक्टरों पर निजी क्लीनिकों में मरीजों को बुलाने एवं आर्थिक शोषण के आरोप हैं, उनकी गतिविधियों की जांच की जाए। संबंधित डॉक्टरों की आय, संपत्ति एवं आय के स्त्रोतों की भी जांच ईडी से या विजिलेंस से कराई जाए। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने को प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू की जाए।

1 जुलाई से चलेगा संचारी रोग अभियान विभागों को दी जिम्मेदारी

बांदा। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की प्रथम जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में हुई। संचारी रोग नियंत्रण 1 जुलाई से 31 जुलाई तक एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जायेगा। 13 विभाग मिलकर कार्य करेगें समस्त विभागों का कार्य उत्तर दायित्व शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। किसी भी प्रकार की महामारी का संचरण न हो इस हेतु समस्त विभागों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। समस्त विभाग ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, अध्यापक, आंगनवाडी, आंशा एवं फ्रन्ट लाइन वर्कर्स का प्रशिक्षण शत प्रतिशत कराया जाये जिसकी फोटोग्राफ एवं उपस्थिति सहित सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। माह जुलाई में कार्ययोजना के अनुसार निर्धारित ग्रामों, नगरीय निकाय में संचारी रोगो से बचाव एवं जागरूकता से संबंधित गतिविधि संपन्न की जायेगी। शिक्षा विभाग संचारी रोगों से बचाव एवं साफ-सफाई की जानकारी प्रतिदिन प्रार्थना सभा में दी जायेगी। पेंटिग प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन आदि के माध्यम से जागरूक कार्यक्रम शुद्व पेय जल के विषय में जानकारी दी जायेगी। ग्राम्य विकास विभाग जनपद के समस्त ग्रामों में कार्ययोजनानुसार नालियो की सफाई, झाडियों की कटाई, एण्टी लार्वा दवा का छिडकाव, जल भराव का निस्तारण, शुद्व पेय जल की व्यवस्था की जायेगी। इसी तरह अन्य विभाग सहभागिता करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विजेंद्र सिंह, समस्त अपर, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसएमआ0 डब्ल्यू0एच0ओ0, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार, प्रदीप कुमार, सहायक आई0सी0डी0एस0, नगर विकास विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, जल संस्थान विभाग के विभागाध्यक्षों ने प्रतिभाग किया गया।

प्रत्येक नागरिक तक पर्याप्त पेयजल पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता: मुंशीलाल

ललितपुर। भीषण गर्मी और लगातार गिरते भूजल स्तर के बीच जनपद में पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और जल संस्थान युद्धस्तर पर कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी के निर्देशन एवं जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मुंशीलाल के नेतृत्व में नगर के विभिन्न वार्डों और जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्ट्रेट स्थित आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष के माध्यम से आमजन से लगातार फीडबैक लिया जा रहा है। प्राप्त प्रतिक्रियाओं के अनुसार पहले की तुलना में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार दर्ज किया गया है, जिससे लोगों को गर्मी के इस कठिन दौर में राहत मिल रही है।

- **1.74 लाख लोगों तक पहुंचा पेयजल, 591 खराब हैंडपम्प हुए दुरुस्त**
- **जल संकट से निपटने के लिए प्रशासन और जल संस्थान की मुहिम तेज**
- **59 टैंकर ट्रिप से भी हुई मुफ्त जलापूर्ति**

जल संस्थान द्वारा नगर पालिका परिषद के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 46 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) पानी की आपूर्ति की गई, जिससे करीब 1.74 लाख लोगों को लाभ मिला। विभागीय आंकड़ों के अनुसार नगर के 26 वार्डों में पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से 45 एमएलडी पानी पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त सात नलकूपों और दो खुले कुओं के माध्यम से एक एमएलडी अतिरिक्त जलापूर्ति कर लगभग पांच हजार लोगों तक पानी पहुंचाया गया। जल संकट से प्रभावित और पाइपलाइन विहीन बस्तियों में जल संस्थान द्वारा मुफ्त टैंकर सेवा संचालित की गई। विभाग ने कुल 59 टैंकर ट्रिप लगाकर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया।

सबसे अधिक टैंकर ट्रिप खिरकापुरा एवं कांशीराम कॉलोनी क्षेत्र में लगाए गए, जहां 8 ट्रिप किए गए। इसके अलावा विष्णुपुरा, सिविल लाइन, गांधीनगर और आजादपुरा सहित कई क्षेत्रों में टैंकर भेजे गए। विभाग ने ऊंचाई वाले इलाकों और जलापूर्ति से वंचित बस्तियों को प्राथमिकता देते हुए पानी उपलब्ध कराया। बताया जा रहा है कि नगर पालिका परिषद द्वारा उपलब्ध कराई गई 196 खराब हैंडपम्पों की सूची तथा कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के आधार पर जल संस्थान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक 591 खराब हैंडपम्पों को दुरुस्त कर दिया है। वर्तमान में जनपद में 1224 हैंडपम्प पूरी तरह क्रियाशील हैं। शेष खराब हैंडपम्पों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से जारी है ताकि किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न न होने पाए। जनता की पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कलेक्ट्रेट स्थित जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष) में 24 घंटे कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि पेयजल संबंधी किसी भी समस्या की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम को दें, जिससे समय पर समाधान सुनिश्चित किया जा सके। प्रशासन का कहना है कि भीषण गर्मी के दौरान जिले के प्रत्येक नागरिक तक पर्याप्त पेयजल पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी संबंधित विभाग लगातार समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

जलापूर्ति को लेकर डीएम ने लाइन विभागों के अधिकारियों के साथ की बैठक

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन डाले जाने के दौरान काटी गई सड़कों, गलियों की मरम्मत कराये जाने को लेकर सोमवार को कैम्प कार्यालय पर जल निगम, जल संस्थान, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ बैठक की और अभियान चलाकर एक सप्ताह के भीतर रोड रेस्टारेशन में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं में अवशेष रोड रेस्टोरेशन एवं पेयजल आपूर्ति सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा करते हुए जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि सभी लंबित रोड रेस्टोरेशन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही अमृत-2.0 के अन्तर्गत खोदी गयी सड़कों की मरम्मत एक सप्ताह में पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान संज्ञान में लाया गया जिन सड़कों की मरम्मत की जा रही है, उन पर लोग गीले सीमेन्ट पर से अपने वाहन निकालकर रोड खराब कर रहे हैं, इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिस स्थान पर कार्य हो रहा है, वहां रोड को सीमेन्ट सूखने तक सील किया जाए और यदि फिर भी कोई जबरन वाहन निकालकर मरम्मत कार्य को खराब करता है तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाए। बैठक में एडीएम नमामि गंगे संजय मिश्रा, अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान मुंशीलाल, अधिशासी अभियंता हाइडिल विशाल सिंह, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) अरुण कुमार बौद्ध, सहायक अभियंता (नगरीय) अवनीश मिश्रा, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

- **अमृत 2.0 के अंगर्तत खोदी गई सड़कों की मरम्मत के लिए दिया एक हफ्ते का अल्टीमेटम**
- **सड़कों के मरम्मत कार्य को खराब करने वालों के विरुद्ध होगी एफआईआर: डीएम**

आखिर कब मिलेगा पीने को शुद्ध पेयजल

ललितपुर। वर्तमान समय में नगर में हो रही पेयजल सप्लाई अन्य कार्यों में काम आ रही है, जबकि पेयजल के लिए लोग परेशान घूम रहे हैं। कारण यह है कि नलों से गंदा एवं बदबूदार, हरा एवं मटमैला पानी आ रहा है, जो पीने में बहुत ही खराब स्वाद का एवं कसैला है। शुद्ध पानी न मिलने से लोग मजबूर हो रहे हैं, और इसी पानी को पीकर बीमार भी पड रहे हैं। वहीं शुद्ध पेयजल की आस में लोग सुबह से हैण्डपम्पों को खोजने में लग जाते हैं, जिससे उन्हें पीने के लिए शुद्ध पानी मिल सके। चांदमारी, वसुंधरा कालोनी में तो और भी विकराल स्थिति बनी हुई है, यहां पर पानी की सप्लाई तो खूब हो रही है, लेकिन पानी गंदा, मटमैला एवं खराब स्वाद का आने के कारण यहां के वाशिन्दों ने महीनों से इस पानी का सेवन नहीं किया है। नागरिकों का कहना है कि पानी इतना मटमैला एवं गंदा होने के साथ साथ बदबूदार आता है, जिसे कैसे पीया जा सकता है।

बंदियों को विधिक सहायता के अधिकारों की दी जानकारी

ललितपुर। जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निदेर्शानुसार सोमवार को सचिव देवप्रिय सारस्वत ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता एवं निरूशुल्क विधिक सहायता व्यवस्था का गहन परीक्षण किया गया। इस दौरान सचिव ने सबसे पहले कारागार की पाकशाला (रसोईघर) का जायजा लिया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, खाद्य सामग्री के भंडारण तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्धता की समीक्षा की। निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके बाद पुरुष बंदी बैरकों का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालयों की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस दौरान बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उन्हें निरूशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। महिला बंदी बैरक निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। साथ ही उनकी समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया। सचिव सारस्वत ने अस्पताल बैरक का भी निरीक्षण किया, जहां उपचाराधीन बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सीय अभिलेखों के रखरखाव एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध पाई गईं।

गोद लिये गये गांव में मनाया गया योग दिवस

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिये गये गाँव मुमताज नगर, अयोध्या में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. सुरेन्द्र मिश्र के संयोजन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुमताज नगर गाँव के सामुदायिक केन्द्र पर युवा बच्चे और वृद्ध काफी संख्या में एकत्र होकर योग प्रक्रिया में शामिल हुए। मुमताज नगर गाँव के चंद्रशेखर तिवारी , जितेन्द्र यादव तथा अमर चैधरी ग्राम प्रधान की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम में इंजी. रवि तिवारी शामिल हुए तथा अपने उद्बोधन में रामायण की चैपाई दैहिक दैविक भौतिक तापा के माध्यम से योग, पर्यावरण संरक्षण तथा संरचना विकास के महत्व को बताया। विकसित भारत 2047 के सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक आयामो पर प्रकाश डाला।

अतर्रा उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष ने निकाला जुलूस

बांदा। अतर्रा तहसील क्षेत्र के व्यापारियों ने अतर्रा उद्योग व्यापार मंडल अतर्रा का अध्यक्ष अवधेश गुप्ता को मनोनीत कर फूल मालाओं से स्वागत किया। नई कमेटी के गठन की सौंपी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी। जुलूस निकालकर व्यापारी एकता का प्रदर्शन किया। कस्बे के चूड़ी गली स्थित अयोध्यावासी धर्मशाला में व्यापारियों की बैठक कालिकाराय शिवहरे व दयाशंकर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। सर्वसम्मत से अवधेश गुप्ता को अतर्रा उद्योग व्यापार मंडल का अध्यक्ष मनोनीत कर व्यापारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। बैठक का शुभारंभ व्यापार मंडल के दिवंगत अध्यक्ष स्व.उमाशंकर गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष के साथ व्यापारियों ने नगर में नारेबाजी व जुलूस के साथ सुभाष प्रतिमा व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। व्यापारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष से नई कमेटी गठन की बात कही। बैठक में सुधेश जैन, चुन्ना, गिरिजाशरण तिवारी, अनिल सैनी, लाल चैरसिया, कुमार गौरव गुप्ता, जगदीश पांडे, रामकेश गुप्ता, शिवमोहन गुप्ता, द्वारिका लखेरा, सूरज बाजपेई, उमाकांत दीक्षित, भागवत गुप्ता, नीरज गुप्ता, महेश जाटव, वेद निराला, ज्ञान प्रताप सिंह, दीनदयाल द्विवेदी, हिमांशु चोपड़ा, भारत गुप्ता, हर्षित अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय साहू ने किया।

बाथरूम में थीं घर की महिलाएं, चोरों ने मौका ताड़ तीन अलमारियों से उड़ाये सोने के जेवर

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के राजघाट रोड स्थित हरदीला मोहल्ले में चोरों ने एक दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए घर में घुसकर तीन अलमारियों के लॉकर तोड़ दिए और लाखों रुपये मूल्य के सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। घटना उस समय हुई जब परिवार के सदस्य बाजार गए हुए थे और घर में मौजूद महिलाएं अलग-अलग मंजिलों के बाथरूम में थीं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरदीला निवासी दिवाकर शुक्ला पुत्र स्व. कैलाश नारायण शुक्ला ने बताया कि 18 जून की रात वह अपनी पत्नी और भतीजे के साथ बाजार गए हुए थे। उनकी माता और पुत्र इंदौर गए हुए थे, जबकि छोटा भाई भी घर पर मौजूद नहीं था। घर में केवल उनकी पुत्री आराध्या और छोटे भाई की पत्नी थीं। रात करीब 9 बजे से 9.30 बजे के बीच आराध्या ऊपरी मंजिल के बाथरूम में थीं, जबकि उनकी भाभी निचली मंजिल के बाथरूम में स्नान कर रही थीं। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में दाखिल हो गए और कमरों में रखी अलमारियों को निशाना बनाया। जब दोनों महिलाएं बाथरूम से बाहर निकलीं तो कमरों का सामान बिखरा पड़ा मिला। अलमारियों के लॉकर टूटे हुए थे और उनमें रखे कीमती आभूषण गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों में हड़कंप मच गया। चोर दो सोने के मंगलसूत्र, तीन सोने की चेन, तीन सोने की अंगूठियां तथा एक जोड़ी सोने की बालियां चोरी कर ले गए। चोरी गए आभूषणों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना तत्काल यूपी-112 को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित परिवार ने बताया कि इस घटना से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है और पूरा परिवार मानसिक रूप से आहत है। कोतवाली पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

मंदिर की भूमि पर कब्जे और अवैध खनन का आरोप

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के सुमेरगढ़ पहाड़ पर स्थित लगभग 450 वर्ष पुराने ऐतिहासिक श्री राम-जानकी मंदिर की भूमि पर कथित अवैध कब्जे, अवैध खेती और पत्थरों के अवैध खनन का मामला सामने आया है। मंदिर के पुजारी एवं प्रबंधक महंत श्रीविश्राम दासजी महाराज ने जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को शिकायती पत्र भेजकर मंदिर की संपत्ति की सुरक्षा तथा आरोपित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। महंत विश्राम दास ने अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मंदिर की प्राचीन धार्मिक भूमि पर कुछ लोगों द्वारा लगातार अतिक्रमण और कब्जे के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में पूर्व में सक्षम न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किए जा चुके हैं तथा प्रशासनिक स्तर पर भी संबंधित गतिविधियों को रोकने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद कथित रूप से अवैध गतिविधियां जारी हैं। महंत के अनुसार मंदिर परिसर और उससे जुड़ी भूमि पर पत्थरों की कटाई एवं खनन का कार्य किया जा रहा है, जिससे मंदिर की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहर को नुकसान पहुंचने की आशंका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मंदिर की भूमि पर अवैध रूप से खेती की जा रही है, जिससे मंदिर की संपत्ति पर अतिक्रमण बढ़ रहा है। शिकायत में कहा गया है कि इन गतिविधियों के चलते स्थानीय श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। महंत विश्राम दास ने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले इस प्राचीन मंदिर की भूमि और धरोहर की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

साइबर अपराध के मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के निर्देश

बांदा। परिक्षेत्रीय कार्यालय में एक उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस. ने की। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, चित्रकूट के अरूण कुमार सिंह, हमीरपुर मृगांक शेखर पाठक, महोबा शशांक सिंह एवं सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक उपस्थित रहीं।बैठक में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं विवेचनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में ई-साक्ष्य आधारित विवेचना को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा करते हुए सभी शिकायतों का निष्पक्ष एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया।60 एवं 90 दिनों से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सड़क सुरक्षा हेतु संचालित जीरो फैटलिटी अभियान, महिला संबंधी अपराधों, गोकशी, गोतस्करी, एवं अन्य संवेदनशील अपराधों में प्रभावी कार्रवाई तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। साइबर अपराध के मामलों में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही की जाए तथा इस संबंध में जन-जागरूकता को सुदृढ़ किया जाए व मिशन शक्ति केंद्रों की पहुंच, जन-जागरूकता को और अधिक व्यापक बनाने पर डीआइजी ने जोर दिया।

व्यापारियों ने मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर संगठन के पदाधिकारी व कई व्यापारियों ने मंडी सचिव शिव गोपाल से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौपा। व्यापारियों ने अयोध्या नवीन मंडी में व्याप्त अवस्थाओं को दूर करने की मांग की व्यापारियों ने कृषि उत्पादन मंडी सचिव से मिलकर उन को ज्ञापन सौपा। वहीं जिला अध्यक्ष कविंद्र साहनी ने कहा कि जो मंडी समिति ने अपना नया ऐप लॉन्च किया है वह सही काम नहीं करता सर्वर हमेशा डाउन रहता है और इन्होंने मंडी की दुकानों में प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है जबकि इनकी अच्छी इनकम होती है उसको वापस लेने की हम सभी व्यापारियों ने मांग की है एवं मंडी की दुकानों में व्यापारियों को होने वाली समस्याओं का हल निकाले जाने की मांग की गई है संगठन जिला अध्यक्ष कवींद्र साहनी के नेतृत्व में मंडी सचिव शिव गोपाल को ज्ञापन सौपा गया जिसमें मुख्य रूप से संरक्षक विजय गुप्ता जिला महामंत्री रमेश चैरसिया महानगर कार्यकारी अध्यक्ष अंकित जैन जिला सचिव प्रभात अग्रवाल जिला सचिव विष्णु अरुण साहू सहित अन्य लोक मौजूद थे उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष आईटी सेल मानव मेहरोत्रा ने दी।

संक्षेप

सुमीत इंडस्ट्रीज ने की 199.75 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा

सूरत। पॉलिएस्टर टेक्सचराइज्ड यार्न, पार्टियली ओरिएंटेड यार्न (पीओवाई), फुली ड्रॉन यार्न (एफडीवाई) के उत्पादन से जुड़े अग्रणी एकीकृत पॉलिएस्टर निमार्ताओं में से एक, सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने पात्र शेयरधारकों के लिए राइट्स इश्यू की घोषणा की है। इसका उद्देश्य कंपनी की वित्तीय लचीलापन बढ़ाना तथा उसकी रणनीतिक व्यावसायिक प्राथमिकताओं को समर्थन प्रदान करना है। सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने पूर्ण रूप से चुकता इक्विटी शेयर जारी करके कुल 199.75 करोड़ रुपए के राइट्स इश्यू की शर्तों को मंजूरी प्रदान की है। कंपनी राइट्स इश्यू से प्राप्त राशि में से 49 करोड़ रुपए गुजरात के सूरत में नाकोडा लिमिटेड से अधिग्रहित अतिरिक्त 1,40,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाले पॉलिएस्टर चिप्स प्लांट के अधिग्रहण एवं संचालन हेतु आवंटित करने का प्रस्ताव रखती है। इस परियोजना की कुल लागत 90 करोड़ रुपए है, जिसमें शेष 41 करोड़ रुपए आंतरिक संसाधनों से उपलब्ध कराए जायेंगे।

एल्पेनलीबे और स्विगी ने लॉन्च किया स्वीटेस्ट सिटी चैलेंज

बंगलुरु। एल्पेनलीबे ने स्विगी स्विगी लिमिटेड के साथ साझेदारी में एल्पेनलीबे स्वीटेस्ट सिटी चैलेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। इस चैलेंज का उद्देश्य इस बात को रेखांकित करना है कि डिलीवरी पार्टनर्स भारत की बढ़ती आधुनिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो हर दिन विभिन्न शहरों में अनगिनत लोगों से मिलते हैं और उनसे संवाद करते हैं। यह चैलेंज पुणे, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई और दिल्ली सहित भारत के 20 से अधिक शहरों में लाइव होगा। अपनी तरह की यह अनूठी पहल लाखों उपभोक्ताओं को, जो हर दिन शहरों में डिलीवरी पार्टनर्स के साथ बातचीत करते हैं, अपना ऑर्डर प्राप्त करते समय उनके प्रति सराहना, गर्मजोशी और आभार व्यक्त करने का एक छोटा सा कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु डिजाइन की गई है।

बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मई में 0.5 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। देश के आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर मई में सात महीने के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर रही। कोयला, कच्चा तेल और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में गिरावट के कारण बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सुस्त पड़ी। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इससे पिछले महीने अप्रैल में बुनियादी उद्योग की वृद्धि दर 1.8 प्रतिशत और मई, 2025 में 1.2 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन वृद्धि में गिरावट आई। प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल-मई के दौरान 1.1 प्रतिशत पर स्थिर रही। इससे पहले, बीते वर्ष अक्टूबर में, आठ बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 0.1 प्रतिशत में गिरावट आई थी।

सेबी ने किया प्रतिभूति बाजार टेकस्प्रिंट पेश

नयी दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को वैश्विक फिनटेक (वित्तीय प्रौद्योगिकी) महोत्सव 2026 के तहत प्रतिभूति बाजार टेकस्प्रिंट पेश किया। इस पहल का मकसद प्रतिभूति बाजार की वास्तविक चुनौतियों से निपटने के लिए देश के तकनीकी प्रतिभा का उपयोग करना है। बाजार बुनियादी ढांचा संस्थानों और उद्योग निकायों के साथ मिलकर तैयार किया गया यह टेकस्प्रिंट नवोन्मेषकों को ऐसे डिजिटल समाधान बनाने के लिए आमंत्रित करता है जो खुदरा निवेशकों को सशक्त बनाने और भारत के पूंजी बाजार में पारदर्शिता, दक्षता, नियमों का पालन और पहुंच को बेहतर बनाने पर केंद्रित हों। इस पहल का विषय... नवाचार पर अमलः भविष्य के लिए प्रतिभूति बाजार को आकार देना है। प्रतिभागियों को मुख्य समस्याओं पर समाधान विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। टेकस्प्रिंट प्रतिभागियों को वैश्विक फिनटेक महोत्सव में अपने समाधान प्रदर्शित करने और नकद पुरस्कारों के लिए प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देगा। छांटे गये नवाचारों पर सेबी नवोन्मेष सैंडबॉक्स कार्यक्रम के तहत संरक्षण के लिए भी विचार किया जाएगा। पुरस्कार राशि में विजेता के लिए 2.5 लाख रुपये, पहले रनर-अप के लिए दो लाख रुपये, दूसरे रनर-अप के लिए 1.5 लाख रुपये और जूरी की सिफारिश पाने वाली प्रविष्टियों के लिए 50,000 रुपये प्रति प्रविष्टि शामिल हैं।

सेंसेक्स में 291 अंकों की उछाल

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 291 अंक चढ़कर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 90 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 291.17 अंक यानी 0.38 प्रतिशत बढ़कर 77,094.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 522.66 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 77,325.56 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 89.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,102.90 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों के फिर से लिवाली शुरू करने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक के शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को सहारा मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सर्वाधिक 1.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और बजाज फिनसर्व के शेयर भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, टाइटन, पावरग्रिड और ट्रेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिका-ईरान वार्ता के पहले दौर के सकारात्मक संकेतों से वैश्विक निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है, हालांकि निवेशक सतर्क रुख बनाए हुए हैं। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.60 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 0.45 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई उपयोगिता खंड में 1.01 प्रतिशत, स्वास्थ्य देखभाल खंड में 0.81 प्रतिशत, ऊर्जा खंड में 0.68 प्रतिशत और तेल एवं गैस खंड में 0.68 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,635 कंपनियों के शेयर चढ़कर बंद हुए जबकि l,754 कंपनियों में गिरावट रही और 197 अन्य अपरिवर्तित रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.66 प्रतिशत गिरकर 79.23 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति की उम्मीद के बीच बाजार सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। इसमें बैंकिंग, उपयोगिता एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,859.07 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीद की थी। यूरोप के बाजार मिले जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे।

रुपया 34 पैसे टूटकर 94.67 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 34 पैसे कमजोर होकर 94.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी बाज़ार में अमेरिकी मुद्रा की मज़बूती के कारण रुपये पर दबाव है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये में उतार-चढ़ाव बना रहा। स्थिर ऋण एवं जमा प्रवाह ने घरेलू मुद्रा को सहारा दिया, जबकि पश्चिम एशिया की अनिश्चित स्थिति तथा मजबूत डॉलर ने इसे दबाव में डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.42 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले भाव से नौ पैसे की गिरावट है। हालांकि, शुरुआती कारोबार में यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.24 से 94.76 के स्तर तक पहुंचा। अंत में रुपया 94.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 34 पैसे कम था। रुपया शुक्रवार को सात पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.33 पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 100.88 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा बाजार भाव 1.75 प्रतिशत गिरावट के साथ 79.16 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाज़ारों में सेंसेक्स 291.17 अंक चढ़कर 77,094.07 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 89.80 अंक बढ़त के साथ 24,102.90 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को शुद्ध लिवाल रहे थे और उन्होंने 4,859.07 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

छुट्टियों के दौरान बढ़ती यात्रा बुकिंग के दबाव से साइबर हमलों में इजाफा

नयी दिल्ली। छुट्टियों के दौरान यात्रा बुकिंग की मांग बढ़ने का फायदा उठाने के लिए साइबर अपराधी भारत के यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र को बड़े पैमाने पर निशाना बना रहे हैं। इन संस्थानों को वैश्विक औसत की तुलना में काफी अधिक संख्या में साइबर हमलों का सामना करना पड़ रह हैं। एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

पिछले छह महीनों के दौरान भारत में संगठनों को प्रति सप्ताह औसतन 3,296 साइबर हमलों का सामना करना पड़ा, जबकि वैश्विक औसत 2,085 हमले प्रति सप्ताह रहा। मई 2026 में आतिथ्य, यात्रा और मनोरंजन क्षेत्र के प्रत्येक संस्थान पर औसतन 2,291 साप्ताहिक साइबर हमले दर्ज किए गए, जो एक वर्ष पहले की तुलना में 24 प्रतिशत अधिक हैं। इसके विपरीत, सभी क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर साइबर हमलों में वार्षिक वृद्धि मात्र दो प्रतिशत रही। भारत में खतरा और अधिक गंभीर है, क्योंकि पिछले एक महीने में पाई गई 86 प्रतिशत खतरनाक फाइल डिजिटल माध्यमों से भेजी गईं। इससे स्पष्ट होता है कि फर्जी यात्रा वेबसाइट, नकली बुकिंग मंच और भ्रामक ऑनलाइन विज्ञापन यात्रियों को ठगने के लिए साइबर अपराधियों के सबसे प्रभावी हथियार बन चुके हैं। मई, 2026 में यात्रा से जुड़े 47,318 नए डोमेन (इंटरनेट पते) पंजीकृत किए गए।

आधार मोबाइल ऐप पांच माह में 3.1 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड

नयी दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की तरफ से पेश नए आधार मोबाइल ऐप को पांच माह के भीतर ही 3.1 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस ऐप के माध्यम से करीब 40 लाख उपयोगकर्ताओं ने अपने मोबाइल नंबर को अद्यतन किया है, जबकि लगभग 8.5 लाख लोगों ने पते में संशोधन की सुविधा का उपयोग किया है। प्राधिकरण ने कहा कि पांच महीने पहले पेश किए गए इस ऐप को देशभर में तेजी से स्वीकृति मिल रही है और इसका बढ़ता उपयोग इस पर लोगों के बढ़ते भरोसा जताता है। यह नया आधार ऐप स्मार्टफोन के जरिये मोबाइल नंबर और पते को अद्यतन करने समेत कई सेवाएं उपलब्ध कराता है।

इसमें मौजूद क्यूआर कोड के माध्यम से संपर्क विवरण डिजिटल रूप से साझा करने की सुविधा भी है, जिससे विजिटिंग कार्ड रखने की जरूरत खत्म हो जाती है। बयान के मुताबिक, ऐप में एक क्लिक के जरिये बायोमेट्रिक लॉकाअनलॉक, उपस्थिति प्रमाण के लिए चेहरा सत्यापन, प्रमाणीकरण इतिहास और क्यूआर आधारित संपादन योग्य कार्ड जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके साथ ही, उपयोगकर्ता ई-आधार डाउनलोड कर सकते हैं और आधार सेवा केंद्रों में जाने के लिए ऑनलाइन समय भी ले सकते हैं। नए ऐप के जरिये होटल में चेक-इन के दौरान होटल के क्यूआर कोड को स्कैन कर आधार की भौतिक प्रति दिए बगैर भी सत्यापन किया जा सकता है। प्राधिकरण ने कहा कि यह ऐप अस्पताल में भर्ती, आगंतुकों के प्रबंधन, आयोजनों में प्रवेश और अस्थायी कामगार (गिग वर्कर) एवं सेवा साझेदारों की पहचान सत्यापन जैसे कई उपयोग मामलों में मददगार है।

पेट्रोल-डीजल मार्जिन पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर से पार

नयी दिल्ली। सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लाभ में सुधार की उम्मीद है। इसका कारण कच्चे तेल की घटती कीमतों से ईंधन विपणन मार्जिन में होने वाला सुधार है। हालांकि, बढ़ते कर्ज और ईंधन कर को लेकर अनिश्चितता इस क्षेत्र की लंबी अवधि की कमाई की संभावनाओं को सीमित कर सकती है। जेपी मॉर्गन की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी रिफाइनरियों और खुदरा ईंधन विक्रेताओं के पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर संयुक्त मार्जिन अब हाल के पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले के स्तर से ऊपर है। इसका कारण कच्चे तेल की कम कीमतें और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से वैश्विक तेल की कीमतों में उछाल आया, लेकिन देश में पेट्रोल पंप पर ईंधन की खुदरा कीमतें काफी हद तक स्थिर रहीं। इसमें वृद्धि जरूरी बढ़ोतरी के मुकाबले बहुत कम रही। मई में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 7.50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी के बाद भी, पेट्रोल पंप पर ईंधन के दाम लागत से कम थे। पेट्रोल और डीजल पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के संयुक्त मार्जिन के लिए हमारे अनुमान अब युद्ध-पूर्व स्तर से अधिक हैं। एलपीजी पर नुकसान अब भी अधिक है, लेकिन जल्द ही तेल की कीमतों के साथ इसमें भी कमी आनी चाहिए।

पश्चिम बंगाल बजटः वित्तीय अनुशासन के बीच बनाया संतुलन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने 2026-27 के लिए राज्य का 4.38 लाख करोड़ रुपये का बजट सोमवार को पेश किया। तृणमूल कांग्रेस सरकार ने फरवरी में 4.06 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट (वोट-ऑन-अकाउंट) पेश किया था।

मई में सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का यह पहला पूर्ण बजट है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को 15 वर्ष तक सत्ता में रहने के बाद हाल ही में संपन्न चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा सरकार ने अपने पहले बजट में कल्याणकारी योजनाओं की निरंतरता को राजनीतिक एवं प्रशासनिक पुनर्संरचना के साथ जोड़ने का प्रयास किया। इसमें एक लाख सरकारी रिक्तियां भरने और महंगाई भत्ते में 20 प्रतिशत की वृद्धि का वादा किया गया, साथ ही राजकोषीय अनुशासन की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। दासगुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) को एक अक्टूबर से 20 प्रतिशत बढ़ाकर 38 प्रतिशत किया जाएगा। इस कदम से राज्य सरकार के कर्मचारियों को मिलने वाले डीए और उनके केंद्र सरकार के कर्मचारियों को मिलने वाले भत्ते में अंतर कम होकर 22 प्रतिशत रह गया है। यह एक राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण घोषणा है, क्योंकि पिछली सरकार के दौरान इस मुद्दे पर सरकारी कर्मचारी लंबे समय से आंदोलन कर रहे थे। वित्त मंत्री स्वपन दासगुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार को पिछली सरकार से 8.15 लाख करोड़ रुपये का कर्ज विरासत में मिला है। उन्होंने कहा कि राजकोषीय अनुशासन तथा राजकाज में जनता का विश्वास बहाल करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा। भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासनिक ढांचे का निर्माण हमारे दृष्टिकोण का प्रमुख आधार है। हमें राजकाज में लोगों का भरोसा फिर से कायम करना होगा। उन्होंने घोषणा की कि पुलिस में 20,000 पद और स्कूलों में 50,000 शिक्षण एवं गैर-शिक्षण पद सहित एक लाख रिक्तियां चरणबद्ध तरीके से भरी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि 33 प्रतिशत नौकरियां महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, जबकि जहां लागू होगा वहां अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। सरकारी भर्तियों के लिए अधिकतम आयु सीमा, जिसे पहले ही पांच वर्ष तक बढ़ाया गया है, अगले दो वर्षों तक जारी रहेगी। दासगुप्ता ने कहा कि सभी मौजूदा सामाजिक कल्याण योजनाएं जारी रहेंगी। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के सबसे कमजोर वर्गों तक पहुंचे। जहां आवश्यकता होगी, वहां आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

भारत के संरचनात्मक सुधारों के लिए विश्व बैंक ने 1.5 अरब डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दी

नयी दिल्ली, 22 जून (भाषा) विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने निजी क्षेत्र आधारित रोजगार सृजन और आर्थिक वृद्धि को तेज करने के उद्देश्य से भारत के संरचनात्मक सुधारों के समर्थन के लिए 1.5 अरब डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दी है।

यह वित्तपोषण निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा कार्यक्रम के तहत दिया जा रहा है। इससे अगले दो दशकों में कार्यबल में शामिल होने वाले करीब 1.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार अवसरों के सृजन में मदद मिलने की उम्मीद है।

विश्व बैंक ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि यह कार्यक्रम हाल के वर्षों में किए गए सुधारों पर आधारित है, जिनमें कर प्रणाली का सरलीकरण,

व्यापार एकीकरण, नियामकीय बदलाव और कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के उपाय शामिल हैं। विकास नीति वित्तपोषण के तहत उद्यमिता में बाधाओं को कम करने, खासकर महिलाओं की श्रम भागीदारी बढ़ाने, व्यापार और निवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाने तथा व्यवसायों के लिए पूंजी तक पहुंच बेहतर करने की पहल को समर्थन दिया जाएगा। सरकार ने नवंबर, 2025 में 29 श्रम कानूनों को मिलाकर चार व्यापक श्रम संहिताएं लागू की थीं। इसका उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना, पुराने प्रावधानों का आधुनिकीकरण और कारोबार के लिए अधिक प्रभावी ढांचा तैयार करने के साथ श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा भी सुनिश्चित करना है। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत निजी पूंजी को आकर्षित करने और रोजगार सृजन के लिए अपने सुधार एजेंडा पर अच्छी गति से आगे बढ़ रहा है। डीपीएफ कार्यक्रम विश्व बैंक समूह की निजी क्षेत्र इकाई अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम के हालिया निवेशों के पूरक के रूप में भी काम करेगा, जो एमएसएमई और वंचित समुदायों, खासकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की महिलाओं के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ाने पर केंद्रित हैं।

पेज एक का शेष

लखनऊ में

कि बचाव दल ने इस घटना में घायल कुल 22 लोगों को केजीएमयू पहुंचाया, जिनमें से 15 को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल द्वारा जारी सूची के अनुसार हादसे में मरने वालों की शिनाख्त सागर, नीलेश, अनामिका, संयम, अनुछा, सुखमणि, आदित्य श्रीवास्तव, ज्योति, भविष्य, अब्दुल रहमान, सूरज शाह, शाहजान, जयनिल चक्रवर्ती, मोहम्मद अम्मार और सुमाल्या के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि हादसे में नौ लोग घायल हुए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। केजीएमयू की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने ट्रामा सेंटर में संवाददाताओं को बताया कि शवों का पंचनामा करके पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान की निगरानी की।

मुख्यमंत्री अलीगढ का दौरा बीच में ही छोड़कर लखनऊ लौटे और घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। वह अस्पताल भी पहुंचे और घायल पीड़ितों से मुलाकात करके संवेदना प्रकट की।

अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री शाम करीब छह बजकर 15 मिनट पर घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे का शिकार हुई तीन मंजिला इमारत की स्थिति का जायजा लिया और इमारत की ऊपरी मंजिलों का दौरा भी किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ थे। अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल का मुआयना करने के बाद आदित्यनाथ केजीएमयू पहुंचे और दुर्घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात करके उनका हाल जाना और उन्हें भरोसा दिलाया कि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन और अधिकारियों को पीड़ितों का हर संभव बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों के मुताबिक आदित्यनाथ ने पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव (गृह) को घटनास्थल पर जाकर हालात का जायजा लेने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले की तह में जाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

अलीगंज थाना इलाके में उषा मेहता मार्ग पर स्थित तीन मंजिला वाणिज्यिक इमारत में अपराह्न करीब तीन बजे आग लगी। आग पर काबू पाने के लिए कई दमकल वाहनों और हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म वाली गाड़ी का इस्तेमाल किया गया। पुरनिया बाजार से चंद कदमों की दूरी पर स्थित यह इमारत अलीगंज के पॉश रिहायशी इलाके में है, जहां कोचिंग सेंटर और कैफे स्थित हैं।

स्थानीय भाजपा विधायक नीरज बोरा ने बताया कि हादसे में मरने वाले लोगों में से आधे स्थानीय निवासी थे। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि उनमें से ज़्यादातर लोगों की मौत जलने से नहीं, बल्कि दम घुटने से हुई है। इमारत में बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था और शायद यही वजह है कि यह हादसा इतना बड़ा हो गया। विधायक ने कहा, यह इलाका और जानकीपुरम कोचिंग हब बन गए हैं इसीलिए मैं लगातार इस इलाके के लिए एक फायर स्टेशन की मांग कर रहा था। अधिकारियों के अनुसार बचाव अभियान के दौरान आग में फंसे लोगों को इमारत से बाहर निकाला गया। कुछ लोगों को बॉडी बैग में लाया गया, जबकि कुछ को कंबल में लपेटा गया था और एम्बुलेंस में ले जाते समय वे बेहोश लग रहे थे।

उन्होंने कहा कि शवों और घायल लोगों को बगल की इमारत की छत से बाहर निकाला गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना में लोगों की मौत पर दुख जाहिर करते हुए मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, लखनऊमें अग्नि दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि इस हादसे के पीछे के कारणों की ईमानदारी से जांच हो। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसे हादसों से बचने की कोशिश की जानी चाहिए। बसपा अध्यक्ष मायावती ने भी घटना पर शोक व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊके एक कोचिंग सेंटर में आज दोपहर बाद आग लगने की घटना में अनेक लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने की घटना अति-दुखद है। उन्होंने कहा, इस प्रकार की जानलेवा घटनायें दिल को दहलाने वाली होती हैं तथा कितने ही परिवार की उम्मीदों को बिखेर देती हैं। ऐसी दुखद घटनाओं की रोकथाम के लिये सबको मिलकर सही से काम करने की ज़रूरत है। सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप से काम नहीं चलेगा।

घायलों का हाल

दिया। सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री शाम करीब छह बजकर 15 मिनट पर घटनास्थल पर पहुंचे और उस तीन मंजिला इमारत की स्थिति का जायजा लिया जिसमें यह भीषण आग लगी थी। उन्होंने इमारत की ऊपरी मंजिलों का भी दौरा किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ थे। अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल का मुआयना करने के बाद आदित्यनाथ केजीएमयू पहुंचे और दुर्घटना में घायल हुए लोगों से मुलाकात करके उनका हाल जाना और उन्हें भरोसा दिलाया कि घटना के लिए जिम्मेदार किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन और अधिकारियों को पीड़ितों के लिए हर संभव बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने इस अग्निकांड में मारे गए लोगों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। अस्पताल में मुख्यमंत्री ने एक घायल महिला से बात की जिसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। अधिकारियों के अनुसार अलीगंज की रहने वाली उस महिला ने आदित्यनाथ को बताया कि वह उसी इमारत में काम करती थी। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि महिला के पैर की हड्डी टूट गई है। बयान के अनुसार योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर मौजूद कुछ चश्मदीदों से भी बातचीत की और घटना के बारे में जानकारी ली। लखनऊके अलीगंज इलाके में सोमवार को ऊषा मेहता मार्ग पर स्थित तीन मंजिल की एक व्यावसायिक इमारत में लगी भीषण आग में एक एनिमेशन सेंटर में पढ़ रहे कई छात्रों समेत कुल 15 लोगों की मौत हो गयी तथा सात अन्य जख्मी हो गये।

अमेरिका-ईरान समझौते में अड़चन, कमजोर मानसून से आर्थिक वृद्धि परिदृश्य पर पड़ेगा दबावःआरबीआई

मुंबई। अमेरिका-ईरान शांति समझौते में संभावित व्यवधान और दक्षिण-पश्चिम मानसून की कमजोरी से भारत की आर्थिक वृद्धि एवं मुद्रास्फीति के परिदृश्य पर दबाव पड़ सकता है जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी नाजुक बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक बुलेटिन में सोमवार को यह आशंका जताई गई। जून माह के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति शीर्षक से प्रकाशित लेख में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में अंतरिम शांति समझौता होने के बावजूद भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार से जुड़े गतिरोध कायम हैं। बुलेटिन के मुताबिक, अमेरिका एवं ईरान के बीच अस्थायी समझौते से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब भी कमजोर बना हुआ है। लेख में कहा गया, अगर यह समझौता टूटता है तो महंगाई के अनुमानों में उछाल, ऊर्जा आपूर्ति ढांचे में बाधा, निवेश में देरी, खाद्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं और वित्तीय स्थिरता पर असर जैसे जोखिम फिर से बढ़ सकते हैं, जिससे वृद्धि दर पर भी दबाव आ सकता है। इस चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2025-26 की चौथी तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

अपनों को खोने

ने संवाददाताओं को बताया कि कुछ छात्रों ने तो केबल के सहारे कूदकर जान बचा ली लेकिन कई छात्र बाहर नहीं निकल सके और उनकी झुलसने से मौत हो गयी। उसने बताया, घटनास्थल पर पहुंचे एक अंकल ने बताया कि उनके बेटे ने उन्हें फोन करके बताया था कि कोचिंग सेंटर में आग लग गयी है, मुझे बचा लीजिये। इस पर अंकल यहां आये मगर वह चाहकर भी अपने बेटे को बचा नहीं सकते थे। वह पूरी तरह बेबस थे और रो रहे थे। यह बेबसी सिर्फ एक शख्स की नहीं थी, बल्कि भड़कती आग में अपनों के फंसे होने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचा हर व्यक्ति इसी लाचारी का सामना कर रहा था। एक छात्र ने बताया कि इमारत की छत का रास्ता बंद था जिससे आग में फंसे लोग बाहर नहीं निकल सके। घटनास्थल पर मौजूद धीरज मेहरा ने बताया कि उन्हें अपने साथी आदित्य श्रीवास्तव का फोन आया था। आदित्य इमारत के गेमिंग जोन में थ्रीडी आर्टिस्ट के तौर पर काम करते थे और तीसरी मंजिल पर फंस गए थे। लखनऊके अलीगंज इलाके में सोमवार को ऊषा मेहता मार्ग पर स्थित तीन मंजिल एक व्यावसायिक इमारत में लगी भीषण आग में एक एनिमेशन सेंटर में पढ़ रहे कई छात्रों समेत कुल 15 लोगों की मौत हो गयी तथा सात अन्य जख्मी हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग फैलते ही कई स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे और पुलिस व अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। कुछ लोगों ने इमारत के शीशे तोड़ने की कोशिश की ताकि धुआं बाहर निकल सके और अंदर फंसे लोगों के लिए बाहर निकलने का रास्ता बन सके। कुछ चश्मदीदों ने बताया कि इमारत के भीतर छात्रों को फंसा हुआ देखकर कई लोगों ने मदद की कोशिश की। मौके की कुछ तस्वीरों में एक छात्र को आग की लपटों के बीच इमारत की एक मंजिल से गिरते हुए देखा गया। वह बाहर रखे गद्दे जैसी चीज पर गिरा, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे इलाज मुहैया कराया। आगरा में तैनात और फिलहाल लखनऊ मुख्यालय से जुड़े लांस नायक छवि राम भी घटनास्थल के पास से गुजर रहे थे और जानकारी मिलते ही वह भी बचाव कार्य में शामिल हो गए। छवि राम ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उनके पेशेवर अनुभव को देखते हुए अधिकारियों ने उन्हें बचाव कार्य में शामिल किया। आग बुझाने में जुटे दमकलकर्मियों की मदद के लिये आस-पास की इमारतों में रहने वाले लोग भी आगे आये और उन्हें पानी की बोतलें देते हुए देखा गया। दमकलकर्मी बगल की इमारत में पहुंचे और आग से घिरी इमारत में दाखिल होने के लिये दो रास्ते बनाये।

अलीगढ़ का

जाना पड़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री ने घायलों के उचित इलाज के निर्देश दिये और इस अग्निकांड में अपने अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना भी प्रकट की। आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव (गृह) मौके पर जाकर घटना की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि इस मामले की तह में जाकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर भी घटना पर दुख जताया। उन्होंने लिखा लखनऊ में अग्नि दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

सुथार ने काउंटी में चटकाये 7 विकेट

भारत के स्पिनर मानव सुथार ने समरसेट के खिलाफ इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप मैच में वॉरविकशर के लिए पारी में पांच विकेट सहित मैच में सात विकेट लिए

एजेंसी

टांटन। भारत के उभरते हुए स्पिनर मानव सुथार ने समरसेट के खिलाफ इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप मैच में वॉरविकशर के लिए पारी में पांच विकेट सहित मैच में सात विकेट चटकाए। वॉरविकशर के साथ दो काउंटी मैच खेलने के लिए अनुबंध करने वाले सुथार ने समरसेट की दूसरी पारी में 46.5 ओवर में 100 रन पर पांच विकेट चटकाने सहित मैच में सात विकेट हासिल किए। पहली पारी में सुथार ने 18 ओवर में 50 रन देकर दो विकेट हासिल किए थे। उन्होंने वॉर्कशर के खिलाफ काउंटी क्रिकेट में पदार्पण करते हुए चार विकेट (दोनों पारियों में दो-दो विकेट) लिए थे।

इस महीने की शुरुआत में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करते हुए 10 विकेट हासिल करने वाले सुथार को टेस्ट प्रारूप में भारत का भविष्य माना जा रहा है। उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में अपने संक्षिप्त अभियान का अंत दो मैच में 11 विकेट के साथ किया। टांटन में मौजूदा मैच में समरसेट की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर (23 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 208 रन पर सिमट गई। सुथार ने पहली पारी में दोनों पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट किया। वॉरविकशर ने इसके जवाब में पहली पारी में 330 रन बनाए। सुथार ने 28 रन का योगदान दिया। उन्होंने पहले मैच में भी 33 और 37 रन की पारियां खेली थीं। पिच के बल्लेबाजी के लिए आसान होने पर समरसेट ने दूसरी पारी में 435 रन बनाए। सुथार ने तीन विकेट जल्दी चटकाकर समरसेट का स्कोर छह विकेट पर 148 रन कर दिया था लेकिन टीम वापसी करने में सफल रही। वॉरविकशर को जीत के लिए 314 रन की दरकार है और उसने दो विकेट पर 34 रन बना लिए हैं। वहीं दूसरी ओर महिला टी20 विश्व कप से पहले ही दौर में बाहर होने के बाद मैदान से बाहर की गतिविधियों के लिये पाकिस्तानी टीम और मुख्य कोच वहाब रियाज की जमकर आलोचना हो रही है।

भारत, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद पाकिस्तान पहले दौर से ही बाहर हो गया था। टूर्नामेंट के दौरान टीम की तफरीह की वीडियो सोशलमीडिया पर वायरल होने के बाद आलोचना हो रही है। पूर्व टेस्ट कप्तान राशिद लतीफ ने कहा कि हर कोई महिला क्रिकेट का समर्थन करना चाहता है और करना भी चाहिये लेकिन पाकिस्तानी महिला क्रिकेट आगे बढ़ ही नहीं रहा है। उन्होंने एक पॉडकास्ट में कहा, पाकिस्तान महिला टीम कई साल से खेल रही है और यह हैरानी की बात है कि आईसीसी टूर्नामेंटों में प्रदर्शन में कोई सुधार नहीं है। वीडियो में दिख रहा है कि सीनियर खिलाड़ी आलिया रियाज और उनके पति अली यूनिस के साथ खिलाड़ी रेस्त्रां में डिनर कर रहे हैं। अली पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वकार यूनिस के छोटे भाई हैं। पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और महिला टीम के पूर्व कोच कबीर खान ने कहा, इन खिलाड़ियों को किसी सुविधा या अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर की कमी नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे खिलाड़ी दबाव को झेलने के लिये मानसिक रूप से मजबूत नहीं है।

दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ इस विश्व कप में कम स्कोर वाले मैचों को ही देख लो। उन्होंने कहा, अगर आप लगातार हारते रहे तो पाकिस्तान में महिला क्रिकेट आगे नहीं बढ सकेगा। वहीं दूसरी ओरमहिला खिलाड़ियों के लिये मातृत्व के बाद क्रिकेट में सुरक्षित और सुगम वापसी के लिये आईसीसी ने सोमवार को दिशा निर्देश जारी किये जिसमें वापसी से पहले 16 सप्ताह के विंडो में बच्चा होने के बाद शुरूआती रिकवरी, सुनियोजित अभ्यास और अनुकूलन शामिल होगा। महिला क्रिकेटरों के लिये रिटर्न टू प्ले पोस्ट प्रेगनेंसी गाइडलाइंस (मातृत्व के बाद मैदान पर वापसी के दिशानिर्देश) में छह आर ढांचा बनाया गया है जिसमें रेडी (तैयार), रिव्यू (समीक्षा), रेस्टोर (बहाली), रिकंडीशन (फिर से संगठित होना), रिटर्न (वापसी) और रिफाइन (परिष्कृत) शामिल हैं। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, इसमें जन्म के बाद शुरुआती रिकवरी, चिकित्सा और कल्याण समीक्षायें, सुनियोजित अभ्यास में धीरे धीरे वापसी, क्रिकेट संबंधी अनुकूलन, खेल में वापसी और लगातार मॉनीटरिंग शामिल है। इसमें खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद केस मैनेजर रखने की भी बात की गई है जो डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट होगा।

शुरूआती समीक्षा में एक मां के रूप में जीवन में आये बदलाव से सामंजस्य बिठाने के लिये मनोवैज्ञानिक सहयोग शामिल है। इसके बाद दमखम बढाने के लिये अभ्यास कराया जायेगा। आठ सप्ताह इन समीक्षाओं के बाद खिलाड़ी डॉक्टर या फिजियो की मदद से दौड़ना शुरू करेगी। खिलाड़ी को मैदान पर वापसी की मंजूरी देने से पहले हर तरह के लक्षणों की जांच की जायेगी। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, किसी खिलाड़ी को मातृत्व और देश के लिये शीर्ष स्तर पर खेलने के बीच चयन नहीं करना पड़ा। आईसीसी के ये दिशा निर्देश खेल में सहयोगात्मक और सूचित वातावरण बनाने के लिये अहम कदम है। उन्होंने कहा, जैसे जैसे महिला क्रिकेट दुनिया भर में बढ़ रहा है, यह जरूरी है कि हम खिलाड़ियों की भलाई का ध्यान रखें, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बनाए रखें और मौजूदा और आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ते मजबूत करें।

बुलंद हौसलों के साथ भारतीय महिला हैंडबॉल टीम चीन रवाना

लखनऊ। चीन के जिनझोंग में 24 जून से 4 जुलाई, 2026 तक होने वाली 25वीं आईएचएफ महिला जूनियर (अंडर-20) विश्व हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम सोमवार को नई दिल्ली से रवाना हो गई। यह पहला अवसर है कि जब भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम विश्व चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी। इस चैंपियनशिप के लिए चयनित टीम में उत्तर प्रदेश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सौम्या श्रीवास्तव को भी जगह मिली है।

24 जून से 4 जुलाई तक होगी आईएचएफ महिला जूनियर (अंडर20) विश्व हैंडबॉल चैंपियनशिप

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया (एचएआई) के महासचिव डा. तेजराज सिंह ने बताया कि टीम का विदाई समारोह सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। समारोह में एचएआई के महासचिव डा. तेजराज सिंह, कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पाण्डेय और दिल्ली हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव जसबीर सिंह बिस्ला ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। भारतीय टीम के मुख्य कोच सचिन चौधरी होंगे। एचएआई की अध्यक्ष श्रीमती अलका दास ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम का विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करना देश के लिए गर्व का क्षण है। यह खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की प्रतिबद्धता, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। एचएआई कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि कि अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल सर्किट पर भारत के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है।

मुझे विश्वास है कि इस चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने में सफल होंगी। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए भारतीय टीम को कोई सरकारी वित्तीय सहायता नहीं प्राप्त हुई है। हालांकि पहली बार विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर इतिहास रचने वाली टीम की भागीदारी तय करने के लिए हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया (एचएआई) खिलाड़ियों और अधिकारियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। फिर भी कुछ आकस्मिक खर्च खिलाड़ियों और अधिकारियों को स्वयं वहन करने पड़ेंगे।

इस टीम में चयनित उत्तर प्रदेश की सौम्या श्रीवास्तव पिछले साल थाईलैंड में हुई आईएचएफ ट्रॉफी हैंडबॉल जूनियर बालिका कॉन्टिनेंटल फेज टूर्नामेंट की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम की सदस्य रह चुकी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में स्वर्ण व कांस्य पदक भी जीते हैं। सौम्या श्रीवास्तव वर्तमान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मोहम्मद तौहीद (राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच) से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। भारतीय टीम में उनके चयन पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय व कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों

उत्तर प्रदेश की सौम्या श्रीवास्तव भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम में

ने बधाई देते हुए इसे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया।

भारतीय टीम में चयनित खिलाड़ी सुजाता (दिल्ली), सौम्या श्रीवास्तव (उत्तर प्रदेश), प्रदन्या बालासो माने (महाराष्ट्र), अमृता (हरियाणा), स्वाति (बिहार), शिवानी देवी, मुस्कान, नेहा चौहान, कनिष्का, ऋद्धिमा, गरिमा (सभी हिमाचल प्रदेश), लविशा गहलावत (चंडीगढ़)।

शाहबाज ने राढ़ टाइगर्स को बंगाल लीग का पहला खिताब दिलाया

कोलकाता। कप्तान शाहबाज अहमद ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए नाबाद 88 रन बनाए जिससे श्रची राढ़ टाइगर्स ने सोबिस्को स्मैशर्स मालदा को बारिश से प्रभावित मैच में डकवर्थ लुइस पद्धति से नौ रन से हराकर बंगाल टी20 लीग का अपना पहला खिताब जीता।

टीम इंडिया एईएसएफ पोकेमॉन यूनाईट स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रही

बैंकॉक। भारत एईएसएफ से मान्यता प्राप्त पोकेमॉन यूनाईट एशिया अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एशिया की 11 राष्ट्रीय टीमों के बीच उपविजेता रहा। एशियाई इलेक्ट्रॉनिक खेल महासंघ (एईएसएफ) द्वारा मान्यता प्राप्त इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलिपींस, सिंगापुर, भारत, कजाखस्तान, किर्गिस्तान और नेपाल की राष्ट्रीय टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी टीमों ने सबसे पहले 14 जून को ऑनलाइन क्वालिफिकेशन दौर में मुकाबला किया। टीम इंडिया अपने ग्रुप में शीर्ष पर रही और थाईलैंड के बैंकॉक में रविवार को हुए ग्रैंड फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। कप्तान अदनान मोहम्मद बादशाह की अगुवाई वाली भारतीय टीम में साई कृष्णा नल्लूरी, दीपज्योति लक्ष्मण नाथ, रुद्र नारायण नायक, रुबेन गॉडफ्रे फर्नांडीस और दीपकुमार विपुलभाई पटेल शामिल थे। भारतीय टीम ने पहले दौर में सिंगापुर पर 2-1 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। इसके बाद भारत का सामना अपर ब्रैकेट सेमीफाइनल में जापान से हुआ लेकिन वे हार गए और लोअर ब्रैकेट में चले गए। टीम ने जबरदस्त वापसी करते हुए सिंगापुर को एक बार फिर हराया और फाइनल में जगह बनाई जिससे जापान के साथ दोबारा मुकाबला तय हुआ।

संक्षेप

सीनियर राष्ट्रीय तैराकी में आर्यन और सान्वी सर्वश्रेष्ठ

अहमदाबाद। गुजरात के आर्यन नेहरा और महाराष्ट्र की सान्वी देशवाल को 79वीं सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ तैराक चुना गया। इस चैंपियनशिप में कर्नाटक 334 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन बना। पुरुषों के वर्ग में आर्यन ने तीन स्वर्ण पदक और एक कांस्य पदक जीता। साथ ही उन्होंने दो राष्ट्रीय मीट रिकॉर्ड और एक सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन भी दर्ज किया। सान्वी ने तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता। उन्होंने एक राष्ट्रीय मीट रिकॉर्ड और एक सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन अपने नाम किया। इस चैंपियनशिप में कुल 22 नए रिकॉर्ड बने जिनमें पुरुषों के वर्ग में 10 और महिलाओं के वर्ग में 12 रिकॉर्ड शामिल हैं।

विंबलडन की पूर्व चैंपियन वांद्रोसोवा चार साल के लिए निलंबित

लंदन। विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वांद्रोसोवा को सोमवार को डोपिंग रोधी परीक्षण से इनकार करने के कारण चार साल के लिए निलंबित कर दिया गया। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी ने कहा कि जब परीक्षण एजेंट ने बिना अपनी सही पहचान बताए देर रात उनके दरवाजे की घंटी बजाई तो उन्हें मानसिक तनाव और डर महसूस हुआ। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी ने यह घोषणा करते हुए कहा कि वांद्रोसोवा ने दिसंबर में परीक्षण कराने से इनकार कर दिया था और यह फैसला एक स्वतंत्र पंचाट ने लिया है। वर्ष 2023 में विंबलडन जीतने वाली वांद्रोसोवा उसी साल करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग (नंबर छह) पर पहुंची थी। छब्बीस वर्षीय वांद्रोसोवा ने अप्रैल में एक इंस्टाग्राम पोस्ट में परीक्षण नहीं करवा पाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। वांद्रोसोवा ने कहा था, मेरे लिए इस बारे में बात करना बहुत मुश्किल है लेकिन मैं अपनी मानसिक सेहत के बारे में आप लोगों के साथ खुलकर बात करना चाहती हूं। उन्होंने कहा, हाल ही में डोपिंग नियंत्रण वाली घटना इसलिए हुई क्योंकि महीनों के शारीरिक और मानसिक तनाव के बाद मैं बहुत अधिक परेशान हो गई थी।

अदिति संयुक्त 24वें स्थान पर मियु यामाशिता ने खिताब जीता

एजेंसी

बेलमॉन्ट (अमेरिका)। भारत की अदिति अशोक यहां अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से मायेर एलपीजीए क्लासिक टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहीं। अदिति का टूर्नामेंट में कुल स्कोर आठ अंडर रहा। पूर्व मेजर विजेता मियु यामाशिता ने प्ले ऑफ में लोटी वोड को पछाड़कर खिताब जीता। दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 17 अंडर पर था जिसके बाद मियु ने पहले प्ले ऑफ होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया।

अदिति शुरुआती दो दौर में तीन अंडर 36 के समान स्कोर से शीर्ष 10 में जगह बनाने की दावेदार थीं लेकिन आखिरी दो दौर में 71 के स्कोर से पिछड़ गईं। वहीं दूसरी ओर भारतीय महिला गोल्फरों ने लेडीज यूरोपीय टूर पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक किया जब दीक्षा डागर, अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स ने लेडीज ओपन में शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा और अवनि आठ अंडर 208 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं जबकि प्रणवी ने सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया।

दीक्षा मौजूदा सत्र में चौथी बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं जबकि अवनि ने लगातार दूसरे टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाई। प्रणवी मौजूदा वर्ष में पहली बार शीर्ष पांच में शामिल रहीं। अवनि नौ अंडर के स्कोर से ओंवासिया उतामा के साथ प्ले ऑफ की दौड़ में शामिल थीं लेकिन 17वें होल में बोगी के कारण आठ अंडर के स्कोर पर आ गईं। उतामा ने प्ले ऑफ में नॉर्वे की डोर्थिया फोरब्रिड को पछाड़कर खिताब जीता।

दीक्षा और अवनि आठ अंडर 208 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं जबकि प्रणवी ने सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवां स्थान हासिल किया। दीक्षा मौजूदा सत्र में चौथी बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं जबकि अवनि ने लगातार दूसरे टूर्नामेंट में शीर्ष पांच में जगह बनाई।

प्रीतम ने 10 मीटर एयर राइफल में जूनियर विश्व खिताब जीता

एजेंसी

सुहल (जर्मनी)। भारत के युवा निशानेबाज प्रीतम कंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए रविवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं।

अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफेई एलेनिकोव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलवाया। पुणे के इस निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी। प्रीतम ने कहा, मैं स्वर्ण पदक जीत कर बेहद खुश हूं। प्रतियोगिता के दौरान मेरा पूरा ध्यान अपनी तकनीक और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था। उन्होंने कहा, विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए लगातार पदक जीतना चाहता हूं। प्रीतम और उनके साथी पीयूष शर्मा क्वालीफाइंग राउंड में क्रमशः 628.2 और 629.0 का स्कोर बनाकर क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे। प्रीतम दूसरी सीरीज के बाद छठे स्थान पर थे, जबकि पीयूष ने बढ़त बना ली थी। प्रीतम ने हालांकि इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया।

पीयूष ने भी पदक की उम्मीद बनाए रखी थी लेकिन वह चौथे एलिमिनेशन राउंड के बाद शीर्ष तीन में जगह बनाने से सिर्फ 0.1 अंक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। प्रीतम ने इसके बाद भी एकाग्रता बनाए रखी और आखिर में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। भारतीय पुरुष टीम हालांकि रैंकिंग में जगह नहीं बना पाई क्योंकि टीम के तीसरे सदस्य अभिनव साव को अयोग्य घोषित कर दिया गया। उनके उपकरण आईएसएसएफ के मानकों पर खरे नहीं उतरे थे।

बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के टिकट 499 से 5500 के बीच

नयी दिल्ली। भारत में 17 साल बाद 17 से 23 अगस्त के बीच हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के 6000 टिकट 499 से 5500 रुपये के बीच उपलब्ध होंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने सोमवार को घोषणा की कि बुक माय शो इसका आधिकारिक टिकट साझेदार होगा। टिकटों की बिक्री सोमवार से शुरू होगी। टिकट 499 रूपये से उपलब्ध होंगे और छह श्रेणियों में खरीदे जा सकेंगे। निर्धारित समय तक प्रशंसकों को बाकी श्रेणियों के टिकटों पर 15 प्रतिशत छूट भी मिलेगी। प्रीमियर सीटें 5500 के टिकट पर मिलेंगी।

तलवार इंग्लिश ओपन में संयुक्त 12वें स्थान पर रहे

वॉरसेस्टरशर (इंग्लैंड)। भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने मौजूदा साल का भारत के बाहर सर्वश्रेष्ठ नतीजा हासिल किया जब वह यहां इंग्लिश ओपन में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे।

प्रो लीग में पाक पर लय बरकरार रखने उतरेगा भारत

एजेंसी

लंदन। ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ इसी लय को बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगे। उस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी। भारत ने रोटरडम में चार में से दो मैच जीते। उन्होंने रविवार को रोटरडम चरण के आखिरी मैच में मेजबान और दुनिया की दूसरे नंबर की टीम नीदरलैंड को 3-2 से हराया। भारत को दूसरी जीत (3-1) मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ मिली। अन्य दो मैच में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 2-3 जबकि जर्मनी के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य रहा है। टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल इस साल होने वाली दो बड़ी प्रतियोगिताओं एफआईएच विश्व कप और एशियाई खेलों (जो ओलंपिक क्वालीफायर भी है) से पहले अपनी कमियों को सुधारने के लिए कर रहा है।

नौ टीम वाली प्रो लीग तालिका में भारत अभी आठवें नंबर पर है। वे अपने अगले प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आगे हैं जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी अंक हासिल नहीं किया है। भारत का अगला मुकाबला बृहस्पतिवार को इंग्लैंड से होगा और फिर शुक्रवार को वे अपने दूसरे चरण के मैच में फिर से पाकिस्तान का सामना करेंगे। दो जीत और दो हार के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के घरेलू चरण के मुकाबले यूरोपीय चरण में अब तक काफी बेहतर खेल दिखाया है। घरेलू चरण में भारत चार मैच में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाया था।

घरेलू चरण के दौरान भारत ने चार मैच में 19 गोल खाए और सिर्फ पांच गोल किए। इसे देखते हुए भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन यूरोपीय चरण में अपनी टीम के प्रदर्शन से काफी संतुष्ट होंगे जहां उन्होंने बेहतर रैंकिंग वाली टीमों को कड़ी टक्कर दी। लेकिन मंगलवार के मैच में भारतीय खिलाड़ियों को अपनी भावनाओं पर काबू रखना होगा क्योंकि भारत-पाकिस्तान का कोई भी मुकाबला बहुत तनावपूर्ण होता है और दोनों देशों के बीच चल रहे राजनीतिक तनाव को देखते हुए इसमें दोनों देशों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी होती है। कोच फुल्टन के लिए ये सभी मैच विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए एक मजबूत टीम तैयार करने के मकसद से अपने संसाधनों और बेंच स्ट्रेंथ को परखने का एक जरिया हैं। फुल्टन ने कहा, नीदरलैंड चरण में हमने अच्छा प्रदर्शन देखा। हमने तैयारी पर काफी मेहनत की थी और प्रदर्शन में निरंतरता देखकर अच्छा लग रहा है।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर उन्होंने कहा, हमारे लिये यह जरूरी है कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच को बाकी मैचों की तरह ही देखें। यदि ऐसा करते हैं तो नतीजा खुद ब खुद पक्ष में रहेगा। लेकिन मैच के आखिर में गोल खाना भारत के लिए एक समस्या बनी हुई है। नीदरलैंड के खिलाफ 3-1 से आगे होने के बावजूद उन्होंने 59वें मिनट में एक गोल खा लिया जिससे मैच का नतीजा करीबी रहा। हरमनप्रीत, जुगराज सिंह और राजिंदर सिंह जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलना भारत की ताकत रही है लेकिन फुल्टन अपनी अग्रिम पंक्ति से अधिक मैदानी गोल की उम्मीद करेंगे जिसमें मनदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ी शामिल हैं। भारत के सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने मिडफील्ड को बहुत अच्छे से संभाला है लेकिन रक्षापंक्ति को अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। दूसरी ओर पाकिस्तान के लिए प्रो लीग का सत्र बहुत खराब रहा है।

मिस्र ने न्यूजीलैंड को 3-1 से हराया

एजेंसी

वैंकूवर। न्यूजीलैंड के डिफेंडर फिन सुरमन ने मिस्र के खिलाफ विश्व कप में 3-1 से मिली हार में पहला गोल दागकर स्कोरशीट में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बाद में इसे शानदार गोल करार दिया। इस हार के बाद न्यूजीलैंड एक अंक के साथ ग्रुप में सबसे नीचे आ गया है, लेकिन टीम अभी भी नॉकआउट राउंड में पहुंच सकती है। सुरमन के गोल की बदौलत न्यूजीलैंड ने मिस्र के खिलाफ काफी समय तक बढ़त बनाए रखी। साथी डिफेंडर टिम पेन की 15वें मिनट में कॉर्नर किक पर सुरमन ने हेडर से गोल किया। सुरमन ने कहा, मैंने वास्तव में बहुत बड़ी छलांग लगाई। निश्चित रूप से यह शानदार गोल था। मैं इससे काफी खुश हूं। हमने पहले हाफ में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। सुरमन ने बताया कि उनके माता-पिता इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि वह इसको याद रखेंगे और इस पर उन्हें गर्व भी होगा। वहीं दूसरी ओर मोहम्मद सालाह के क्लब करियर का भविष्य अभी तय नहीं है, लेकिन वह मिस्र की टीम के साथ नित नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं और अपने देश की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के करीब पहुंच गए हैं। सालाह ने रविवार रात न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप में 3-1 की जीत में अपना 68वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया जो अब मिस्र के मौजूदा कोच होसाम हसन के करियर रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल कम है। यह विश्व कप में उनका तीसरा गोल था। इससे पहले उन्होंने 2018 में रूस में खेले गए विश्व कप में दो गोल किए थे।

विश्व कप में तीन गोल करने के साथ ही 34 वर्षीय सालाह इस टूर्नामेंट में मिस्र की तरफ से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। सालाह ने लिवरपूल के लिए नौ सत्र तक खेले, जिसमें उन्होंने दो प्रीमियर लीग खिताब जीते। उन्होंने अब यह क्लब छोड़ दिया है और वह अब किस क्लब से जुड़ेंगे, इसको लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। फिलहाल उनका ध्यान विश्व कप में मिस्र की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर टिकी है। वह टीम के कप्तान हैं और उनकी अगुवाई में मिस्र ने विश्व कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। सालाह ने कहा, आज जो हुआ वह हम मिस्रवासियों के लिए ऐतिहासिक है। हम कई टीमों को मैच जीतते हुए देखते हैं, लेकिन हम मिस्रवासियों के लिए ऐसा अक्सर नहीं होता। मिस्र के फुटबॉल इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है।

ईरान-अमेरिका की बातचीत रही सफल

स्विट्जरलैंड में हुई बातचीत में अमेरिका, ईरान 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते के लिए रूपरेखा पर सहमत

इस्लामाबाद/ज्यूरिख। मध्यस्थता करने वाले देशों कतर और पाकिस्तान ने सोमवार को बताया कि स्विट्जरलैंड के बुर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में घंटों चली बातचीत के बाद अमेरिका व ईरान एक रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। इस रूपरेखा का मकसद 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते पर पहुंचना है। उन्होंने इस प्रगति को उत्साहजनक बताया। मध्यस्थों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि बातचीत सकारात्मक और रचनात्मक माहौल में हुई। संयुक्त बयान में कहा गया, आगे की तकनीकी बातचीत के लिए एक तंत्र बनाने सहित उत्साहजनक प्रगति हुई है।

रविवार और सोमवार को स्विट्जरलैंड में लेक ल्यूसर्न समिट में हुई उच्च-स्तरीय बातचीत, उस इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत हुई, जिस पर बृहस्पतिवार को अमेरिका और ईरान ने क्षेत्रीय सुरक्षा और अन्य विवादित मुद्दों पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर किए थे। अमेरिकी दल का नेतृत्व जहां उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने किया, वहीं ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ ने किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने भी बातचीत में हिस्सा लिया और चर्चा को आगे बढ़ाने में मदद की। एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद पहली उच्च स्तरीय समिति बैठक, यानि लेक ल्यूसर्न समिट के समापन पर जारी संयुक्त बयान में मध्यस्थों ने कहा कि ईरान, अमेरिका, पाकिस्तान और कतर के प्रतिनिधियों ने समझौते के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की। इसमें कहा गया है कि एमओयू के आधार पर, पक्ष एक उच्च स्तरीय समिति बनाने पर सहमत हुए हैं, जो मध्यस्थता पर राजनीतिक निगरानी रखेगी। समिति मुख्य वार्ताकारों से नियमित रिपोर्ट प्राप्त करेगी और एमओयू के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने तथा कार्यढांचा के अंतर्गत शामिल मुद्दों पर प्रगति की निगरानी करने के लिए परामर्श, प्रतिबंध और विवाद समाधान तंत्र पर केंद्रित विशेष कार्य समूहों की देखरेख करेगी। संयुक्त बयान में कहा गया है, उच्च स्तरीय समिति 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए एक रूपरेखा पर सहमत हो गई है, जिससे आगे की तकनीकी बातचीत तुरंत शुरू करने की नींव पड़ी है। इसमें यह भी कहा गया है कि एमओयू में बताई गई अवधि के दौरान, घटनाओं और गलतफहमी को रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य से वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवाजाही को आसान बनाने के लिए दोनों पक्षों के बीच एक खास संपर्क माध्यम बनाया गया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कूनो में चीता मित्रों से की बातचीत

श्योपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में चीता मित्रों से बातचीत कर दुनिया के सबसे तेज दौड़ने वाले स्थलीय जीव चीते के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली।

एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति को चीता संरक्षण, उनके व्यवहार और चीतों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट चीता में चीता मित्रों की स्वैच्छिक भूमिका की सराहना की। चीता मित्र विशेष रूप से प्रशिक्षित स्थानीय स्वयंसेवक हैं, जिनमें मुख्य रूप से सहरिया जनजाति के सदस्य शामिल हैं। वे कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दोबारा बसाए गए चीतों के संरक्षण और समुदाय के साथ समन्वय का कार्य करते हैं। अधिकारी ने बताया कि स्वयंसेवकों ने राष्ट्रपति को बताया कि केएनपी से लगे सभी गांवों में चीता मित्र मौजूद हैं और वे लोगों को चीता संरक्षण तथा उनके व्यवहार के बारे में जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को यह भी समझाया जाता है कि चीते स्वाभाविक रूप से मनुष्यों को नुकसान नहीं पहुंचाते। यदि किसी आबादी वाले क्षेत्र या खेत में चीता दिखाई दे तो उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग को तुरंत सूचना दी जानी चाहिए। अधिकारी ने कहा कि भारत में चीतों को दोबारा बसाने के लिए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर सिलोरी, हथेड़ी, सेसईपुरा, पालपुर, पारा, कराहल और मोरावन गांवों के चीता मित्र मौजूद थे इस दौरान वन विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बलप्रमुख) शुभरंजन सेन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने रविवार को कूनो राष्ट्रीय उद्यान का दौरा किया। उन्होंने चीता कमान एवं नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण किया और चीतों की निगरानी तथा ट्रैकिंग व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने प्रोजेक्ट चीता की प्रगति को दर्शाने वाली प्रदर्शनी भी देखी।

संक्षेप

खरगे, राहुल ने लखनऊ में आग की घटना में कई छात्रों की मौत पर दुख जताया

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लखनऊ के एक कोचिंग सेटर में आग लगने के कारण कई छात्रों की मौत पर सोमवार को दुख जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग लगने की दुखद घटना में कई लोगों की जान चली गई है, जो बेहद पीड़ादायक व हृदयविदारक है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। कांग्रेस पार्टी सभी शोकसंतप्त परिवारों व घायलों के साथ है। मैं दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा घायलों के शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पीड़ितों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा व राहत प्रदान की जानी चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, लखनऊके कोचिंग सेंटर में आग लगने के हादसे में कई लोगों की मृत्यु और कई अन्य के घायल होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने ईरान के सुरक्षा अधिकारी से मुलाकात की

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने सोमवार को ईरान के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी कादिर निजामपुर के साथ पश्चिम एशिया के सुरक्षा परिदृश्य समेत विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की।

ईरान की शक्तिशाली सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) में रक्षा मामलों के उप सचिव निजामपुर ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आए हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कहा, दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ब्रिक्स के तहत एक दूसरे को दिए जा रहे सहयोग और भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा की। अमेरिका के साथ शांति समझौता होने के बाद ईरान के किसी वरिष्ठ अधिकारी की यह पहली भारत यात्रा है। ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मंगलवार को क्षेत्र के सुरक्षा परिदृष्य पर गहन चर्चा करेंगे। सम्मेलन औपचारिक रूप से सोमवार को शुरु हुआ है।

शिवसेना (उबाठा) के 6 बागी सांसद शिवसेना में शामिल, शिंदे ने ऑपरेशन टाइगर को बताया सफल

मुंबई। शिवसेना (उबाठा) के सभी छह बागी लोकसभा सदस्य सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ शिवसेना में शामिल हो गए, जिससे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी में औपचारिक रूप से विभाजन हो गया। नयी दिल्ली में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की संसदीय दल की एक अहम बैठक में शामिल न होने के पांच दिन बाद, शिंदे और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में एक कार्यक्रम में बागी सांसद शिवसेना में शामिल हुए। शिवसेना (उबाठा) संसदीय दल की बैठक में केवल तीन लोकसभा सदस्य शामिल हुए थे।

पाला बदलने वाले शिवसेना (उबाठा) के लोकसभा सदस्य हैंः संजय देशमुख (यवतमाल), संजय जाधव (परभणी), संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर पूर्व), नागेश पाटिल-आष्टीकर (हिंगोली), ओमप्रकाश राजे निंबालकर (धाराशिव) और भाऊसाहेब वाकचौरे (शिरडी)। उन्होंने 2024 के आम चुनावों में भाजपा और शिवसेना के उम्मीदवारों को हराया था। शिवसेना (उबाठा) ने 2024 के आम चुनाव में महाराष्ट्र में नौ लोकसभा सीटें जीती थीं। ये लोकसभा सदस्य अब उस असली शिवसेना में शामिल हो गए हैं, जो दिवंगत बालासाहेब ठाकरे की सीख का पालन करती है। चार साल पहले मैंने एक कड़ा कदम उठाया था और अब मैंने छक्का मारा है (यह उन सांसदों की संख्या की ओर इशारा है, जिन्होंने पाला बदला है)। मैंने पहले (जून 2022 में शिवसेना में विभाजन) दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के सिद्धांतों और शिवसेना को बचाने के लिए ऐसा किया था।

जयशंकर ने की प्रगति की समीक्षा

उलानबातर। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को मंगोलियाई विदेश मंत्री बैटसेटसेग बटमुंख से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच विकास परियोजनाओं, क्षमता निर्माण, सुरक्षा एवं बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। अपनी दो देशों की यात्रा के पहले चरण में उलानबातर पहुंचे जयशंकर ने मंगोलियाई विदेश मंत्री से मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जतायी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, हमारी चर्चाओं में हमारे रणनीतिक साझेदारी की गर्मजोशी, मजबूती और संभावनाओं की झलक मिली। हमने विकास परियोजनाओं, क्षमता निर्माण, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग की प्रगति की समीक्षा की।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

''तृतीय पुण्यतिथि''
श्री कौशल किशोर त्रिवेदी जी
जन्मतिथि : 26 दिसम्बर 1946, पुण्यतिथि : 22 जून 2023
आपकी मधुर स्मृतियां पथ प्रदर्शक हैं । आपसे मिला स्नेह हमारी धरोहर है ।
आपके आदर्श मार्गदर्शक हैं और आपके आशीर्वचन प्रेरणा के स्रोत ।
आपका स्नेहाशीष पहले से कहीं ज्यादा अनुभव करते हैं ।
''आप सदैव साथ हैं''
-: विनयावनत् :-
निशांक-शैली | विमला त्रिवेदी | शशांक त्रिवेदी
आशुतोष-आभा | विधायक
डॉ. निखिल त्रिवेदी | सौम्या त्रिवेदी
डॉ. यशोवर्धन, शौर्यवर्धन, नंदिका, अवंतिका, अंबालिका, अनन्या
एवं समस्त परिवार
निवास : ब्रह्मावली, महोली, सीतापुर

स्टॉर्मरः भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में अहम भूमिका निभायी

लंदन। ब्रिटेन में वर्ष 2024 की जुलाई में भारी जीत के साथ प्रधानमंत्री चुने गए मानवाधिकार मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता केअर स्टॉर्मर ने भारत के साथ बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिलाने का वादा किया था। सोमवार की सुबह लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की सीढ़ियों से अपने इस्तीफे की घोषणा करने से कुछ दिन पहले ही, उन्होंने फ्रांस में जी-सात शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी जहां दोनों नेताओं ने एफटीए को लागू करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की थी।

अब जब भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) लागू होने वाला है (जिससे दोनों देशों के बीच 48 अरब पाउंड के व्यापारिक रिश्ते को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है) तब ब्रिटेन को नया नेता मिल जाने की उम्मीद है। पिछले साल अक्टूबर में मुंबई दौरे के दौरान स्टॉर्मर ने कहा था, यह सिर्फ कागज का एक टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह विकास के लिए एक लांच पैड (प्रस्थान बिन्दु) है। वर्ष 2028 तक भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और उनके साथ व्यापार के तेज और सस्ता होने के साथ, ऐसे कई बेमिसाल मौके हैं जिनका फायदा उठाया जा सकता है। केअर स्टॉर्मर को ब्रिटेन का प्रधानमंत्री इसलिए चुना गया था ताकि वे एक सुरक्षित और विश्वसनीय नेतृत्व प्रदान कर सकें, जो कंजर्वेटिव पार्टी के शासनकाल के दौरान रहे सालों के राजनीतिक गतिरोध और अराजकता को समाप्त कर सके। हालांकि, उनका कार्यकाल दो साल से भी कम समय में समाप्त हो रहा है। इसके पीछे कई गलतियां, पार्टी की भीतरी कलह और फैसले लेने में एक ऐसी भारी चूक रही, जिसने अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें जेफरी एपस्टीन से जुड़े घोटालों में उलझा दिया।

जबकि वह कभी एपस्टीन से मिले भी नहीं थे और जिसके यौन अपराधों में उनकी कोई संलिप्तता नहीं थी। सोमवार को स्टॉर्मर ने एक भावनात्मक बयान में कहा कि वह सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के नेता का पद छोड़ रहे हैं, हालांकि आगामी दिनों में लेबर पार्टी का नया नेता चुने जाने तक वह कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहेंगे। उन्होंने कहा, मेरी पार्टी अब यह सवाल पूछ रही है कि क्या मैं अगले आम चुनाव में हमारा नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हूं या नहीं। मैंने इस सवाल पर अपने संसदीय दल का जवाब सुन लिया है, और मैं उस जवाब को पूरे सम्मान के साथ स्वीकार करता हूं। मैनचेस्टर विश्वविद्यलय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर रॉब फोर्ड ने कहा कि स्टॉर्मर का यूएसपी (मुख्य खासियत) यह था कि अब कोई नाटकीय राजनीति नहीं होगी।

इंटरटेनमेंट...

पुष्पा-2 भगदड़ मामला, सुनवाई स्थगित

मुंबई। हैदराबाद के संध्या थिएटर हादसे के मामले में नामपल्ली कोर्ट ने एक्टर अल्लू अर्जुन पर सुनवाई स्थगित कर दी है। एक्टर सोमवार को कोर्ट में वर्चुअली पेश हुए। हालांकि कोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए समन जारी किया था। लेकिन अल्लू अर्जुन की लीगल टीम ने मुंबई में फिल्म की शूटिंग चलने के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ने की अनुमति मांगी थी। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट में अल्लू अर्जुन को आरोपी नंबर 11 बनाया है। दिसंबर 2024 में 'पुष्पा 2' के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। कोर्ट ने भीड़ प्रबंधन में लापरवाही और सुरक्षा फेल होने के इस मामले की सुनवाई के लिए अभिनेता समेत अन्य आरोपियों को 22 जून को खुद हाजिर होने का आदेश दिया था। चार्जशीट में आरोपी नंबर 11 बने अल्लू अर्जुन पुलिस ने इस हादसे को लेकर कोर्ट में एक विस्तृत चार्जशीट दाखिल की है। अठक की रिपोर्ट के मुताबिक, इस चार्जशीट में कुल 23 लोगों को नामजद किया गया है। इसमें संध्या थिएटर के मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को आरोपी नंबर 1 से 10 (अ1 से अ10) बनाया गया है, जबकि अल्लू अर्जुन को आरोपी नंबर 11 (अ11) के रूप में लिस्ट किया गया है।

❍ कोर्ट ने भेजा था समन, चार्जशीट में आरोपी नंबर 11 बनाया; महिला की हुई थी मौत

कोर्ट ने मामले में आगे बढ़ते हुए 19 आरोपियों को नोटिस जारी किया है और उन्हें अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। दिसंबर 2024 में हुआ था हादसा यह पूरा मामला 4 दिसंबर 2024 का है। उस समय हैदराबाद के संध्या थिएटर में फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज के मौके पर एक बेनिफिट शो का आयोजन किया गया था। इस शो के दौरान थिएटर परिसर में क्षमता से अधिक लोग जमा हो गए थे। स्थिति अनियंत्रित होने की वजह से वहां भारी भगदड़ मच गई। इस हादसे में रेवती नाम की एक महिला की जान चली गई थी, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था।

नेटफ्लिक्स पर आयेगा समय रैना का विवादित शो

मुंबई। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स अपने कंटेंट को लेकर एक बार फिर विवादों में घिर सकता है। नेटफ्लिक्स ने स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के साथ एक नए कोलैबरेशन की घोषणा की है, जिसके तहत उनके बेहद विवादित माने जाने वाले शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के दूसरे सीजन को प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है। अनफिल्टर्ड और कई बार संवेदनशील मुद्दों का मजाक उड़ाने के लिए आलोचना झेलने वाले समय रैना का यह शो 20 जून से स्ट्रीम होगा। नेटफ्लिक्स द्वारा इस तरह के विवादित शो को प्रमोट करने के फैसले पर आने वाले दिनों में सवाल उठ सकते हैं।

❍ फ्लॉप शोज के बीच क्या अस्तित्व बचाने के लिए विवादित शोज का सहारा; लॉकअप-2 जैसे शो ला चुका

इससे पहले इस प्लेटफॉर्म पर 'लॉकअप 2' जैसे विवादित शो भी 27 जून से प्रीमियर होने वाला है। स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना का विवादित शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' का सीजन-1 विवादों के चलते बंद किया गया था। तब इस शो में पेरेंट्स पर की गई टिप्पणी कि देशभर में आलोचना हुई थी। अब नेटफ्लिक्स जैसे प्लेटफॉर्म द्वारा इसे प्रमोट करने से इस तरह के अनफिल्टर्ड कंटेंट को और बढ़ावा मिलने की आशंका जताई जा रही है। भारतीय ओटीटी बाजार में लगातार फ्लॉप शो देने के बाद नेटफ्लिक्स अब अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए विवादित कंटेंट का सहारा ले रहा है।

रणबीर-आलिया की फिल्म 'लव एंड वॉर' के सेट पर हादसा

मुंबई। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल की आने वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' के सेट पर बड़ा हादसा हुआ है। मुंबई की फिल्म सिटी के रॉयल पंप स्टूडियो में शॉर्ट सर्किट के कारण 42 वर्षीय कारपेंटर चंद्रधारी सिंह यादव की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के समय सेट पर एक्ट्रेस आलिया भट्ट शूटिंग कर रही थीं।

❍ कारपेंटर की करंट लगने से मौत हादसे के वक्त सेट पर थीं आलिया भट्ट

फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने भंसाली प्रोडक्शंस की तरफ से घोषित 40 लाख रुपए के मुआवजे को बढ़ाकर 50 लाख रुपए करने की मांग की है ताकि मृतक के बच्चों की पढ़ाई सुरक्षित हो सके। इस फिल्म का डायरेक्शन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। लगातार 20 घंटे काम करने का दावा एफडब्ल्यूआईसीई के जनरल सेक्रेटरी अशोक दुबे ने इस घटना के बाद वर्कर्स के काम के घंटों पर सवाल उठाए हैं। चंद्रधारी सिंह यादव हादसे से पहले लगातार तीन दिनों से बेहद कड़े शेड्यूल में काम कर रहे थे। वे सुबह 7 बजे से अगले दिन सुबह 3 बजे तक ड्यूटी पर थे। फेडरेशन का कहना है।

कॉमेडी फिल्मों में अक्षय ने बनाये हैं रिकॉर्ड

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार जल्द फिल्म वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगे। फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। गौरतलब है कि अक्षय पिछले दो दशकों में कई कॉमेडी फिल्मों में नजर आए हैं। कॉमेडी फिल्मों में उनकी पहचान साल 2000 में रिलीज हुई हेरा फेरी से मिली।

प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके साथ सुनील शेट्टी और परेश रावल भी थे। करीब 7.5 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में करीब 21 करोड़ रुपए का बिजनेस किया और बाद में कल्ट क्लासिक बनी। फिल्म के बाद अक्षय की इमेज एक्शन हीरो के साथ-साथ कॉमेडी एक्टर के रूप में भी स्थापित हुई। इसके बाद वह आवारा पागल दीवाना, मुझसे शादी करोगी, गरम मसाला और दीवाने हुए पागल जैसी कॉमेडी फिल्मों में नजर आए। वहीं, फिल्म गरम मसाला के लिए उन्हें फिल्मफेयर का बेस्ट एक्टर इन कॉमिक रोल अवॉर्ड मिला था। आज भी फिल्म के सीन के मीम सोशल मीडिया पर खूब बनाए जाते हैं। फिर वह फिर हेरा फेरी, भागम भाग, हे बेबी, वेलकम, भूल भुलैया, दे दना दन और खट्टा मीठा में नजर आए, जिनमें अक्षय की कॉमिक टाइमिंग और एक्टिंग लोगों को बहुत पसंद आई। 2010 में शुरू हुई हाउसफुल फ्रेंचाइजी ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। इस सीरीज ने दुनियाभर में 1089 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस किया। हाउसफुल (2010) ने दुनियाभर में 124 करोड़ रुपए, हाउसफुल 2 (2012) ने 186 करोड़ रुपए, हाउसफुल 3 (2016) ने 195 करोड़ रुपए और हाउसफुल 4 (2019) ने 296 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए।

❍ सबसे ज्यादा ? 100 करोड़ क्लब में फिल्में जल्द वेलकम टू द जंगल में दिखेंगे

BABU BANARASI DAS
EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD of ACCREDITATION
BBDNIIT(056)- CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054)- CSE, ECE & IT
12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2026-2027
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI
NEW COURSES
Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI | MBA - AI | IMBA - AI
BBA - Marketing | M.TECH (CSE) - AI
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522-6196300/6196222

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com